पौष शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 9:50 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली, बुधवार, 24 जनवरी 2024
वर्ष 5, अंक 68, पृष्ठ 14
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



2030 तक पर्यटन पर खर्च में चौथा देश होगा भारत 14
आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में भारत का दबदबा 13

## शेयर बाजार धड़ाम, 8 लाख करोड़ की चपत

मुंबई, एजेंसी

**संसेक्स 1,053 अंक टूटा निफ्टी 21,250 से नीचे**

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 1,053 अंक लुढ़क कर 71,000 अंक के नीचे आ गया।

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एसबीआई में बिकवाली से बाजार नीचे आया। कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं रहने को लेकर चिंता के बीच बिकवाली दबाव देखने को मिला। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 450 अंक की बढ़त के साथ खुला। लेकिन बाद में यह 1,053.10 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,370.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नीचे में 70,234.55 अंक तक आया, जबकि ऊंचे में 72,039.20 अंक तक गया। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 330.15 अंक यानी 1.53 प्रतिशत लुढ़क कर 21,241.65 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार की गिरावट के दौरान निवेशकों को करीब आठ लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## यूपीपीसीएस के अंतिम नतीजे घोषित, सिद्धार्थ गुप्ता ने किया टॉप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**प्रयागराज के प्रेमशंकर को दूसरा हरदोई के सात्विक को तीसरा स्थान**

**राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2023 में 251 अभ्यर्थी हुए सफल**

**अमृत विचार :** राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (यूपी पीसीएस) 2023 के अंतिम नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा में 19 प्रकार के पदों के लिए 251 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। देवबंद, सहारनपुर के सिद्धार्थ गुप्ता ने टॉप किया है। जबकि प्रयागराज के प्रेम शंकर पांडेय दूसरे और हरदोई की सात्विक श्रीवास्तव तीसरे स्थान पर रहे। 167 पुरुष और 84 महिला अभ्यर्थी चयनित घोषित किए गए हैं। टॉप 10 में 8 पुरुष दो महिला शामिल हैं। 77 ओबीसी, एससी के 55 और एसटी के दो अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। टॉप 20 अभ्यर्थियों में 13 पुरुष 7 महिला हैं। कुल चयनित अभ्यर्थियों में 68 जिलों का प्रतिनिधित्व हुआ है। पीसीएस 2023 का अंतिम परिणाम आठ


प्रेमशंकर पांडेय


सात्विक श्रीवास्तव

माह 9 दिन में पूरा किया गया है। कुल अभ्यर्थियों में महिलाओं का प्रतिशत 33.46 फीसदी है।

22 दिसंबर 2023 को मेंस परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया था। इंटरव्यू के लिए 451 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए थे। 8 जनवरी से 12 जनवरी के बीच इंटरव्यू आयोजित किए गए। प्रारंभिक परीक्षा में 5 लाख 65 हजार 459 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए थे, जिसमें 3 लाख 45 हजार 22 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। जबकि मुख्य परीक्षा के लिए 4047 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए थे।

### टॉप टेन अभ्यर्थियों में ये भी

चौथे स्थान पर मैनपुरी के शिव प्रताप, पांचवें स्थान पर बहराइच के मनोज कुमार भारती, छठें स्थान पर चित्रकूट के पवन पटेल, सातवें स्थान पर मेरठ की शुभि गुप्ता, आठवें स्थान पर अयोध्या की निधि शुक्ला, नौवें स्थान पर बिहार के बक्सर जिले के हेमंत मिश्रा व दसवें स्थान पर कासगंज के माधव उपाध्याय रहे।

**सफल अभ्यर्थियों को योगी ने दी बधाई:** यूपी पीसीएस परीक्षा-2023 में चयनित अभ्यर्थियों व उनके स्वजन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। उन्होंने गुणधर्मिता, शुचिता और पारदर्शिता के सतत् मानक गढ़ते हुए रिकॉर्ड समय में चयन प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की भी प्रशंसा की। परिणाम आने के बाद योगी कहा कि प्रदेश के 68 जिलों से किसी न किसी अभ्यर्थी ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने जिले-परिवार का मान बढ़ाया है। यह उत्तर प्रदेश में ''सुरक्षा, सुशासन और समान अवसर'' की सुनिश्चितता को प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री ने सफल अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

### मेहनत का कोई विकल्प नहीं : सिद्धार्थ



**बरेली।** टॉपर सिद्धार्थ गुप्ता सहारनपुर जिले के देबवंद कस्बे के रहने वाले हैं। इनके पिता राजेश गुप्ता किराने की दुकान चलाते हैं, जबकि मां अंजना गृहणी हैं। दिल्ली विवि से ग्रेजुएट सिद्धार्थ ने अमृत विचार से बातचीत के दौरान बताया कि उनका ये दूसरा प्रयास था। वे शुरू से ही एसडीएम बनना चाहते थे। पहले प्रयास में सफलता तो मिली लेकिन एसडीएम पद पर चयन नहीं हो पाया। पहले प्रयास में जो कमी रह गयी थी, उससे सबक लेकर दूसरी बार प्रयास किया और टॉप किया। सिद्धार्थ बताते है कि उनके एक दोस्त ने ही पीसीएस टॉप करने की जानकारी दी, पहले तो उनको यकीन ही नहीं हुआ लेकिन जब यकीन हुआ तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कुछ ही देर में सगे संबंधियों और दोस्तों के फोन आने लगे। सिद्धार्थ अपनी सफलता का श्रेय दोस्तों और परिवार को देते हुए कहते हैं कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं हो सकता। उन्होंने पीसीएस की तैयारी के लिए नोट्स खुद तैयार किए और लाइब्रेरी में जाकर पढ़ाई की। सहायता के तौर पर दिल्ली से कोचिंग ली। इसके साथ साथ 8 घंटे रोजना तैयारी में समय दिया।







# 5 लाख रामभक्त पहुंचे, योगी ने संभाली कमान

अयोध्या कार्यालय

**प्रमुख सचिव गृह, डीजी कानून-व्यवस्था को भेजा, फिर खुद अयोध्या पहुंचे योगी**

**श्रद्धालुओं से मुख्यमंत्री ने की अपील, संयम बरतें सहयोग करें, सबको दर्शन देंगे रामलला**

**अमृत विचार :** श्रीरामलला के बालरूप विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के अगले दिन अयोध्या में उमड़े लाखों श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राउंड जीरो पर खुद कमान संभाल ली है।


मंगलवार को प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार को भेजने के बाद अचानक अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री ने पहले हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। फिर स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत के लिए आवश्यक इंतजाम करने के लिए दिशा-निर्देश दिया। इसके बाद श्री रामजन्मभूमि मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री ने मंदिर न्यास के पदाधिकारियों के साथ दर्शन के लिए उमड़ रहे अपार जन सैलाब के प्रबंधन, दर्शन-पूजन व्यवस्था को और व्यवस्थित करने पर चर्चा की। इस बीच, मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से संयम और सहयोग की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अयोध्या में उमड़े जनसमुद्र के बीच सबको रामलला के दर्शन हों। इसके लिए संयम बनाये रखें। अत्यधिक भीड़ से दर्शनार्थियों को असुविधा होगी। ऐसे में सभी लोग श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास, स्थानीय पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों का सहयोग करें। उन्होंने कहा है कि सरकार, न्यास और प्रशासन हर रामभक्त को सुविधा से रामलला का दर्शन कराने का प्रयास कर रहा है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलाधिकारी ने आठ स्थानों पर मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए हैं। इन मजिस्ट्रेट को शांति, सुरक्षा, यातायात व लोक व्यवस्था के प्रबंधन के लिए लगाया गया है। श्रद्धालुओं के सुगम व सुरक्षित दर्शन हेतु अयोध्या पुलिस द्वारा सभी ड्यूटी प्वाइंटों पर पुलिस बल तैनात कर रही सतर्कता बरती जा रही है। जनपद के सभी अन्तरजनपदीय बार्डर, बैरियर, चेक प्वाइंट पर पुलिस बल की ड्युटी लगाकर जनपद मे आने वाले सभी संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही है। साथ ही सभी महत्वपूर्ण स्थानों, होटल, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों की जांच की जा रही है। किसी भी तरह के अफवाह को रोकने के सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर भी सतर्क नजर रखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने भीड़ के बीच लगातार आवश्यक सू चनाओं की उद्घोषणा करने के निर्देश भी दिए, साथ ही कहा कि नगर में स्वच्छता की स्थिति बनाए रखी जाए।

### रामलला के दर्शन को अयोध्या में उमड़ी भीड़

**मनुहार कर जगाए गए रामलला** भगवान राम बाल्य स्वरूप में भव्य राम मंदिर में विराजमान हैं। इसलिए पूजा पद्धति में वात्सल्य की भी झलक मिल रही है। मंगलवार सुबह 4.30 बजे उन्हें मंगल आरती और मनुहार के साथ जगाया गया। इसके बाद उन्हें स्नान कराया गया और सुबह 6.30 बजे श्रृंगार आरती हुई। जिसके बाद उनकी सेवा करने के बाद भोग लगाया गया। सुबह सात बजे से गर्भगृह के कपाट दर्शन के लिए खोले गए। रामलला के मंदिर से कुछ दूर पर स्थित हनुमानगढ़ी में भी बजरंगबली के दर्शन के लिए लंबी कतार लगी रही।


प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला दर्शन के लिए मंगलवार को अयोध्या में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● एजेंसी


अयोध्या में मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### रामपथ, धर्म पथ और जन्मभूमि पथ पर तिल रखने की जगह नहीं

अयोध्या में मंगलवार को वही हुआ जो अवश्यम्भावी था। सदियों की प्रतीक्षा के बाद श्रीरामलला सोमवार को अपने नव्य, भव्य, दिव्य मंदिर में विराजमान हुए तो मंगलवार को पौ फटने से पहले ही उनके दर्शन को आतुर लाखों-लाख श्रद्धालु उमड़ पड़े। हाड़ कंपाने वाली ठंड के बावजूद अयोध्या की सड़कों पर आस्था का हुजूम उमड़ पड़ा। धर्मपथ, राम पथ और श्रीरामजन्मभूमि पथ के मार्गों पर तिल रखने की जगह नहीं दिख रही थी। भीड़ के चलते रामलला के कपाट एक घंटे पहले खोले गए। रात 3 बजे से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों में मंदिर के अंदर जाने के लिए होड़ मची। मंदिर के कपाट तो सुबह सात बजे खुले लेकिन रात के दूसरे पहर से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गई। हालांकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत के लिए मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर प्रशासन व पुलिस की टीमें पूरी तरह मुस्तैद थीं। उधर सुबह मंदिर के कपाट खुलने के बाद श्रीरामलला के दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ तो आस्थावानों की संख्या असंख्य होने लगी। दोपहर होते-होते करीब तीन लाख श्रद्धालु प्रभु का बाल रूप निहार कर निहाल हो चुके थे। डीएम नीतीश कुमार के मुताबिक देर शाम तक करीब पांच लाख श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर चुके थे।

### एक नजर

**कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत मिलेगा भारत रत्न**



**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को यह घोषणा की। जननायक के रूप में मशहूर ठाकुर दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और दिसंबर 1977 से अप्रैल 1979 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। उनका 17 फरवरी, 1988 को निधन हो गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर खुशी जताई।

**संसद की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ तैनात**

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दौरान आगंतुकों और उनके सामान की जांच के लिए नई व्यवस्था के तहत संसद परिसर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 140 की कर्मियों की टुकड़ी तैनात की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले महीने संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की थी जिसके बाद सीआईएसएफ की तैनाती को मंजूरी दी गई थी।

## एक अयोध्या मन में लेकर लौटा हूं : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



**प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर साझा किया अनुभव**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना उनके जीवन के सबसे अविस्मरणीय क्षणों में था और वह वहां से एक अयोध्या अपने मन में भी लेकर लौटे हैं जो कभी उनसे दूर नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखे दो पन्नों के एक पत्र में यह बात कही। पत्र की प्रति एक्स पर साझा करते हुए मोदी ने कहा, दो दिन पूर्व मुझे आदरणीय राष्ट्रपति जी का एक बहुत ही प्रेरणादायी पत्र मिला था। मैंने आज अपनी कृतज्ञता पत्र के माध्यम से प्रकट करने का प्रयास किया है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने प्राण प्रतिष्ठा से पहले रविवार को प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देश भर में जश्न का माहौल भारत की शाश्वत आत्मा की एक निर्बाध अभिव्यक्ति और देश के पुनरुत्थान में एक नए चक्र की शुरुआत है। इसके जवाब में मोदी ने लिखा कि अयोध्या धाम में अपने जीवन के सबसे अविस्मरणीय क्षणों का साक्षी बनकर लौटने के बाद मैं आपको यह पत्र लिख रहा हूं। मैं एक अयोध्या अपने मन में भी लेकर लौटा हूं। एक ऐसी अयोध्या, जो कभी मुझसे दूर नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति को उनकी शुभकामनाओं और स्नेह के लिए आभार जताया।

## राहुल समेत कई कांग्रेस नेताओं के खिलाफ केस

गुवाहाटी, एजेंसी

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हिंसा पुलिस से झड़प का मामला**

**बैरिकेड तोड़ने पर मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सरमा ने डीजीपी को दिए थे निर्देश**

असम पुलिस ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ हिंसा में शामिल होने के आरोप में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सरमा ने यह जानकारी दी। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' इस समय असम में है। हिंसा की कथित घटनाएं उस समय हुईं, जब पार्टी समर्थकों और नेताओं ने गुवाहाटी में प्रवेश करने की कोशिश में अवरोधक तोड़ दिए और पुलिसकर्मियों के साथ झड़प की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''कांग्रेस सदस्यों द्वारा हिंसा, उकसावे, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और पुलिसकर्मियों पर हमले के अनियंत्रित कृत्यों



के संदर्भ में आज राहुल गांधी, के सी वेणुगोपाल, कन्हैया कुमार और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

इससे पहले, शर्मा ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को अवरोधक तोड़ने के लिए भीड़ को उकसाने को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया था। जिन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, वे आपराधिक साजिश, गैरकानूनी रूप से एकत्र होने, दंगा करने, लोकसेवक को अपने कर्तव्य का निर्वहन करने से रोकने के लिए आपराधिक बल का प्रयोग करने या हमला करने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और अन्य अपराधों से संबंधित हैं। राहुल गांधी ने कहा कि शर्मा द्वारा उनके खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया जाना इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री के दिल में डर है।

## सीबीआई ने 60 करोड़ रिश्वत लेने के मामले में दर्ज किया केस

नई दिल्ली, एजेंसी

**सात रेलवे अधिकारी और एक निजी कंपनी आरोपी**

सीबीआई ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे में 2016 से 2023 तक की परियोजनाओं में 60 करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के एक मामले में रेलवे के सात कर्मचारियों और निजी कंपनी भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे के वरिष्ठ खंड अभियंता संतोष कुमार के परिसरों पर तलाशी के बाद उन्हें दो करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया था जिसके बाद यह मामला सामने आया। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार तलाशी के दौरान मिली सामग्री से पता चला कि भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने कथित तौर पर रेलवे अधिकारियों को 60 करोड़ रुपये से ज्यादा की रिश्वत दी थी। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान सीबीआई को कंपनी की परियोजनाओं से जुड़े उन अधिकारियों के नामों की सूची भी मिली जिन्होंने कथित रूप से 2016 से 2023 के बीच नकदी में और अपने परिजनों के बैंक खातों में रिश्वत प्राप्त की थी। अधिकारियों के अनुसार निजी कंपनी को उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे से 2016-22 के दौरान छह बड़ी परियोजनाओं का ठेका मिला।

**जेफरीज का दावा** अयोध्या में एक वर्ष के अंदर 5 करोड़ भक्तों के आने की उम्मीद, एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में उप्र को 2024-25 में 25 हजार करोड़ टैक्स मिलने की उम्मीद

## रामनगरी अयोध्या से पीछे होंगे वेटिकन सिटी और मक्का

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्टॉक मार्केट रिसर्च फर्म जेफरीज का दावा है कि अयोध्या धाम श्रद्धालुओं की संख्या के मामले में वेटिकन सिटी और मक्का को भी पीछे छोड़ देगा। वेटिकन सिटी कैथोलिक समुदाय जबकि का सऊदी अरब में मक्का मुस्लिम समुदाय का पवित्र स्थान है। अयोध्या में 5 करोड़ लोगों के आने की संभावना जताई गई है, हालांकि मंदिर खुलते ही पहले दिन छह लाख लोगों के दर्शन से आकलन करें तो, यह आंकड़ा भी छोटा लगता है।

रिपोर्ट के अनुसार स्विटजरलैंड, इटली, फ्रांस, अमेरिका, यूएई आदि ने पर्यटन के बलबूते पर अतुलनीय आर्थिक विकास किया है। अपनी अर्थव्यवस्था को विकसित श्रेणी की बना दिया है। इसी प्रकार अब अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारत भी इस श्रेणी के देशों में शामिल होने जा रहा है और उसकी अर्थव्यवस्था में विकास दर 10 प्रतिशत के पार जा सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक नए हवाई अड्डे, विस्तारित रेलवे स्टेशन, आवासीय योजनाओं और बेहतर सड़क संपर्क जैसी सुविधाओं के लिए अयोध्या पर 10 अरब डॉलर से अधिक खर्च किए गए हैं। इससे शहर में नए होटल खुलेंगे और अन्य आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी।



### अयोध्या धाम की वार्षिक आय में होगी वृद्धि, बढ़ेगा रोजगार

रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ-साथ अयोध्या धाम की वार्षिक आय में भी वृद्धि होगी। अभी देश में आंध्र प्रदेश में स्थित तिरुपति बालाजी से राज्य को 1200 करोड़ की आय होती है, जहां हर वर्ष 2.5 करोड़ श्रद्धालु पहुंचते हैं। वैष्णो देवी में प्रतिवर्ष 80 लाख लोग जाते हैं, जहां से वहां 500 करोड़ रुपये का टूरिज्म बूस्ट मिलता है। वहीं आगरा ताज महल में 70 लाख लोगों के पहुंचने से 100 करोड़, आगरा फोर्ट में 30 लाख लोगों के माध्यम से 27.5 करोड़ रुपये की वार्षिक आय होती है। वेटिकन सिटी और मक्का की बात करें तो मक्का में प्रति वर्ष 2 करोड़ लोग आते हैं, जिससे सऊदी अरब को 12 बिलियन डॉलर की वार्षिक आय होती है, जबकि वेटिकन सिटी में 90 लाख लोग प्रतिवर्ष आते हैं जिनसे 315 मिलियन डॉलर की वार्षिक आय होती है।

**इसलिए बढ़ेंगे पर्यटक :** रिपोर्ट के मुताबिक, अयोध्या में नए हवाईअड्डे का पहला चरण शुरू हो गया है जो 10 लाख यात्रियों को संभाल सकता है। रेलवे स्टेशन को प्रतिदिन 60 हजार यात्रियों को संभालने के लिए विस्तारित किया गया है। वर्तमान में अयोध्या में 590 कमरों वाले करीब 17 होटल हैं। 73 नए होटल तैयार किए जा रहे हैं। इंडियन होटल्स, मैरियट और विंडहैम पहले ही होटल बनाने के लिए समझौते कर चुके हैं। आईटीसी भी अयोध्या में संभावनाएं तलाश रही है। ओयो की योजना अयोध्या में एक हजार कमरे जोड़ने की है। 12 सौ एकड़ की ग्रीनफील्ड टाउनशिप बनाने की योजना चल रही है।

### 25 हजार करोड़ के टैक्स कलेक्शन की संभावना

एसबीआई रिसर्च ने एक रिपोर्ट में दावा किया है कि राम मंदिर और अन्य टूरिज्म सेंट्रिक इनीशिएटिव्स के कारण उत्तर प्रदेश को 2024-25 में 25 हजार करोड़ रुपये टैक्स मिलने की उम्मीद है। अयोध्या अहम फैक्टर होगा। इसके चलते प्रदेश इस वर्ष करीब 4 लाख करोड़ रुपये और अमीर हो जाएगा।

### जीडीपी में 443 अरब डॉलर का होगा योगदान

रिपोर्ट के मुताबिक, पर्यटन ने कोविड पूर्व यानी 2018-19 के दौरान जीडीपी में 194 अरब डॉलर का योगदान दिया। 2032-33 तक इसके 8 फीसदी की दर से बढ़कर 443 अरब डॉलर पहुंचने की उम्मीद है।

# राम की कृपा से बाजार में जमकर बरसा धन

- मिठाई, किराना, फूलों के कारोबारियों की रही चांदी
- व्यापारी बोले, बाजार में खूब हुई खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के चलते बाजार भी चमक गया। मिठाई और किराना कारोबारियों की चांदी रही। जिले में करीब 80 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। इसे व्यापारी श्रीराम की कृपा बता रहे हैं।

सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर विभिन्न संगठनों ने भंडारा समेत तमाम धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए। कई जगह लड्डू बांटे गए। मांग अधिक होने पर कई दुकानों पर लड्डू कम पड़ गए। व्यापारियों के अनुसार आयोजनों के चलते किराना सामान से लेकर बैंडबाजे, डीजे, फूल, टेंट, एलईडी स्क्रीन आदि की मांग रही। मिठाई और किराना कारोबारियों को सबसे अधिक फायदा हुआ। नवंबर में दिवाली मनाई थी। ढाई महीने बाद एक बार फिर बाजार में दिवाली जैसी रौनक रही। ग्राहकों ने जमकर खरीदारी की। घी, रिफाइड, सरसों तेल और मसालों की जबरदस्त बिक्री हुई है। कुतुबखाना पर दुकानों पर मंगलवार को भी श्री राम मंदिर के मॉडल, माला, लटकन, राम ध्वज, पटका, राम टोपी, राम दरबार के चित्र आदि की खूब बिक्री हुई है। कालीबाड़ी के दीया विक्रेता राकेश प्रजापति ने भी बताया कि दीयों की अच्छी खासी मांग रही।

### उम्मीद से अधिक का हुआ कारोबार

व्यापारी नेता राजेंद्र गुप्ता बताते हैं कि जिला अस्पताल रोड के व्यापारी कुतुबखाना पुल निर्माण के चलते परेशान थे। दिवाली पर कोई खास बिक्री नहीं हुई। 22 जनवरी का दिन नजदीक आते ही लोगों के उत्साह ने कारोबारियों के चेहरों पर खुशी ला दी। जिले में उम्मीद से अधिक कारोबार हुआ है।

### पटाखा कारोबार को बूम

पटाखा विक्रेता आशीष सिंघल बताते हैं कि रामलला की कृपा से दिवाली के ढाई महीने बाद दोबारा कारोबार ने व्यापारियों को राहत दी है। इससे पटाखा कारोबारी खुश हैं। राजकपूर ने बताया कि 22 जनवरी को प्रशासन से दुकानें खोलने का मौका दिया तो ठीक-ठाक बिक्री हुई।

## हरसहायमल श्यामलाल ज्वैलर्स ने सोने-हीरे, माणिक्य, पन्ना से 14 दिन में तैयार किए रामलला के भव्य आभूषण

# चमत्कार से कम नहीं था रामलला के आभूषण बनाने का आदेश मिलना

- फर्म के निदेशक मोहित आनंद ने कहा प्रभु की कृपा से पूरी हुई आभूषण बनाने की चुनौती
- परिवार की पांचवीं पीढ़ी संभाल रही है बागडोर, बदायूं से शुरू कारोबार लखनऊ तक फैला

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** अयोध्या में सोमवार को अपने नव्य-दिव्य मंदिर में विराजमान हुए रामलला के विग्रह को पहनाए गए आभूषण भी भव्य हैं। सोने-हीरे, माणिक्य, पन्ना से रामलला के आभूषण गढ़ने की जिम्मेदारी निभाने वाले हरसहायमल श्यामलाल ज्वैलर्स के मोहित आनंद और अंकुर आनंद गदगद हैं। वे कहते हैं कि न कोई सोर्स न फोर्स। ऐसे में रामलला के आभूषण बनाने का आदेश मिलना चमत्कार से कम नहीं था। सिर्फ 14 दिन का समय उन्हें दिया गया था लेकिन रामलला की कृपा से इस चुनौती को पूरा कर लिया। मोहित आनंद बरेली के निदेशक हैं और उनके छोटे भाई अंकुर आनंद लखनऊ की गोमतीनगर ब्रांच चलाते हैं। मोहित ने अमृत विचार से बातचीत में बताया कि यह जानकारी मिलने के बाद कि रामलला के आभूषण उन्हें बनाने हैं, वह हतप्रभ रह गए। कुछ व्यक्त ही नहीं कर सके।

सिर्फ 14 दिनों के अंदर रामलला के बालपन की स्वाभाविकता के अनुरूप 14 दिव्य आभूषण तैयार करने की चुनौती पूरी करना उन्हीं की कृपा के बिना संभव नहीं था। फर्म के कुशल कारीगरों ने दिन-रात मेहनत कर ये आभूषण तैयार किए। आभूषण 14 किग्रा सोने से तैयार किए गए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता, शुद्धता और विश्वास से भरे एक सदी से ज्यादा के सफर को जो आशीर्वाद मिला है,इसे सहजकर रखने की जिम्मेदारी और बड़ी है।

### रामलला के प्रति अतुल्य आस्था को ध्यान में रख बनाए आभूषण



मोहित आनंद ने बताया कि 2 जनवरी को ऑर्डर मिला। समय काफी कम था और चुनौती बड़ी। आर्डर मिलने के बाद नाप-फिटिंग व अन्य चर्चा के लिए तीन बार अयोध्या जाना पड़ा। रामलला से जुड़ी अतुल्य-अक्षुण्य आस्था का ध्यान रखना था। ऐसे में टीम ने लंबी रिसर्च की। पुरानी पेंटिंग देखीं। अध्यात्म रामायण, श्रीमद् वाल्मीकि रामायण, श्रीरामचरित मानस,आलवंदार स्त्रोत के अध्ययन, उनमें वर्णित श्रीराम की शास्त्र सम्मत शोभा के अनुरूप शोध और अध्ययन किया। डिजाइन तैयार करने में दो दिन लग गए। इसके बाद 70 कुशल कारीगरों को लगाकर 14 दिन तक दिन-रात काम किया गया। 16 जनवरी की शाम को आभूषण तैयार कर मंदिर ट्रस्ट को सौंप दिए। आभूषणों में करीब 14 किलोग्राम सोना लगा है। तीन हजार माणिक्य, 18 हजार पन्ना के साथ हीरे भी जड़े हैं। अब मन बहुत आह्लादित है।

### एक हजार साल तक हर रामनवमी पर रामलला के माथे पर पड़ेंगी सूर्य की किरणें



रामलला के विग्रह को लेकर एक हैरान कर देने वाली बात सामने आई है। हरसहायमल श्यामलाल ज्वैलर्स के निदेशक मोहित आनंद के अनुसार, रामलला को इस तरह से स्थापित किया गया कि अगले एक हजार साल तक हर रामनवमी के दिन 12 बजे सूर्य की किरणें प्रभु के माथे पर पड़ेंगी। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। मोहित आनंद के अनुसार ये दावा इसरो के वैज्ञानिकों का है।

### 1893 में शुरू हुआ कारोबार

बदायूं में मोहित आनंद के दादा के दादा हरसहायमल ने 1893 में आभूषणों का काम शुरू किया था। अब ये फर्म 130 साल पुरानी हो चुकी है। बदायूं में 100 साल से ज्यादा तक परिवार ने कारोबार किया। 2007 में बरेली आए । इसके बाद कारोबार बढ़ता गया। 2016 में लखनऊ में शोरूम खुला। वहां मोहित आनंद के छोटे भाई अंकुर आनंद जिम्मेदारी संभालते हैं।

### 1990 में मोहित आनंद ने संभाला कारोबार

मोहित बताते हैं लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद मैंने 1990 में बदायूं में कारोबार संभाला। 1994 में छोटे भाई को भी इसी में शामिल किया। 1996 में पिता आनंद प्रकाश का देहांत हो गया। यह साफ-सुथरा कारोबार है। इसलिए इसे ही चुना। हम लोग पांचवी पीढ़ी हैं। हम दो भाई हैं। मेरा 22 वर्षीय बेटा आर्यन और बड़ी बेटी आकृति है। बच्चों को इस कारोबार में लाने के बारे में अभी नहीं सोचा। दोनों यूएस में पढ़ाई कर रहे हैं।



प्राण प्रतिष्ठा के पहले रामलला की मूर्ति और आभूषणों के साथ प्रसन्न मुद्रा में मोहित आनंद, अंकुर आनंद और उनके परिवार के सदस्य । (फाइल फोटो)

### प्रमाणिकता ही असली- नकली की पहचान

मोहित आनंद का कहना है कि कोई भी व्यवसाय हो, समय के हिसाब से बदलाव होते रहते हैं। सराफा में भी पहले की अपेक्षा चीजें ज्यादा बदली हैं। कई चुनौतियां भी हैं तो डिजिटल होने से कुछ आसानी भी हुई है। सलाह है कि हॉलमार्क लगे आभूषण ही खरीदें। प्रमाणिकता ही असली-नकली की पहचान है।

## एक नजर

### स्थायी फिजिशियन की तैनाती की जगी आस

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में करीब एक माह से स्थाई फिजिशियन के लंबे अवकाश पर चले जाने से मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है। वर्तमान में यहां एक फिजिशियन तैनात है। जबकि मरीजों की संख्या अधिक रहती है। वहीं तीन सौ बेड अस्पताल में दो माह से फिजिशियन नहीं है। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने शासन को पत्र भेजकर अस्पताल में स्थाई फिजिशियन तैनात करने की मांग की है।

### नरमू ने डीआरएम को बताईं समस्याएं

**बरेली, अमृत विचार :** नरमू के शाखा सचिव राजेश दूबे ने डीआरएम को स्टेशन व रेल कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं पर सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन में कहा कि आन ड्यूटी रेल कर्मचारियों के लिए प्लेटफार्म पर शौचालय की व्यवस्था नहीं है। वेटिंग रूम को कांट्रेक्ट पर देने के बाद यह समस्या आई है। लोडिंग और अनलोडिंग में दो नंबर प्लेटफार्म पर सामान के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था नहीं है। बारिश में यहां सामान भीगता है। रेल आवासों की मरम्मत कराने में इंजीनियरिंग विभाग कोताही बरत रहा है।

# स्पेशल ट्रेन से चार सौ यात्री जाएंगे अयोध्या

## बरेली में दो मिनट है ट्रेन का ठहराव, डीआरएम ने जंक्शन पर परखी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है। अयोध्या जाने के लिए रेलवे स्पेशल ट्रेन भी चला रहा है। इस ट्रेन में बरेली से चार सौ यात्री जाएंगे। यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए मंगलवार को डीआरएम राजकुमार सिंह ने बरेली जंक्शन पर निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के डीआरएम मंगलवार को स्पेशल ट्रेन से बरेली जंक्शन पहुंचे। आस्था एक्सप्रेस ट्रेनें यात्रियों को लेकर अयोध्या जा रही हैं। बरेली में भी एक ट्रेन 25 जनवरी को रात 9 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन से बरेली से चार सौ यात्री अयोध्या के लिए जाएंगे। ट्रेन के दो मिनट के ठहराव में यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होने पाए इसके लिए डीआरएम



बरेली जंक्शन पर बैठक करते डीआरएम।

राजकुमार सिंह ने व्यवस्था परखी। उन्होंने स्टेशन के विभागीय अफसरों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने प्लेटफार्म और सरकुलेटिंग एरिया का भी निरीक्षण किया। स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि दो घंटे के निरीक्षण में उन्होंने बुकिंग और पार्सल घर का भी निरीक्षण किया।

**मरम्मत के चलते ट्रेनों को निरस्त करके रूट बदले :** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के हरिद्वार देहरादून रेलखंड में रायवाला स्टेशन यार्ड में 24, 25 और 31 जनवरी को मरम्मत कार्य के लिए ट्रैफिक ब्लाक लिया जाएगा। ट्रेन 14113 सूबेदारगंज देहरादून एक्सप्रेस को 23, 24 और 30 जनवरी को और 19031 अहमदाबाद योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस को 23 और 30 जनवरी को को मार्ग में 15 मिनट नियंत्रित करके चलाया जाएगा। ट्रेन 04363 हरिद्वार ऋषिकेश 24, 25 व 31 जनवरी निरस्त रखा जाएगा।

### अयोध्या जाने वाली ट्रेनों में लगाए अतिरिक्त स्लीपर कोच

**बरेली, अमृत विचार :** अयोध्या जाने वाली ट्रेनों में रेलवे ने अतिरिक्त कोच लगाए गए। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि 13009 हावड़ा योग नगरी ऋषिकेश, ट्रेन 13010 योग नगरी ऋषिकेश हावड़ा में दो-दो अनारक्षित कोच अतिरिक्त लगाने का आदेश किया है। वहीं ट्रेन संख्या 14207 मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ दिल्ली, 14208 दिल्ली मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़, 14205 अयोध्या कैंट दिल्ली एक्सप्रेस, 14206 दिल्ली अयोध्या कैंट एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाने का आदेश रेलवे बोर्ड ने दिया है।

### अयोध्या के लिए अब नियमित चलेंगी रोडवेज बसें

**बरेली, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा की वजह से अयोध्या जाने वाली रोडवेज बसों को दो दिन के लिए रोक दिया गया था। अब बरेली रीजन से चार बसें नियमित अयोध्या के लिए जाएंगी। मंगलवार को बरेली, बदायूं, पीलीभीत के साथ रुहेलखंड डिपो की बसों का संचालन शुरू कर दिया गया। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि सेटेलाइट बस अड्डे से एसी बस का संचालन सुबह 10 बजे और साधारण बस का संचालन शाम को 7 :30 पर प्रतिदिन किया जाएगा। एसी बस साढ़े 10 बजे फरीदपुर जाएगी। उसके बाद तिलहर, बरेली मोड़ शाहजहांपुर, सीतापुर, लखनऊ होते हुए सीधे अयोध्या जाएगी। जल्द ही अयोध्या जाने वाली बसों में यात्रियों को लिए आनलाइन बुकिंग की सेवा भी शुरू कर दी जाएगी।

## नगर निगम : वार्ड में 30 लाख के काम करा सकेंगे पार्षद

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम के जोन चार के पार्षदों के साथ नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने मंगलवार को चाय पर चर्चा की, जिसमें हर वार्ड में 30 लाख रुपये के काम कराने की सहमति बनी।

पार्षदों ने ठेकेदारों के भुगतान नहीं होने की बात रखी। नगर आयुक्त ने कहा कि जो भी फाइलें लेखा विभाग के पास आई हैं, उनका भुगतान हो चुका है। पार्षदों ने कहा कि जेई क्षेत्रों में नहीं जाते हैं। कार्यकारिणी की बैठक में भी हर वार्ड के लिए 30 लाख के काम कराने का प्रस्ताव पास हो चुका है। नगर आयुक्त ने उसी प्रस्ताव के तहत वार्डों में कार्य की सूची पार्षदों से देने को कहा है। इस दौरान सोनिया अतुल कपूर, सतीश कातिब, शशि देवी सक्सेना, गौरव सक्सेना, रामपाल गंगवार, नवल किशोर आदि पार्षद मौजूद रहे। उधर, मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि राज्य वित्त में 35 करोड़ की राशि आई है। इसके टेंडर निकाले जा रहे हैं।

# मार्च तक बन पाएगी मुंशीनगर की सड़क



मुंशी नगर कॉलोनी में बन रही सड़क। ● अमृत विचार

- विधायक निधि से बन रही सड़क का ग्रामीण अभियंत्रण विभाग करा रहा निर्माण

**बरेली, अमृत विचार:** मुंशी नगर में बदहाल सड़क मार्च तक बन पाएगी। इंजीनियरों का कहना है बजरी और पत्थर का रोड़ा बिछाया जा रहा है। ठंड के चलते सीसी रोड निर्माण की रफ्तार धीमी है। दूसरी तरफ दिक्कत है कि जिन गलियां में पत्थर बिछाकर बजरफुट डाल दिया गया है, इससे लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है।

दरअसल पिछले साल वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार के समक्ष कॉलोनी के लोगों ने बदहाल सड़क के निर्माण की मांग उठाई थी। सड़क खराब होने के साथ पानी की निकासी की भी व्यवस्था नहीं थी। कई बार नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समाधान नहीं हुआ था। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता विनय शर्मा ने बताया कि शहर की एक फर्म का 78.44 लाख रुपये में ठेका दिया गया है। काम शुरू हो चुका है, लेकिन, सर्दी का मौसम होने की वजह से अभी कुछ दिक्कत बनी है। काम मार्च तक हर हाल में पूरा हो जाएगा।

# बजट के लिए विभागीय कमेटी की रिपोर्ट को भी जरूरी नहीं समझा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जिला महिला अस्पताल के लिए जारी किए गए एक करोड़ 39 लाख के बजट को सरेंडर करने के बाद लगातार नये खुलासे हो रहे हैं। बजट के लिए नवंबर 2023 में शासन को जो प्रस्ताव भेजा गया था इसमें कई नियमों की अनदेखी की गई। प्रस्ताव भेजने से पूर्व विभागीय कमेटी की रिपोर्ट संलग्न नहीं की गई, न ही अन्य संबंधित विभागों की जरूरतों के बाबत जानकारी ले इंडेंट को शामिल किया गया। आनन-फानन में प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया।

शासन ने स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए जरूरी समझकर बजट पास कर दिया। इसी दौरान तत्कालीन सीएमएस डॉ. पुष्पलता शमी के स्थान पर डॉ. त्रिभुवन प्रसाद को सीएमएस बना दिया गया। उन्होंने बजट को अनुपयोगी बताकर सेरेंडर कर दिया। बजट वापस करने को शासन ने गंभीरता से लिया। जरूरत न होने के बाद भी प्रस्ताव बनाकर भेजने को भारी लापरवाही मानते हुए एडी हेल्थ से जांच रिपोर्ट तलब कर ली। बीते दिनों एडी हेल्थ डॉ. पुष्पा पंत ने मामले में बयान दर्ज कर जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी है। इसके बाद से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में खलबली है।



- जिला महिला अस्पताल के लिए उपकरणों की खरीद के प्रस्ताव पर 1.39 करोड़ बजट हुआ था पास
- नये सीएमएस ने अनुपयोगी बताकर बजट कर दिया सरेंडर शासन ने तलब की थी जांच रिपोर्ट

### इसलिए बजट किया सरेंडर

तत्कालीन सीएमएस डॉ. पुष्पलता शमी ने शासन को भेजे प्रस्ताव में पुराने ऑपरेशन थिएटर को मरीजों के हित में दोबारा चलाने की जरूरत का जिक्र दिया था। मौजूदा सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने इस पर तर्क दिया कि एमसीएच विंग में ऑपरेशन थिएटर चल रहा है, लिहाजा दूसरे ऑपरेशन थिएटर की जरूरत नहीं है। प्रस्ताव में दूसरी बड़ी जरूरत उपकरणों की खरीद बताई गई थी। इस पर तर्क दिया गया कि एमसीएच विंग वर्ष 2018 में शुरू हुआ है। उस दौरान सभी नए उपकरणों की खरीद की गई थी जो अभी दुरुस्त हैं। इसलिए और उपकरण खरीदकर बेवजह बजट खपाना ठीक नहीं होगा।

> मरीजों के हित को ध्यान में रखते हुए अस्पताल के उच्चीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव भेजकर बजट की मांग की गई थी, इसके लिए किसी कमेटी की आवश्यकता नहीं होती है।
>
> – **डॉ. पुष्पलता शमी**, तत्कालीन सीएमएस, जिला महिला अस्पताल।

## सड़क निर्माण की धीमी चाल से हो रही परेशानी

**बरेली, अमृत विचार:** मोहनपुर से नकटिया तक सड़क निर्माण हो रहा है। इसका काम काफी धीमी गति से चलने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। पहले लंबे समय तक नाला निर्माण नहीं होने से काम नहीं शुरू हो सका।

पिछले कुछ दिनों से धीरे-धीरे जगह-जगह आरसीसी की सड़क बनाई जा रही है। इसके लिए सड़क किनारे बजरी पड़ी है। वहीं जहां-जहां आरसीसी की सड़क बन गई है, वहां समतल नहीं किया गया है, इसकी वजह से वाहन गुजरने में दिक्कत हो रही है। अब जब तक डामर सड़क नहीं बन जाएगी तब तक ऐसे ही लोगों को परेशानी उठानी पड़ेगी। इसके अलावा मंडी रोड की हालत काफी समय से खराब है। इसका भी कोई ध्यान नहीं दे रह है।

# सवा करोड़ से बनेगी दुर्गानगर रोड, मेयर ने किया शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** संजय नगर रोड से दुर्गानगर होकर जोगीनवादा जाने वाली रोड का शिलान्यास मेयर ने किया। इस रोड के निर्माण से तीन वार्डों के लोग लाभान्वित होंगे। मार्ग निर्माण में एक करोड़ 35 लाख रुपये खर्च होंगे।

साढ़े पांच करोड़ की लागत से संजय नगर रोड का निर्माण हो रहा है। मंगलवार को संजयनगर से जोगीनवादा जाने वाली रोड का महंत की चक्की के पास मेयर डा. उमेश गौतम ने शिलान्यास किया। इस रोड के बनने से सुरेश शर्मा नगर वार्ड की 50 फीसदी, जोगीनवादा वार्ड की 35 फीसदी और ब्रह्मपुरा वार्ड की 15 फीसदी आबादी को परेशानी से मुक्ति मिलेगी। अभी यह सड़क जर्जर है और नालियों का पानी सड़क पर भरा रहता है। लोगों को मुसीबत उठानी पड़ती है। सुरेश शर्मा नगर की पार्षद शारदा गुप्ता ने बताया कि यह मार्ग सीसी रोड बनेगा। नालियां भी बनाई जाएंगीं। बहुत दिनों से की जा रही जनता की मांग अब पूरी हो रही है।



सड़क का शिलान्यास करते मेयर।

# ग्रीन जोन के रूप में विकसित होंगी तीन सड़कें, 55 करोड़ की डीपीआर भेजी

- सीएम ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट शहरी योजना के तहत मॉडल टाउन की सड़कें चुनी गईं
- बिजली के पोल हटेंगे, भूमिगत होंगी लाइनें, पार्किंग, वेंडिंग जोन और चार्जिंग स्टेशन भी बनेंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट शहरी योजना के तहत माडल टाउन वार्ड की तीन सड़कों पर कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 55 करोड़ की डीपीआर नगर निगम ने शासन को भेजी है। 19 जनवरी को लखनऊ से आई टीम ने इन सड़कों का निरीक्षण कर डीपीआर बनाने के निर्देश दिये थे। उक्त योजना उन नगर निगमों में लागू की गई जहां टैक्स पिछले वर्ष टैक्स की वसूली बेहतर हुई थी। इस मानदंड में बरेली की स्थिति बेहतर रही। योजना में उन्हीं सड़कों का चयन किया जाना था जो 13 से 15 मीटर चौड़ी हों और आपस में मिलती भी हों। सड़कों को कुल 3500 मीटर तक विकसित किया जाएगा।

### यह सुविधाएं होंगी

योजना के तहत यूटीलिटी डक्ट, फुटपाथ, ग्रीन जोन, सौर आधारित स्ट्रीट लाइट, बस स्टॉप, ईवी चार्जिंग स्टेशन, सौंदर्यीकरण, फुटपाथ आदि सुविधाएं दी जाएंगी। पर्यावरण अनुकूल और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए कम कार्बन उत्सर्जन के साथ कॉस्ट इफेक्टिव ग्रीन सड़कें बनाई जाएंगी। तीनों सड़कों पर लगे बिजली के पोल हटेंगे। भूमिगत बिजली लाइनें होंगी। इसका प्रस्ताव बिजली विभाग बनाकर देगा। यह प्रस्ताव भी 20 करोड़ के ऊपर का होने का अनुमान है।

### यह सड़कें चुनीं

- कुष्ठ आश्रम से गंगाशील अस्पताल
- सेंट फ्रांसिस स्कूल के सामने से गुप्ता वाच चौराहा
- स्टेडियम रोड पेट्रोल पंप से डेलापीर पेट्रोल पंप तक

> टैक्स में बेहतर वसूली के चलते योजना में बरेली को शामिल किया गया। डीपीआर बनाकर भेज दिया है। करीब 55 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। शासन से राशि मिलते ही टेंडर जारी कर निर्माण शुरू कराया जाएगा। इन सड़कों पर वार्ड में रहने वाले लोग गर्व करेंगे।
>
> –**निधि गुप्ता वत्स**, नगर आयुक्त

# पीसीएस में किसान के बेटे ने बढ़ाया मान, बना डिप्टी जेलर

## भुता के मनोज गंगवार और मुरादाबाद के उपदेश कुमार ने पीसीएस परीक्षा- 2023 पास की, परिवार में खुशी का माहौल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी ) की ने मंगलवार को राज्य/प्रवर अधीस्थ सेवा (पीसीएस) परीक्षा- 2023 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया गया। बरेली के भुता के एक गांव के किसान के बेटे का चयन डिप्टी जेलर के पद पर हुआ है। इनके अलावा बरेली की एक कोचिंग में तैयारी करने वाले मुरादाबाद के एक गांव के निवासी अध्यापक का बेटा भी डिप्टी जेलर बना।



- मनोज ने बरेली कॉलेज से परास्नातक में किया है समाजशास्त्र

भुता के गांव रामपुरा प्रवीण निवासी मनोज कुमार गंगवार पीसीएस परीक्षा पास कर डिप्टी जेलर के पद पर चयनित हुए। उनके पिता राम गोपाल खेती किसानी करते हैं। मां गुड्डी देवी गृहणी हैं। मनोज ने जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से 2014 में हाई स्कूल 89 प्रतिशत और 2016 में इंटरमीडिएट 92 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में दिल्ली यूनिवर्सिटी के रामजस कॉलेज से स्नातक करने के बाद 2022 में बरेली कॉलेज से समाजशास्त्र में परास्नातक किया।


उनका चयन बीएपीएससी व लेखपाल के पद पर भी हुआ, लेकिन यूपीपीएससी की परीक्षा पर फोकस के लिये अभी ज्वाइन नहीं किया। उन्होंने बताया कि वे दिन में तय समय सारिणी के अनुसार सात घंटे पढ़ते थे। उनके चयन पर परिवार में ख़ुशी की लहर है।

### बरेली में उपदेश ने की कोचिंग, पिता हैं अध्यापक

बरेली में कोचिंग करने वाले मुरादाबाद के एक गांव के उपदेश कुमार का चयन भी डिप्टी जेलर के पद पर हुआ है। उपदेश ने बताया कि मूल रूप से सिरसावां गौड़, पीपलसाना, मुरादाबाद के रहने वाले हैं। उनके पिता हर स्वरूप सिंह ऊधम सिंह नगर में सहायक अध्यापक हैं। मां रेखा देवी गृहणी हैं। 2013 में मुरादाबाद से 80 प्रतिशत अंकों से हाईस्कूल व 2015 में इंटरमीडिएट में 82 प्रतिशत अंक आए। 2019 में दिल्ली यूनिवर्सिटी के एआरएस कॉलेज से बीएससी ऑनर्स किया। 2022 में बीएड किया। इस समय हिन्दी साहित्य से परास्नातक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि साल 2018 में उन्होंने बरेली की एक कोचिंग से तैयारी शुरू की। 2020 के बाद सेल्फ स्टडी पर फोकस किया। उन्होंने सफलता का श्रेय अकादमी के निदेशक अजीत कुमार सिंह के मार्गदर्शन व माता-पिता को दिया है।



परिवार के साथ खुशी मनाते उपदेश । ● अमृत विचार




# चार डिग्री पहुंचा पारा, तीन दिन और सताएगी ठंड

## मौसम विभाग ने शीत लहर के साथ घने कोहरे का जताया पूर्वानुमान, दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अभी तीन दिन और ठंड और कोहरे से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने शीत लहर के साथ घने कोहरे का पूर्वानुमान जताया है। मंगलवार को न्यूनतम और अधिकतम तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। दिन में थोड़ी देर धूप खिलने के बाद फिर से मौसम बदल गया और ठंडी हवाएं चलने लगीं। मंगलवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 10 डिग्री कम 11.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सोमवार के तापमान से 3.5 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम चार डिग्री दर्ज किया गया। यह सोमवार के तापमान से 5.2 डिग्री कम रहा। इस दौरान दृश्यता 20 मीटर रही।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह के अनुसार दिन में आसमान खुलने से रात्रिकालीन विकिरणीय शीतलन में वृद्धि होने और निचले क्षोभमंडल में प्रचलित सर्द उत्तरी-पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में आई भारी गिरावट के कारण में शीतलहर की परिस्थितियां बनी है। इसके साथ-साथ हवा की धीमी रफ्तार, नमी की प्रचुरता एवं काफी ऊंचाई तक निम्न वायुमंडलीय स्थिरता के प्रभाव से घना कोहरा छा रहा है। विकिरणीय ऊष्मन में कमी से अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने से शीत दिवस दो से तीन दिनों तक जारी रहेगा। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव आने पर स्थिति में परिवर्तन होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि दो दिन औसतन अधिकतम तापमान 15 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का पूर्वानुमान है। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव सेंकते रहे। जिला अस्पताल में भी कई जगह पर अलाव का इंतजाम किया गया।


मंगलवार को शाम से ही कोहरे और ठंड की वजह से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।


कड़ाके की ठंड से बचने के लिए सिकलापुर में अलाव तापते लोग। ● अमृत विचार

▶▶ **मौसम विज्ञानी पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव आने के बाद बदलाव की संभावना जता रहे हैं**

### कई निजी स्कूलों ने बढ़ाई छुट्टियां

**बरेली, अमृत विचार :** भीषण ठंड के बावजूद प्रशासन की ओर से स्कूलों की छुट्टी नहीं बढ़ाने के बाद कई निजी स्कूलों ने अपनी तरफ से अवकाश बढ़ा दिया है। जीआरएम स्कूल में 24 और 25 जनवरी तक आठवीं तक के बच्चों की छुट्टी रहेगी। माधव राव सिंधिया स्कूल व बेदी इंटरनेशनल स्कूल में भी 24 और 25 जनवरी को अवकाश रहेगा। हांडा पब्लिक स्कूल ने 28 जनवरी तक छुट्टी की है। सेक्रेड हार्ट्स स्कूल में कक्षा 2 तक के छात्रों की 24 को छुट्टी रहेगी। 25 जनवरी को सभी छात्रों की छुट्टी है।



### सर्दी में सफाई घटी, त्वचा रोगियों की संख्या बढ़ी

▶▶ **जिला अस्पताल और तीन सौ बेड अस्पताल में दाद, खाज-खुजली और एलर्जी के मरीज बढ़े**

**बरेली, अमृत विचार :** सर्दी में साफ सफाई का ध्यान न रखने के कारण लोग त्वचा संबंधी रोगों की गिरफ्त में आ रहे हैं। जिला अस्पताल और 300 बेड अस्पताल की ओपीडी में आने वाले अधिकांश मरीज त्वचा रोग से ग्रसित मिल रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार ठंड में सफाई का विशेष ख्याल रखें, कपड़ों को गर्म पानी में धोएं और अच्छे से सुखाएं। हड्डी और त्वचा रोग से ग्रसित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दाद, खाज-खुजली और एलर्जी के रोजाना 70 से 80 मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। वहीं, करीब चार माह से अस्पताल में प्रशिक्षण लेने आए प्रशिक्षु डॉक्टरों के भरोसे ही त्वचा रोगियों का इलाज हो रहा है। विभाग में तैनात वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. त्रिभुवन प्रसाद को जिला महिला अस्पताल का सीएमएस बना दिया गया है। इस वजह से यह पद रिक्त है। विशेषज्ञों के अनुसार ठंडी हवा त्वचा को नुकसान पहुंचाती है। इसलिए ठंड में तरल पदार्थों का सेवन ज्यादा करना चाहिए। शरीर की साफ-सफाई रखनी चाहिए। व्यायाम करना चाहिए। अगर किसी को त्वचा संबंधी समस्या हो तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

# खुले स्कूल मगर ठंड की वजह से नहीं दिखी चहल-पहल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▶▶ **ठंड के चलते बड़ी संख्या में अभिभावकों ने बच्चों को नहीं भेजा स्कूल**

**अमृत विचार:** ठंड के चलते कई दिनों के अवकाश के बाद मंगलवार को विद्यालय तो खुले, लेकिन विद्यार्थियों की संख्या न के बराबर रही। सरकारी विद्यालयों से लेकर निजी विद्यालयों तक में बच्चों की चहल-पहल नहीं दिखाई दी। शीतलहर होने के कारण तमाम अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल नहीं भेजा।

भीषण शीतलहर से बच्चों को बचाने के लिए प्रशासन ने स्कूलों में अवकाश कर दिया था जिसे ठंड की स्थिति को देखकर बढ़ाया जाता रहा। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के चलते अवकाश रहा। 23 को स्कूल खुलने को लेकर अभिभावकों में भ्रम की स्थिति रही। देर शाम तक अवकाश संबंधी आदेश न आने पर 22 दिन बाद मंगलवार को स्कूल खोले गए। हालांकि सुबह से ही ठंडी हवाएं चलती रहीं और धुंध छाई रही। ऐसे में बहुत कम संख्या में बच्चे स्कूल पहुंचे। सरकारी स्कूलों के खुलने का समय सुबह 9:30 बजे रहा, वहीं ज्यादातर निजी स्कूल सुबह 10:00 बजे खुले। स्कूलों की छुट्टी करीब 3 बजे हुई।

उच्च प्राथमिक विद्यालय रहपुरा चौधरी में 150 बच्चों में 5 बच्चे पहुंचे। नगर निगम स्थित स्कूल में करीब 8 बच्चे पहुंचे। ऐसा ही हाल निजी स्कूलों का रहा। विद्यालयों में बच्चों की संख्या कम होने के चलते पढ़ाई नहीं कराई गई। अधिकांश स्कूलों में रिवीजन कराया गया। निजी स्कूलों में भी बच्चों की उपस्थिति 15-20 तक रही। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि शीतलहर की छुट्टियों के बाद स्कूल खुले। बड़ी संख्या में अभिभावकों ने बच्चों को नहीं भेजा इसलिए विद्यार्थियों की संख्या कम रही। उन्होंने बताया कि मंगलवार को अवकाश के संबंध को कोई आदेश नहीं हुआ। इसलिए स्कूलों निर्धारित समय पर ही खुलेंगे।


स्कूल खुले लेकिन कम पहुंचे बच्चे।


कड़ाके की ठंड में स्कूल गए बच्चे।

### शहर में आज

- विंडरमेयर में थियेटर फेस्टिवल शाम 5 बजे।
- कर्पूरी ठाकुर जयंती पर कार्यक्रम चंद्रमणि बुध विहार स्टेडियम रोड पर सुबह 11 बजे।
- स्पोर्ट्स स्टेडियम में टी-20 क्रिकेट लीग सुबह 10 से।
- राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में समृद्ध संस्कृति विरासत समारोह सुबह 10 बजे।

### खोए हुए मोबाइल पाकर लोगों के खिले चेहरे



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली पुलिस की सर्विलांस टीम ने खोए और चोरी हुए 218 मोबाइल बरामद किए। मंगलवार को एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने कार्यालय में इन मोबाइलों को वापस किया। खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खिल उठे। लोगों से गुम हुए 218 मोबाइल फोन को सर्विलांस टीम ने खोज निकाला। जिसे एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने मालिकों को लौटाया। एसएसपी ने सर्विलांस टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है।

लोगों ने अपने खोए हुए मोबाइल का प्रार्थना पत्र सर्विलांस टीम को दिया था। एसएसपी के निर्देश पर एसपी क्राइम मुकेश प्रताप सिंह ने सर्विलांस टीम को मोबाइल बरामद करने के निर्देश दिए। इसके तहत 218 मोबाइल बरामद किए गए, जिनकी कीमत करीब 42 लाख रुपये है। एसएसपी ने बताया कि 218 मोबाइल बरामद कर वापस किए गए हैं।

# मंदिर में रामोत्सव के दौरान पथराव, चार पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा

▶▶ **भोजीपुरा के गांव लक्ष्मियापुर हरवंशपुर में चार युवकों ने किया पथराव, कई लोग घायल**

**अमृत विचार :** भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मियापुर हरवंशपुर में सोमवार को मंदिर में रामोत्सव मना रहे लोगों पर चार युवकों ने पथराव कर दिया। जिसमें कुछ लोग घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। गांव में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

मिश्रित आबादी वाले लक्ष्मियापुर हरवंशपुर गांव में दो समुदायों के अक्सर विवाद हो जाता है। गांव वालों ने पुलिस को बताया कि सोमवार को अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर यहां भी मंदिर में रामोत्सव का आयोजन किया गया था। ग्रामीण श्रीरामलला की पूजा-अर्चना कर रहे थे। आरोप है कि अनवार, नन्हे, रफीक और कदीर वहां पहुंचे और पूजा कर रहे लोगों पर पथराव कर दिया। हमले से लोगों में भगदड़ मच गई। सूचना पर पुलिस गांव पहुंची और हमले के आरोप में तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी भोजीपुरा जगत सिंह ने बताया कि शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। फिलहाल गांव में शांति है। दूसरी तरफ बताया जा रहा है कि मंदिर पर पहले निर्माण कराया जा रहा था, जिसे डीएम के आदेश पर रुकवा दिया गया था। दो सिपाही की दिन में और दो सिपाही का रात में ड्यूटी लगाई जाती है। उसी को लेकर यह पेशबंदी की गई है।

> पटाखे फोड़ने को लेकर विवाद हुआ था। एक पक्ष ने पथराव करने की तहरीर थाने में दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तीन को हिरासत में लिया है। मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।
> -मुकेश चन्द मिश्रा, एसपी देहात

### योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही, तीन सचिव निलंबित

**बरेली, अमृत विचार :** सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतना तीन सचिवों को भारी पड़ गया है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के आदेश पर डीडीओ ने तीनों सचिवों को निलंबित कर दिया। पिछले दिनों डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। इसमें भदपुरा विकास खंड के सुशील कुमार, रामनगर विकासखंड के अंकित कुमार और दमखोदा विकासखंड के ऋषभजित की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही सामने आने पर उन्होंने तीनों को निलंबित करने के आदेश दिए थे। इसके बाद जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव ने तीनों को निलंबित कर दिया। उन्होंने बताया कि अंकित मुरादाबाद जिले से संबद्ध चल रहे हैं। ऐसे में वह निलंबन अवधि में भी मुरादाबाद से ही अटैच रहेंगे। सुशील को आलमपुर जाफराबाद और ऋषभजित को मझगवां विकासखंड से संबद्ध कर दिया गया है। जांच कर चार्जशीट दी जाएगी। जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा।

# बीएएमएस में प्रवेश के नाम पर फार्मासिस्ट से दो लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▶▶ **फार्मासिस्ट को दी बीएएमएस करने की सलाह, रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** जालसाजों ने बीएएमएस में दाखिला कराने के नाम पर एक फार्मासिस्ट से दो लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने थाना प्रेमनगर में शिकायती पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बाद में कोर्ट के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

प्रेमनगर के हार्टमैन तिराहा के निकट आनंद विहार कॉलोनी निवासी राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि वह फार्मासिस्ट हैं। उनके मेडिकल स्टोर पर आयुर्वेदिक दवाओं की सेल करने के लिए सुभाषनगर का अमाल सक्सेना आता था। उसके साथ इज्जतनगर के मठलक्ष्मीपुर का हरिशंकर भी आता-जाता था।

अमाल ने बताया कि हरिशंकर श्रीराम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज मेरठ में कर्मचारी है। यह तुम्हारा बीएएमएस में दाखिला करा सकते हैं। राजेश ने कहा कि वह 49 वर्ष के हैं तो कैसे दाखिला हो जाएगा। इस पर दोनों ने दाखिला कराने का भरोसा दिया और रुपये खर्च होने की बात कही। राजेश ने चार बार में आरोपियों के खाते में दो लाख रुपये भेज दिए। रुपये मिलने के बाद कई माह हरिशंकर व अमाल झांसा देते रहे। इसके बाद डॉक्टर का फर्जी पंजीकरण प्रमाण पत्र दे दिया। राजेश ने बताया कि उन्होंने कई बार रुपये मांगे, लेकिन आरोपियों ने रुपये नहीं दिए। उनके शैक्षिक प्रमाण पत्र भी दोनों के पास हैं। पुलिस ने अमाल सक्सेना और हरिशंकर के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

#### बीएएमएस में नंबर बढ़वाने के नाम पर हुई धोखाधड़ी

करीब छह माह पहले कुछ लोगों ने बीएएमएस में नंबर बढ़वाने के नाम पर एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कई छात्रों से लाखों रुपये की ठगी कर ली थी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आरोपियों के खिलाफ थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस प्रकरण में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था।

#### मीरगंज में भी बीएएमएस के नाम पर की गई थी ठगी

कुछ दिन पहले मीरगंज के समसपुर निवासी रामचरन ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्हें डॉ. सरफराज अंसारी, जुबैर व डॉ. शारुन ने बताया कि वे उनके बेटे का दाखिला बीएएमएस में करा देंगे। झांसे में लेकर तीनों ने 9.40 लाख रुपये ठग लिए। रुपये मांगने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी के आदेश पर मीरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी।

### 25 हजार घरों में आज आठ घंटे गुल रहेगी बिजली

**बरेली, अमृत विचार :** किला उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर की मरम्मत के साथ सीटी पर काम होगा। इस वजह से बुधवार को उपकेंद्र से जुड़े 25 हजार घरों में आठ घंटे बिजली बाधित रहेगी। लोगों को परेशानी से जूझना पड़ेगा।

गर्मी में उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति मिल सके, इसके लिए विभाग की तरफ से अभी से तैयारियां की जा रही हैं। अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान ने बताया कि किला उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर और सीटी पर काम कराया जाएगा। सुबह 10 से शाम 6 बजे तक किला, कटघर, जसोली, रामपुर रोड, मिनी बाईपास, बाकरगंज, गढ़ी चौकी, मलूकपुर समेत अन्य क्षेत्र में बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। 6 बजे के बाद काम पूरा होने पर सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। वहीं, कुतुबखाना पुल के निर्माण को लेकर भी हर रोज तीन से चार घंटे की बिजली कटौती की जा रही है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।





**यातायात व्यवस्था बदहाल**

शहर में यातायात व्यवस्था बदहाल है। मंगलवार को यातायात जागरूकता रैली के दौरान शहामतगंज में जाम लग गया। इस दौरान स्कूटी सवार नियम तोड़ते भी दिखे। ● अमृत विचार

# बाबू ने सेवानिवृत्त एसीएमओ की फाइल में दर्ज किया गलत अकाउंट नंबर, छिना चार्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▶▶ **चिकित्सा प्रतिपूर्ति का पटल देख रहे बाबू का एक और खेल हुआ उजागर**

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग में आए दिन नये खेल उजागर हो रहे हैं। बार-बार एक ही कर्मचारी खेल करे तो विभागीय कार्यशैली पर सवाल उठना लाजमी है। सीएमओ कार्यालय में चिकित्सा प्रतिपूर्ति का पटल देख रहे बाबू ने अब सेवानिवृत्त एसीएमओ की फाइल पास करने के दौरान किसी अन्य का अकाउंट नंबर दर्ज कर दिया। सीएमओ ने संबंधित बाबू से पटल छीन कर अन्य बाबू को दे दिया है।

दरअसल, स्वास्थ्य विभाग से फाइल पास होने के बाद भुगतान के लिए ट्रेजरी में जाती है। यहां अभिलेखों से फाइल में दर्ज किए गए अकाउंट नंबर का मिलान किया गया, तो ये अकाउंट नंबर सेवानिवृत्त एसीएमओ का नहीं निकला। वहां से सूचना सीएमओ को दी गई। इसके बाद बाबू से चार्ज छीन लिया गया। बाबू का ये पहला कारनामा नहीं है। इससे पूर्व बाबू ने अपनी पत्नी की चिकित्सा प्रतिपूर्ति की शत-प्रतिशत रकम पास करा ली थी। मामला उजागर होने के बाद विभागीय अधिकारी सवालों के घेरे में आ गए थे। अब दूसरा खेल सामने आने पर बाबू से पटल छीन लिया गया है।

> फाइल में गलत अकाउंट नंबर की जानकारी नहीं है। वह काम नहीं कर पा रहे थे। कई फाइल पेंडेंसी भी हैं जिसके चलते पटल परिवर्तन किया गया।
> -डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

### फसल काटने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**मीरगंज, अमृत विचार :** खेत से फसल काटने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव गोरा लोकनाथपुर निवासी विजेंद्र सिंह ने बताया कि वह सोमवार को खेत से पत्नी के साथ डनलप से घर लौट रहे थे। गांव के रामकुंवर कश्यप, जितेन्द्र और सतेंद्र ने उन्हें घेर लिया और मारपीट की। वहीं, दूसरे पक्ष ने पुलिस को बताया कि उसने रामगंगा के दूसरी ओर 20 बीघा खेत में गन्ने की फसल की है। उसके खेत के समीप ही विजेंद्र सिंह की झोपड़ी है। आरोप है कि विजेंद्र सिंह उसकी गन्ने की फसल को काटकर पशुओं को खिलाता है। जानकारी होने पर वह बेटे जितेंद्र और सत्येंद्र के साथ खेत पर गए तो विजेंद्र सिंह और उसकी पत्नी उनके खेत से गन्ना काटकर डनलप में भरते मिले। इसका वीडियो बनाया तो आरोपियों ने विरोध किया।

# ब्लैक स्पॉट नवदिया झादा पर फ्लाईओवर बनाने का रास्ता साफ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▶▶ **चार साल से चल रही थी निर्माण की प्रक्रिया, अब जाकर दूर हुईं अड़चनें**

▶▶ **एनएचएआई का मुरादाबाद डिवीजन कराएगा फ्लाईओवर का निर्माण**

**अमृत विचार :** बरेली-बीसलपुर रोड पर नवदिया झादा में फ्लाईओवर निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। लंबी जद्दोजहद के बाद सभी अड़चनें दूर हो चुकी हैं। अफसरों का दावा है कि जल्द टेंडर निकाला जाएगा। फ्लाईओवर एनएचएआई का मुरादाबाद डिवीजन बनाएगा।

पिछले महीने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मंडलायुक्त ने नवदिया झादा में खतरनाक कट के कारण आए दिन होने वाले हादसों को लेकर शीघ्र फ्लाईओवर का निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए थे। दरअसल, एनएचएआई ने दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे के रजऊ परसपुर और परसाखेड़ा के बीच बड़ा बाईपास बनाया है। इसी बाईपास पर बीसलपुर-बरेली हाईवे की सड़क भी क्रॉस करती है। यहां हादसों में दर्जनों लोग जान गंवा चुके हैं।

2019 में इसे ध्यान में रखते हुए फ्लाईओवर बनाने की योजना तैयार की गई थी। शुरुआती सर्वे में इसकी लंबाई करीब एक हजार मीटर आंकी गई थी, ताकि आने वाले समय में अगर बड़ा बाईपास आठ लेन या उससे भी ज्यादा चौड़ा हो तो फ्लाईओवर को लेकर दिक्कत न हो। चूंकि फ्लाईओवर का निर्माण उस वक्त पीडब्ल्यूडी की ओर से करने की बात कही जा रही थी, इसलिए एनएचएआई ने मानकों का हवाला देते हुए इस फ्लाईओवर को बनाने के लिए एनओसी देने पर अड़ंगा लगा दिया। कुछ समय पहले यह तय हुआ कि काम एनएचएआई को ही करना होगा। इसके लिए किसी से एनओसी लेने की जरूरत नहीं होगी। जिसके बाद एनएचएचआई ने इस प्रोजेक्ट पर फिर से काम शुरू कर दिया।



#### 20 लोगों की मौत के बाद भी प्रोजेक्ट पर नहीं दिखाई गंभीरता

बरेली-बीसलपुर हाईवे पर नवदिया झादा ब्लैक स्पॉट घोषित है। पांच जुलाई 2017 में यहां मार्ग दुर्घटना में 20 लोगों की मौत के बाद प्रशासन ने हादसे रोकने को फ्लाईओवर निर्माण की परियोजना तैयार कराई थी। तत्कालीन पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर राकेश राजवंशी ने फ्लाईओवर की डिजाइन तैयार कर करीब सौ करोड़ रुपये खर्च की अनुमानित लागत आंकी थी। इसके बाद प्रोजेक्ट को लेकर चल रही कवायद ठप हो गई। 2020 में तत्कालीन मंडलायुक्त रणवीर प्रसाद ने एनएचएआई के अध्यक्ष को पत्र भेजकर फ्लाईओवर बनाने के लिए पैरवी की थी, मगर एनएचएआई ने गंभीरता नहीं दिखाई। इस वजह से इस प्रोजेक्ट पर देरी होती रही।

> नवदिया झादा पर फ्लाईओवर के निर्माण को लेकर अड़चनें दूर हो चुकी हैं। प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है। क्षेत्रीय कार्यालय से जानकारी मिली है कि किसी भी दिन टेंडर आमंत्रित किए जा सकते हैं। यह प्रक्रिया पूरी होते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। - **अनुज जैन,** पीडी एनएचएआई, मुरादाबाद

# मायावती का पुतला फूंकने के मामले में मंत्री धर्मपाल सिंह बरी

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** 14 वर्ष पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती का पुतला फूंकने के मामले में अभियोजन द्वारा केस वापस लिये जाने को हाईकोर्ट की मंजूरी मिलने पर स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट शाम्भवी ने मंत्री धर्मपाल सिंह व दूसरे आरोपी सचिन को दोषमुक्त कर दिया। विचारण के दौरान तीसरे आरोपी ओमकार की मृत्यु हो जाने पर उनके विरुद्ध केस पहले ही खत्म कर दिया गया था।

सरकारी वकील अचिन्त्य द्विवेदी ने बताया कि अलीगंज के ग्राम गैनी शिवनगर निवासी ओमपाल वर्मा ने थाना अलीगंज में तहरीर दी थी कि 2 जून 2010 को पूर्व मंत्री धर्मपाल सिंह उनके गांव में सभा करने आये थे। उनके इशारे पर मुख्यमंत्री मायावती का पुतला बनाकर सचिन व ओमकार ने आग लगाई। पुलिस ने धर्मपाल सिंह समेत तीन के विरुद्ध केस दर्ज किया था। शासन द्वारा केस वापसी के निर्णय पर हाईकोर्ट में रिट की गयी थी। हाईकोर्ट ने 29 अगस्त 2023 को अभियोजन को केस वापसी की मंजूरी दे दी थी।

स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट ने दोनों को बरी कर दिया।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
● दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
● बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
● जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
● गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)
श्वांस, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर व अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
ट्यूलिप ग्रान्ड बिल्डिंग, पीलीभीत रोड, बरेली
9411477351
9720159129

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर (एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट
कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग
होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# पांच किलो अनाज देकर जनता को बरगलाने में लगी है सरकार

## पार्टी कार्यालय में बोलीं सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव

कार्यालय संवाददाता, बरेली


महिलाओं को संबोधित करतीं सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव।

**अमृत विचार :** जनता महंगाई से त्रस्त है। सरकार पांच किलो अनाज देकर जनता को बरगलाने में लगी है। 1400 रुपये महीने लेकर 200 रुपये का अनाज जनता को दिया जा रहा है। महिलाएं इस बात को समझें और महंगाई के खिलाफ आवाज उठाएं। यह बात सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने कही।

पार्टी कार्यालय में हुए सम्मेलन में उन्होंने कहा कि अपने हक के लिए आवाज उठाने वाली कामगार महिलाओं को यह सरकार इनाम में लाठी चार्ज दे रही है। 100 डायल में काम करने वाली महिलाएं महीनों से धरने पर लखनऊ में बैठी हैं लेकिन सरकार मौन है।महिलाओं की सुरक्षा, महंगाई, कानून व्यवस्था और बेरोजगारी के मुद्दे को पर भाजपा सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव साधना लोधी ने कहा कि बैठने का समय नहीं है।

महिला पदाधिकारी घरों से निकलें और सपा की नीतियों को जनता को बताएं। प्रदेश सचिव भारती सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के हितों के प्रति गंभीर नहीं है। महानगर अध्यक्ष रेहाना बी ने महिलाओं से 5 किलो राशन को दरकिनार कर सपा का समर्थन करने की अपील की। जिलाध्यक्ष शांति सिंह, सुनीता यादव ने भी सम्बोधित किया। अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने की। इस मौके पर शमीम खां सुल्तानी, ज़ैनब फातिमा ,गुलशन बी, नीलम वर्मा, उषा यादव, शब्बो खान, निशा शर्मा, सोनम मौर्य, राजेश्वरी यादव, सुनीता सिंह, सीमा श्रीवास्तव, इंदु शर्मा, गुड़िया गंगवार, पल्लवी सक्सेना, कमलेश सिंह, ममता गंगवार, नाज़िमा, शम्मो बेगम, पूर्व जिलाध्यक्ष अगम मौर्य ,रवीन्द्र यादव व अन्य मौजूद रहे।

# 10 घरों में पकड़ी बिजली चोरी

● शाहदाना और कटघर में चेकिंग अभियान चलाया

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली चोरी रोकने के लिए चेकिंग अभियान तेज हो गया है। विद्युत टीमों ने सोमवार रात शाहदाना के फालतूनगंज और कटघर में अभियान चलाकर 10 घरों में बिजली चोरी पकड़ी। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अधिशासी अभियंता अनुज कुमार गुप्ता और सत्येन्द्र चौहान के निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाया गया। अधिकतर घरों में मीटर से बाइपास कर बिजली चोरी होती मिली। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद ने बताया कि लाइन लॉस कम करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बकाया पर कनेक्शन काटने के साथ बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# असम सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन


चौकी चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा के सामने धरना प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** राहुल गांधी को मंदिर में जाने से रोकने के विरोध में कांग्रेसियों ने मंगलवार को चौकी चौराहे पर गांधी प्रतिमा के सामने असम सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। सरकार के इस्तीफे की मांग की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि असम सरकार ने नगांव जिले में स्थित श्री शंकर देव मठ में जाने से राहुल गांधी को रोक दिया। विपक्ष के किसी नेता को मंदिर जाने से षड्यंत्र रचकर रोका जाए इससे बड़ी शर्म की बात और क्या होगी। महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा भाजपा सरकार ने अपना इकबाल खो दिया है। प्रवक्ता राज शर्मा ने भी निशाना साधा। कासिम कश्मीरी, प्रो. यशपाल, पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार, सुरेश वाल्मीकि,जुनैद हसन एडवोकेट, दिनेश गुप्ता, रईस अहमद, उल्फत कठेरिया, मुकेश वाल्मीकि, हर्षित दुबे ,जावेद अजहरी मोहन लाल, साहिब सिंह, पाकीजा खान,अनिल देव शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सफाई के दावे का सच


आवास विकास सिविल लाइंस के पार्क में ओपन जिम में रोज सफाई का दावा किया जाता है लेकिन एक सप्ताह से जमीन पर पड़ा डस्टबिन उठाया गया न ही कूड़ा साफ किया गया। ये कैसी सफाई है। ● अमृत विचार

# बरेली और आंवला में संगठन का गठन जल्द करें पूरा : सुरेश राणा


भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ पूर्व मंत्री सुरेश राणा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बृज क्षेत्र की पांच लोकसभाओं के प्रभारी बनाए गए पूर्व मंत्री सुरेश राणा मंगलवार को बरेली आए। उन्होंने बरेली, आंवला लोकसभा क्षेत्र व संगठन के बारे में जानकारी ली।

भाजपा कार्यालय में बरेली लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी राकेश गुप्ता की मौजूदगी में उन्होंने सभी संयोजक और सहसंयोजकों का परिचय प्राप्त किया। कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद कितना विकास हुआ है इसे जनता को बताना है। योजक राजकुमार शर्मा, सहसंयोजक डा. केएम अरोरा, जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना मौजूद रहे। इसके बाद आंवला लोकसभा के प्रभारियों का परिचय लिया। उन्होंने कहा कि संगठन का गठन नहीं हुआ तो उसे पूरा कर लें। आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# हादसा बचाने पर पैट्रोलमैन विकास को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर मंडल के हाथरस सिटी–मथुरा छावनी स्टेशनों के बीच 20 दिसंबर को रात आठ बजे पैट्रोलमैन विकास कुमार यादव ने हादसा होने से बचाया था। उन्होंने ड्यूटी के दौरान देखा था कि अचानक एक कार फेंसिंग तोड़ते हुए रेलवे लाइन पर आ गई। जिसे देखकर उन्होंने पटाखे लगाकर संरक्षा सुनिश्चित करके स्टेशन मास्टर को फोन कर सूचना दी। राया स्टेशन से एक मालगाड़ी चलने वाली थी जिसे तत्काल प्रभाव से रोका दिया गया। जिससे हादसा होने से बच गया। इस पर मंडल रेल प्रबंधक, इज्जतनगर रेखा यादव ने विकास कुमार यादव को दो हजार रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया।

# हज ट्रेनर के लिए आठ लोगों ने किया आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** हज ट्रेनर के लिए जिले से आठ लोगों ने आवेदन किया है। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सदस्य डॉ. सैयद एहतेशाम उल हुदा ने बताया कि जिन आठ लोगों ने हज ट्रेनर के लिए आवेदन किया है, उनका इंटरव्यू बुधवार दोपहर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग विकास भवन में होगा। जिसमें से अनुभव और काम के आधार पर चार लोगों का चयन किया जाएगा।

# कुलसचिव को पितृ शोक

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव अजय कृष्ण यादव के पिता का निधन हो गया। विश्वविद्यालय में मंगलवार को इसके लिए प्रशासनिक भवन में शोक सभा की गई।

## सार-संक्षेप

### युवाओं के नायक थे नेताजी सुभाष चंद्र बोस



**बरेली, अमृत विचार** : वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस युवाओं के नायक थे। युवाओं को उनके कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। मंगलवार को वह भाजपा कार्यालय पर सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर मेयर डॉ. उमेश गौतम ने सुभाष चंद्र बोस के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। विधायक संजीव अग्रवाल ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, लोकसभा संयोजक राजकुमार शर्मा, डॉ. केएम अरोरा, उमेश कठेरिया, प्रभु दयाल लोधी, प्रतेश पांडे, डॉ. तृप्ति गुप्ता, विष्णु शर्मा, बंटी ठाकुर, रेखा श्रीवास्तव, देवेंद्र जोशी, अमरीश कठेरिया, सूर्यकांत मौर्य, योगेश कुमार, अनीस अंसारी, कन्हैया राजपूत, नरेंद्र कुमार मौर्य गौरव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### उत्साह के साथ मनाई नेता जी की जयंती

**बरेली, अमृत विचार** : राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान ने मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष बिंदु ने नेताजी के जीवन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार, नरेंद्र पाल, राकेश मौर्य, रामकिशोर, आशा सिंह, रश्मि, ललित गंगवार आदि मौजूद रहे।

### जयंती पर सुभाष चंद्र बोस को किया याद

**बरेली, अमृत विचार** : सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से मंगलवार को विकास भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेताजी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। हरिओम, अमर सिंह, भजन लाल, विजेंद्र पाल सिंह, सतवीर गौतम, ज्योत्सना हैना विल्सन, शारदा, लक्ष्मी देवी, जनेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

### चित्रांश महासभा ने मनाई सुभाषचंद्र बोस की जयंती

**बरेली, अमृत विचार** : अखिल भारतीय चित्रांश महासभा की ओर से मंगलवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। राकेश सक्सेना ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रदीप सक्सेना, अनूप, सक्सेना, संदीप कुमार, रवि जौहरी, कमल भारती, संजीव सक्सेना, ममता जौहरी, नीतू जौहरी, मीनाक्षी जौहरी, सुधीर कुमार, समीर राज, दीपक सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### अखिल भारतीय नृत्य एवं नाट्य समारोह पर की चर्चा



**बरेली, अमृत विचार** : ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन ने मंगलवार को बैठक कर गणतंत्र दिवस पर होने वाले अखिल भारतीय नृत्य एवं नाट्य समारोह की रूपरेखा पर चर्चा की। संरक्षक मोहम्मद नबी ने स्व. जेसी पालीवाल से जुड़े संस्मरण साझा किए। महासचिव सुनील धवन ने संजय गांधी कम्युनिटी हॉल में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी में जुटे साथियों का उत्साहवर्धन किया। संस्था के अध्यक्ष राजीव शर्मा टीटू ने इफ्फत सिराज को जिलाध्यक्ष बनाया और शॉल उड़ाकर उन्हें सम्मानित किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद सैनी, कॉर्डिनेटर प्रदीप मिश्रा, दिलशाद, मिराज आदि उपस्थित रहे।

### रोजगार सृजन के लिए द्वितीय ऋण के आवेदन शुरू

**बरेली, अमृत विचार** : प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग शुरू करने वालों के लिए द्वितीय ऋण के ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं। जिला ग्राम उद्योग अधिकारी अजय पाल सिंह ने बताया कि विनिर्माण कार्यों के लिए एक करोड़ और सेवा उद्योग प्रोजेक्ट के लिए 25 लाख रुपये तक ऋण दिया जा सकता है। आवेदक www.kviconline.gov.in/pmegp पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### बरेली कॉलेज के कर्मचारियों ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज के अस्थाई कर्मचारियों ने प्रबंध समिति के नाम ज्ञापन प्राचार्य प्रो. ओपी राय को सौंपा। कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के लेटरपैड पर सौंपे गए ज्ञापन में अस्थाई कर्मचारियों को शासन आदेश के अनुसार न्यूनतम वेतन देने की प्रबंध समिति की सहमति के बाद भी कर्मचारियों के वेतन से ही कर्मचारियों और नियोक्ता के अंश की कटौती की जा रही है जो गलत है। कर्मचारियों ने इसमें सुधार की मांग की। अगर कोई समाधान नहीं हुआ तो कर्मचारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में पूरनलाल मसीह, सुनील कुमार, वीर कुमार, मदनलाल, गंगा प्रसाद, श्याम कुमार, रंजीत कुमार, जयवीर, होरीलाल, रामू, राजाराम आदि कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं जितेंद्र मिश्रा ने लेटरपैड के दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है।

### राज्य पुरस्कार के लिए वंदना नामित

**बरेली, अमृत विचार** : जलकुंभी को हैंडीक्राफ्ट के रूप में प्रदेश स्तर पर पहचान दिलाने के लिए शहर की वंदना राठौर को उत्तर प्रदेश दिवस पर राज्य पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। वंदना के पति निजी स्कूल में प्रिंसिपल हैं। 47 वर्षीय वंदना अब तक कई महिलाओं को जलकुंभी से हस्तशिल्प का सामान बनाना सिखा चुकी हैं। उन्हें नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत नदियों और जलाशयों के संरक्षण के लिए प्रेरित करने के लिए जलकुंभी से बनी मैट पर पेंटिंग से सकारात्मक संदेश देने के लिए इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

### नई शिक्षा नीति पर हुई वाद विवाद प्रतियोगिता



**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज के भूगोल विभाग में मंगलवार को पीजी फोरम ने वर्तमान शिक्षा पद्धति के परिपेक्ष्य में नई शिक्षा नीति उपयोगी या अनुपयोगी विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता की। इसमें एमए प्रथम सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने पक्ष-विपक्ष रखा। निर्णायक मंडल में डॉ. नजिया खान और पंकज कुमार रहे। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. अक्षय कुमार शुक्ला, डॉ. नमिता यादव और डॉ. सीताराम मौजूद रहे।

आवश्यकता है
अमृत विचार बरेली ऑफिस को
- सर्कुलेशन मैनेजर
- अकाउंटेंट (विज्ञापन विभाग)
- सिक्योरिटी गार्ड की

वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# परीक्षा के बाद आरटीआई के तहत उत्तर पुस्तिका देखने की समय सीमा एक माह

## परीक्षा समिति के निर्णय के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परीक्षा के बाद आरटीआई के तहत उत्तर पुस्तिका देखने की समय सीमा एक महीने निर्धारित कर दी है। परीक्षा समिति के निर्णय के बाद परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

विश्वविद्यालय के स्नातक, परास्नातक और अन्य पाठ्यक्रमों के छात्रों को परीक्षा परिणाम आने के बाद आरटीआई के तहत उत्तर पुस्तिका देखने की सुविधा दी गई है। इसके तहत छात्र देख सकता है कि उसकी उत्तर पुस्तिका के सभी प्रश्न जंचे हुए हैं और उसको कितने अंक दिए गए हैं। इसके बाद यदि कोई कमी लगती है तो वह चुनौती मूल्यांकन में दावा कर सकते हैं।

अभी तक परीक्षा परिणाम आने के बाद छात्र कई महीने तक आरटीआई दाखिल करते थे। इसकी वजह से विश्वविद्यालय को काफी परेशानी होती थी और अगले सत्र में भी देरी की संभावना रहती थी।

अब विश्वविद्यालय ने निर्णय लिया है कि परीक्षा परिणाम जारी होने की तिथि के बाद एक महीने में विद्यार्थी आरटीआई के तहत उत्तर पुस्तिका देख सकेंगे। इसके बाद उन्हें आरटीआई के तहत मौका नहीं दिया जाएगा।




### एलएलबी की विषम सेमेस्टर की परीक्षा 16 केंद्रों पर होगी

**बरेली, अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी और बीएएलएलबी की परीक्षा के केंद्र निर्धारित कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक परीक्षा 16 केंद्रों पर होगी। बरेली में बरेली कॉलेज, राजकीय संघटक महाविद्यालय रिछा और खंडेलवाल कॉलेज में केंद्र बनाए हैं। इसके अलावा पीलीभीत में एक, बदायूं में एक, रामपुर में एक, शाहजहांपुर में एक, मुरादाबाद में दो, बिजनौर में चार, अमरोहा में एक और संभल में एक केंद्र बनाया गया है।

### स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर में पांच प्रश्नों के देने होंगे उत्तर

**बरेली, अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा का समय और प्रश्नपत्रों की संख्या निर्धारित कर दी है। परीक्षा फरवरी में शुरू होंगी। अभी 28 जनवरी तक परीक्षा फार्म भरे जा रहे हैं। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्नातकोत्तर प्रथम और तृतीय सेमेस्टर सत्र 2023-24 की परीक्षा का समय दो घंटे निर्धारित किया गया है। 1 दिसंबर 2023 को परीक्षा समिति ने निर्णय लिया कि परीक्षा में विद्यार्थियों को पांच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे, जिसमें खंड अ में 10-10 अंक के तीन लघु उत्तरीय और खंड ब में 20-20 अंक के दो दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रश्नपत्र का पूर्णांक 70 अंकों का होगा। इस संबंध में उन्होंने सभी संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं।

### एआईसीटीई से बीएमएस, बीबीए और बीसीए की संबद्धता लेने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार** : विश्वविद्यालयों के द्वारा संचालित बीएमएस (बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज), बीबीए और बीसीए की संबद्धता अब एआईसीटीई (आल इंडिया कांउसिल फॉर टेक्निकल यूनिवर्सिटी) से होगी। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने मंगलवार को जुलाई-अगस्त में शुरू होने वाले सत्र 2024-25 के लिए एआईसीटीई से संबद्धता के लिए आवेदन के इस संबंध में निर्देश दिए हैं। रुहेलखंड विश्वविद्यालय में भी बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रम पहले से संचालित हैं और पिछले दो सत्र से परिसर में बीएमएस का पाठ्यक्रम शुरू किया गया था। विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रो. पीबी सिंह ने बताया कि अगले सत्र से बीएमएस, बीबीए और बीसीए को एआईसीटीई से संचालित करने के दिशा-निर्देश यूजीसी ने दिए हैं।

### महाविद्यालयों के प्राचार्यों की वरिष्ठता सूची होगी निर्धारित

**बरेली, अमृत विचार**: रुहेलखंड विश्वविद्यालय राजकीय और अनुदानित महाविद्यालयों के प्रचार्यों की वरिष्ठता निर्धारित करेगा। इसकी सूची प्रकाशित की जाएगी। इस संबंध में कुलसचिव अरुण कुमार यादव ने महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्रबंधक और सचिवों से 27 जनवरी तक प्राचार्य का नाम, विषय, जन्मतिथि, शैक्षिक अनुभव, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी आदि 12 बिंदुओं पर सूचना मांगी है। इससे पहले विश्वविद्यालय महाविद्यालयों और परिसर के शिक्षकों की वरिष्ठता सूची प्रकाशित कर चुका है। इस पर बरेली कॉलेज के शिक्षकों ने विरोध किया था, जिसके बाद एक महीने का समय दिया गया था।

# जेईई मेनः आज सिर्फ द्वितीय पाली की होगी परीक्षा, 154 अभ्यर्थी बैठेंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा-1 (जेईई मेन) 24 जनवरी से 1 फरवरी तक होगी। सिद्धि विनायक इंस्टीट्यूट को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिले में कुल 3,883 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

**▸▸ जिले में 3,883 परीक्षार्थी जेईई मेन की परीक्षा में होंगे शामिल**

एनटीए के सिटी कोआर्डिनेटर व डीपीएस के प्राचार्य डॉ. वीपी मिश्रा ने मंगलवार को बताया परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पहले दिन बुधवार को केवल द्वितीय पाली की परीक्षा होगी। इसमें पेपर 2ए (बी आर्क), पेपर 2बी (बी. प्लानिंग) की परीक्षा 3-6 बजे तक होगा। 154 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। 27 जनवरी को पहली पाली में 443, दूसरी पाली में 299, 29 जनवरी को पहली पाली में 341 व दूसरी पाली में 546 परीक्षार्थी शामिल होंगे। 30 जनवरी को पहली पाली में 376 व दूसरी पाली में 354, 31 जनवरी को पहली पाली में 355 व दूसरी पाली में 410 के अलावा 1 फरवरी को पहली पाली में 312, दूसरी पाली में 293 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। विद्यार्थी निर्धारित समय पर परीक्षाकेंद्र पहुंच जाएं। बताया कि इस समय सीबीएसई बोर्ड के प्रैक्टिकल चल रहे हैं। किसी बच्चे की परीक्षा व प्रैक्टिकल साथ पड़ रहे हों तो वे अपने स्कूल के प्रधानाचार्य से बात करके बोर्ड प्रैक्टिकल के समय को आगे-पीछे करने का अनुरोध कर सकते हैं। विद्यालय की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा।

# परीक्षा में ड्यूटी कटवाने को आए 30 से अधिक आवेदन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : यूपी बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी से बचने के लिए शिक्षकों ने अभी से कोशिश शुरू कर दी है, जबकि परीक्षा एक महीने बाद शुरू होगी। डीआईओएस कार्यालय में 30 से अधिक आवेदन अब तक ड्यूटी कटवाने के आ चुके हैं।

**▸▸ यूपी बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी कटवाने के लिए अभी से कोशिश कर रहे शिक्षक**

डीआईओएस देवकीनंदन सिंह ने बताया कि शिक्षकों की ड्यूटी अभी लगी नहीं है लेकिन परीक्षा ड्यूटी से बचने के लिए अभी से ही बीमार होने के पत्र आने लगे हैं। ड्यूटी नहीं लगाने का आग्रह तभी स्वीकार होगा जब शिक्षक और कर्मचारी मेडिकल प्रमाण पत्र के साथ ही सीएमओ की ओर से संस्तुति भी कार्यालय में जमा करेंगे। इसके बाद विभागीय स्तर से जांच के बाद अवकाश को स्वीकृत किया जाएगा। वर्तमान में 30 से अधिक आवेदन ड्यूटी कटवाने के लिए विभाग में आ चुके हैं।

**जीआईसी, विष्णु इंटर कॉलेज ने प्रयोगात्मक परीक्षा की जारी की तिथि**

राजकीय इंटर कॉलेज में प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि जारी की गई है। प्रधानाचार्य के अनुसार इंटर की जीव विज्ञान, खेल एवं शारीरिक शिक्षा की लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा 27 जनवरी, रसायन विज्ञान और भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 30 व 31 जनवरी को होगी। विष्णु इंटर कॉलेज में भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 29 जनवरी को आयोजित होगी।

### 12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कल से

**बरेली, अमृत विचार** : बोर्ड ने 12 वीं की प्रयोगात्मक परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। अफसरों के अनुसार प्रयोगात्मक परीक्षाएं 25 जनवरी से 9 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी। कंट्रोल रूम की स्थापना कर दी गई है। प्रधानाचार्यों को प्रयोगात्मक परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसकी रिकार्डिंग डीवीआर में सुरक्षित रखी जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम पर पांच सदस्यीय टीम को नामित किया गया है। इनमें राजकीय हाईस्कूल टांडा सादात के प्रधानाचार्य त्रिवेंद्र कुमार और राजकीय हाईस्कूल इनायतपुर की प्रधानाध्यापिका कुसुम लता को प्रभारी, राजकीय हाईस्कूल तालगौटिया के कनिष्ठ सहायक, राजकीय हाईस्कूल इनायतपुर की रूबी पाल, राजकीय इंटर कॉलेज हाफिजगंज के नितिन कुमार को सदस्य नामित किया गया है।

### हाईस्कूल : आंतरिक मूल्यांकन से होंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह के अनुसार हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षाएं बीते साल की तरह विद्यालय स्तर पर आंतरिक मूल्यांकन (प्रोजेक्ट कार्य) के आधार पर होंगी। हाईस्कूल के व्यक्तिगत परीक्षार्थी अपने केंद्र के प्रधानाचार्य से संपर्क कर प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल होने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षा (आंतरिक मूल्यांकन) नैतिक खेल एवं शारीरिक शिक्षा, इंटर की खेल एवं शारीरिक शिक्षा के प्राप्तांक प्रधानाचार्य के माध्यम से परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड किए जाएंगे।

### यू-डायस पर 31 तक करना होगा डाटा अपलोड

**बरेली, अमृत विचार** : यू-डायस पोर्टल पर विद्यालयों को 31 जनवरी तक डाटा अपलोड करना होगा। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन पर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार शासन ने 31 जनवरी तक यू-डायस पर डाटा अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। आंकड़ों के अनुसार जिले में 5065 विद्यालयों के सापेक्ष 261 स्कूलों और 326 अध्यापकों ने डाटा अपडेट नहीं किया है। सत्र 2022-23 में पंजीकृत 8,31,036 के सापेक्ष 5,63,356 बच्चों का डाटा अपडेट किया गया है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि 31 जनवरी तक डाटा अपलोड न करने वाले विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मान्यता भी रद्द की जा सकती है। इसके लिए सभी बीईओ को निर्देश जारी किए गए हैं।

# सड़क सुरक्षा रैली निकालकर नियमों के पालन का दिया संदेश



सड़क सुरक्षा रैली में मौजूद छात्र, शिक्षक व अन्य। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार** : केशलता कॉलेज/स्कूल आफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा रैली निकालकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, निदेशक डॉ. लता अग्रवाल, केशलता अस्पताल के निदेशक गोपाल अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली अस्पताल से एकता नगर होते हुए स्पोर्ट्स स्टेडियम पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने चालकों से वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने की अपील की। रैली में यातायात पुलिस के जवान भी मौजूद रहे। इस दौरान संस्थान की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मनोहरम बी, उपप्राचार्य अनीता गोटलिव, प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र खंडेलवाल, डॉ. अरविंद जांगिड़, ऋषभ कुमार, नितिन सहाय, दीपाली धवन, अंकिता माइकल, आइरिन बर्ज समेत नर्सिंग फैकल्टी उपस्थित रही।

### मतदाता दिवस पर होगा शपथ ग्रहण समारोह

**बरेली, अमृत विचार** : राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिले में कई प्रतियोगिताएं होंगी। एडीएम फाइनेंस एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह ने बताया कि 25 जनवरी को अवकाश की वजह से बुधवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम स्कूलों में होंगे। इस दौरान कई प्रतियोगिताओं के अलावा मतदाता शपथ ग्रहण समारोह भी होगा।

## उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस आज, उत्कृष्ट कार्य करने वाले होंगे सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार** : जीआईसी स्थित ऑडिटोरियम में बुधवार को उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरकारी और गैर सरकारी लोगों को सम्मानित किया जाएगा। पिछले दिनों जिलाधिकारी ने सम्मानित करने वालों के नामों का चयन करने के लिए सीडीओ को निर्देश दिए थे। कमेटी ने आवेदनों के आधार पर लोगों के नाम तय किए हैं। दोपहर 12 से 2 के बीच कार्यक्रम होगा। सीडीओ जगप्रवेश की ओर से विधायकों को प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित किया गया है। यहां योजनाओं के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। फिलहाल, मंगलवार देर शाम तक अधिकारी कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे रहे।

# बरेली और पीलीभीत की टीमों ने जीते मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली



स्पोर्ट्स स्टेडियम में टी-20 मैच में शॉट लगाने को तैयार खिलाड़ी। ● अमृत विचार



शॉट लगाकर टूर्नामेंट की शुरुआत करते वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार।

**अमृत विचार** : पत्रकार क्रिकेटर्स क्लब की ओर से पांचवी शकुंतला देवी मेमोरियल प्राइजमनी टी-20 क्रिकेट लीग की शुरुआत की गई। पहले दिन दो मैच हुए, जिसमें ब्रोसिड बरेली और 22 यार्ड पीलीभीत ने मैच जीते।

पहला मैच ब्रोसिड बरेली और स्प्रिंगफील्ड मुरादाबाद के बीच हुआ। टॉस जीतकर मुरादाबाद स्प्रिंगफील्ड ने पहले खेलते हुए 18.4 ओवर में 97 रन का लक्ष्य दिया। कासिम सैफी ने 23 और शाहनवाज अली ने 20 रन बनाए। ब्रोसिड बरेली टीम के चेतन और फहीम निजामी ने 4-4 विकेट लिए। ब्रोसिड बरेली ने 18 ओवर में ही छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ब्रोसिड की ओर से कप्तान चेतन ने 31 रन बनाए। इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच कप्तान चेतन रहे।

**▸▸ शकुंतला देवी मेमोरियल प्राइजमनी क्रिकेट लीग टी-20 के तहत हुए दो मैच**

इससे पहले मैच की शुरुआत मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार और डॉ. सौरभ अग्रवाल ने की।

दूसरे मैच में एसएएस क्रिकेट क्लब बरेली ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए 18.5 ओवर में 108 रन बनाए, जिसमें कप्तान सजल ने 23 रनों का योगदान दिया। पीलीभीत की टीम ने 18.3 ओवर में ही लक्ष्य को चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच मनीष चुने गए। इस मैच की शुरुआत डीपीएस के प्रधानाचार्य वीके मिश्रा ने की। क्लब के अध्यक्ष सुनील सक्सेना और सचिव प्रशांत रायजादा ने बताया कि बुधवार को पहला मैच पीलीभीत और न्यूट्री वर्ल्ड चैंपियन और दूसरा अंबिका उन्नाव और आई के कलेक्शन के मध्य होगा। संजय सक्सेना, देवेश गंगवार, रमन खन्ना, कमलकांत बेलवाल, पंकज सिन्हा, विवेक मिश्रा, गजेंद्र पटेल, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव, ओपी कोहली, विवेक मिश्रा आदि मौजूद रहे। अंपायरिंग मुनाजिर नियाजी, राजीव सैनी ने और स्कोरिंग साईं सक्सेना ने की।

# यातायात नियम मानकर रहें सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत स्पोर्ट्स स्टेडियम में मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस दौरान कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ. राकेश सिंह, डीएम रविन्द्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

**▸▸ कमिश्नर आईजी, डीएम ने लोगों को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ**

आईजी ने विद्यार्थियों से कहा कि सड़क पर चलते समय सभी यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें और अपने परिवार और मित्रों को भी जागरूक करें। 18 वर्ष से कम उम्र का कोई भी छात्र स्कूटी चलाकर स्कूल न जाएं। डीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा का मतलब, सड़क पर चलने वालों की सुरक्षा से है। यह केवल यातायात के नियमों का पालन करने एवं सड़क सुरक्षा की सावधानियों सहित वाहन को चलाने से सम्भव है। कार्यक्रम में करीब 55 सौ छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर एडीएम प्रशासन दिनेश, एसपी ट्रैफिक शिवराज सिंह, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी संध्या रानी, डीआईओएस देवकी नन्दन सिंह मौजूद रहे।




स्पोर्ट्स स्टेडियम में यातायात नियमों की शपथ दिलाते अधिकारी। ● अमृत विचार



सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात नियमों की शपथ लेते विद्यार्थी और शिक्षक।

## प्रशिक्षण में सफल एफपीओ के बारे में दी जानकारी

**बरेली, अमृत विचार** : नाबार्ड के सहयोग से बरेली किसान एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बोर्ड सदस्यों और सीईओ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को आईवीआरआई के कृषि विज्ञान केंद्र में शुरू हुआ।

मुख्य अतिथि जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक ने कहा कि एफपीओ की संख्या प्रदेश में अभी अन्य प्रदेशों से काफी पीछे चल रही है। उन्होंने देश के कुछ सफल एफपीओ के उदाहरण देकर प्रशिक्षण की सराहना की। विशिष्ट अतिथि डीडीएम नाबार्ड डीके मिश्रा ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र एवं ग्लांस एजूकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त सहयोग से प्रशिक्षण एफपीओ को अपने उद्देश्यों में सफलता की ओर ले जाएगा। केवीके के अध्यक्ष डॉ. एचआर मीना ने कहा कि प्रशिक्षण में एफपीओ के गठन, उसके घटक सदस्यों कि भूमिका, प्रबंधन आदि की जानकारी दी जाएगी। डॉ. शार्दूल विक्रम लाल ने आभार जताया।

# समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

- Groth Hormone
- Testosterone Hormone
- L.H Hormone
- F.S.H.Hormone
- Vitamin D
- Prolaction Hormone
- Suger/• B.P
- ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE

सभी जाँच करवा कर
WhatsApp पर करें
और घर वैठे इलाज करवायें

**नरेन्द्र कुमार-**
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

**पवन कुमार-**
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो गया।

धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरुष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :



# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए नि:संकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# आग से नकदी समेत सामान राख

## छप्पर पर रॉकेट गिरने से लगी थी आग, पशु भी झुलसे

संवाददाता, भमोरा

**अमृत विचार:** अयोध्या में हुई श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर क्षेत्र में दीपावली जैसा जश्न मनाया गया। इस दौरान छोड़ी गई आतिशबाजी से एक गरीब के घर में आग लग गई, जिससे नकदी समेत गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। वहीं आग से भैंस भी झुलस गई।

गांव हर्रामपुर में छप्पर पर गिरे रॉकेट से गृहस्थी का सामान जल गया, साथ ही भैंस भी झुलस गई।



घर में जला पड़ा सामान।

पीड़ित किशन लाल वाल्मीकि ने बताया की उसकी पत्नी गांव में सामुदायिक शौचालय पर केयर टेकर की नौकरी करती है।

सोमवार रात गांव में चल रहे कीर्तन में मैं गया था पत्नी कमरे में सो रही थी। अचानक एक रॉकेट छप्पर पर आकर गिरा देखते-देखते घर में आग लग गई। छप्पर में बंधी भैंस झुलस गई और आग ने कमरे में रखें कपड़ों को अपनी चपेट में ले लिया किसी तरह आगा पर काबू पाया गया एक दिन पूर्व घर की मरम्मत के लिए समूह द्वारा निकाला गया 20 हजार रुपये भी जल कर राख हो गए।

# कंपोजिट विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों का सामान समेटा

**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा के कम्पोजिट विद्यालय का ताला तोड़कर चोर लैपटॉप समेत हजारों का सामान ले गए।

विद्यालय के शिक्षक नीरज वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नीरज वर्मा ने बताया कि 22 जनवरी को सुबह 10 बजे जब वह विद्यालय पहुंचे तो गेट का ताला टूटा था। अंदर जाने पर जब सामान चेक किया तो पता चला कि चोर विद्यालय से एचपी का लैपटॉप चार्जर सहित, पंप का मोटर, बाल्टी, प्लेट, चमंच, प्रोजेक्टर का यूपीएस आदि सामान ले गए।

# रेलकर्मी के बेटे ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के वीर सावरकर नगर में रेलकर्मी के बेटे ने मंगलवार सुबह फंदे पर लटककर जान दे दी। परिजनों ने किसी तरह की जानकारी से इन्कार कर दिया।

इज्जतनगर पुलिस के मुताबिक वीर सावरकर नगर निवासी दिनेश कुमार रेलवे में कार्यरत हैं। मंगलवार सुबह छह बजे उनका बेटा रिषभ यादव उठा और दोबारा कमरे में चला गया। जब सात बजे के करीब परिजन उसे उठाने पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। खिड़की से झांककर देखने पर पता लगा कि वह कुंडे के सहारे फंदे पर लटका है। गले में दुपट्टा बंधा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने बढ़ई को बुलवाकर दरवाजा तुड़वाया। शव को फंदे से उतारा। इंस्पेक्टर इज्जतनगर जयशंकर सिंह ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। आत्महत्या क्योंकि इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।

## पति से विवाद के बाद महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**बरेली, अमृत विचार :** बेटी को लेकर पति से हुए विवाद के बाद महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर हालात चिंता जनक बनी हुई है। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव मठ लक्ष्मीपुर निवासी विजय कुमार की पत्नी अनीता (25) को मंगलवार को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसके घर वालों में बताया कि अनीता का सुबह अपनी बच्ची को लेकर पति से विवाद हो गया। जिससे नाराज होकर अनीता ने पति के घर से बाहर जाते ही जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पता चलने पर घर वालों ने उसके

## दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट होने पर पत्नी के भागने की कराई एफआईआर

**बरेली, अमृत विचार :** एक महिला ने ससुराल वालों के उत्पीड़न से परेशान होकर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब महिला के खिलाफ ससुराल वालों ने एक युवक के साथ भागने की रिपोर्ट दर्ज करा दी। महिला ने बदनाम करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है।

थाना हाफिजगंज निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी मेहतपुर तिजासिंह थाना फरीदपुर निवासी युवक के साथ हुई थी। दहेज के लिए ससुराल वाले आए दिन प्रताड़ित करते थे। उसने 11 जनवरी को पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद उसे बदनाम करने के लिए ससुराल वालों ने एक युवक के साथ भाग जाने की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई।

## हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बरेली, अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर बिलवा पुल के पास 19 जनवरी को अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल हो गया। निजी अस्पताल में भर्ती युवक की मंगलवार को मौत हो गई।

भमोरा के आलमपुर जाफराबाद निवासी विकास शर्मा ने बताया कि वह और उनका चचेरा भाई यश शर्मा (21) मढ़ीनाथ में किराये के मकान में रहते हैं। दोनों का रेस्टोरेंट है। 19 जनवरी को यश किसी काम से भोजीपुरा जा रहा था, तभी विलवा पुल के पास अज्ञात वाहन ने यश की स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने यश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान 23 जनवरी को उसने दम तोड़ दिया। यश के पिता की दो वर्ष पहले ही मौत हो चुकी है।

# महिला का आरोप, ससुराली कराना चाहते हैं देह व्यापार

▸▸ कोर्ट के आदेश पर आरोपियों पर रिपोर्ट, पति की हो चुकी है मौत

**बरेली, अमृत विचार :** एक महिला का आरोप है कि ससुराली उससे देह व्यापार कराना चाहते हैं। मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

भोजीपुरा क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि चार साल पहले बीमारी से पति की मौत हो गई। देवर ने दो महीने बाद शादी का दबाव बनाया। मना करने पर ससुराल वाले रंजिश मानने लगे। आरोप है कि 6 दिसंबर 2023 को बच्चे आंगन में खेल रहे थे। तभी देवर ने दुष्कर्म करने की कोशिश की।विरोध करने पर जेठ, जेठानी आ गए और देवर का सहयोग करने लगे। उसके हाथ बांध दिए। चीख पुकार सुनकर पड़ोस के लोग आए तो आरोपी भाग गए। महिला ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि 9 दिसंबर को फिर ससुराली आए और बोले कि उसकी शादी देवर से करा देंगे और देह व्यापार में उतार देंगे। मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी देवर, जेठ, जेठानी और ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सुभाषनगर में महिला पर घर में सेक्स रैकेट चलाने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर में लोगों ने एक महिला पर घर में सेक्स रैकेट चलाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को इसकी शिकायत थाने में की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सुभाषनगर के ओमपाल, सत्यम सिंह, राजेश यादव, राजेश जाटव, चरन यादव, आशा, लक्ष्मी, सुनीता, सुनील, पूनम, रामवती, पप्पू, गगन, पूजा समेत अन्य लोगों ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाली महिला सेक्स रैकेट चलाती है। उसके घर में लड़के-लड़कियां आती हैं। मंगलवार को जब आने-जाने वालों की स्थानीय लोगों ने वीडियो बनाई तो वे लोग बचकर भागने लगे। इसके बाद सुभाषनगर थाने में मामले की शिकायत की है। सुभाषनगर थाना प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। अगर आरोप सही पाए गए तो रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### मंदिर में भंडारे के साथ कीर्तन कराया



**बरेली, अमृत विचार :** अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्लेन कैंसर सेंटर की डायरेक्टर डा. रितु भुटानी और दीप तिवारी ने प्रेम नगर स्थित हनुमान-काली मंदिर में भंडारा और कीर्तन कराया। साथ ही हर्षोल्लास के साथ आतिशबाजी की व शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम में समस्त कर्मचारी शामिल रहे।

### ताइवान में प्राण प्रतिष्ठा का देखा सीधा प्रसारण



**बरेली, अमृत विचार :** देश के साथ विदेश में भी प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखा गया और पूजा अर्चना भी की गई। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सह मीडिया प्रभारी तपन वर्मा की बेटी मेधावी वर्मा भी ताइवान के ताइपे में कार्यक्रम में शामिल हुई और पूजा की। उनकी बेटी ताइवान में शिक्षा ग्रहण कर रही है।

### शास्त्री नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा

**बरेली, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर शास्त्रीनगर में विशाल शोभायात्रा निकालने के बाद आरती की गई। इस मौके पर पार्षद गौरव सक्सेना, प्रमोद पांडेय, प्रदीप, पवन, तरनजीत, धीरेंद्र, शक्ति कुमार, मनीष जलोटा, सुनील और अन्य उपस्थित रहे।

### उत्साह के साथ मनाया प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कैंसर संस्था एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डॉ. प्रेम किशोर जांगिड़ ने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव उत्साह के साथ मनाया। उन्होंने कहा कि सभी को प्रभु श्रीराम से प्रेरणा लेनी चाहिए और पूरे दिल से मरीजों की सेवा करनी चाहिए।

### संघ ने मोहित आनंद को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** रामलला के आभूषण बनाने के लिए हरसहायमल श्यामलाल ज्वैलर्स के मालिक मोहित आनंद को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक धर्मेन्द्र, विभाग प्रचारक धर्मेन्द्र भारत, महानगर प्रचारक मयंक ने शॉल ओढ़ाकर मोहित को सम्मानित किया। उन्होंने इसे बरेली के लिए गौरव का क्षण बताया।

### सैमसंग गैलेक्सी एस 24 अल्ट्रा की हुई लांचिंग



**बरेली, अमृत विचार :** पटेल चौक स्थित एसआर कम्यूनिकेशन पर सैमसंग गैलेक्सी एस 24 अल्ट्रा की लांचिंग हुई। पहले ग्राहक त्रिजित अग्रवाल रहे। स्टोर मालिक शिवम अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, दीपांशी अग्रवाल और कंपनी के अधिकारी मौजूद रहे।

### मारपीट के मामले में चार लोगों पर रिपोर्ट

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** सार्वजनिक जमीन पर कब्जे के विरोध में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस्माइलपुर गांव में भूमि पर कब्जे के विरोध पर रविवार को गांव के ही दो पक्षों में मारपीट हो गई थी, जिसमें एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए थे। मंगलवार को पीड़ित नन्हे राम पाली की तहरीर पर पुलिस ने एक महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आओ फोटो खीचें



मंगलवार को बरेली कॉलेज में गिलहरी दाना चुग रही थी। एक छात्रा ने देखा तो नजदीक पहुंच गई। गिलहरी बिना डरे दाना चुगती रही। छात्रा ने मोबाइल से कई फोटो क्लिक किए।

फोटो एवं विवरण मोहित कुमार सिंह

## एक नजर

### अनियंत्रित बाइक फिसली दो लोग गंभीर घायल

**दुनका, अमृत विचार :** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसलकर गिर गई, जिससे दो लोग घायल हो गए। बाइक सवार शीशगढ़ निवासी प्रदीप और बृजेश तेज गति से धनेटा की ओर जा रहे थे। दुनका बाजार में चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे बाइक फिसलकर गिर गई। जिससे दोनों काफी दूर तक बाइक के साथ घिसटे चले गए, हालांकि दोनों को हल्की चोट आई हैं। स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के निजी डॉक्टर के पास भेजा, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद दोनों चले गए।

### हादसे में युवक की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कैंट, अमृत विचार :** सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत के मामले में मंगलवार को पुलिस ने मृतक के भतीजे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। दर्ज कराई रिपोर्ट में युवक ने बताया कि थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी प्रेम सिंह 19 जनवरी को शाम करीब 7 बजे बाइक में पेट्रोल भरवाकर लौट रहे थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्यारा के सामने बुखारा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी। हादसे के बाद ट्रक चालक ने भागने की कोशिश की। जिसे थाना फरीदपुर की देवरनियां चौकी पुलिस ने पकड़ लिया। चालक ट्रक छोड़कर भागने में सफल हो गया था।

### प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिरों में रामायण पाठ

**मीरगंज, अमृत विचार :** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन ग्राम नगरिया सादात में चार मंदिरों में रामायण का पाठ हुआ। जो कि सकुशल पूर्ण हुआ व 2:00 बजे से 6:00 बजे तक झांकी व राम बारात पंचायत घर हरि बाबा मंदिर से होते हुए कस्बा मीरगंज होते हुए शिव मंदिर पर आकर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस राम बारात में ग्राम प्रधान शिव कुमार, खेमेन्द्र मौर्य, तेजराम मौर्य, राजू मौर्य, तथा समस्त ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा एवं किन्नर समाज के लोगों ने भी इस राम बारात में सहयोग दिया।

### मुकदमे में कार्रवाई न होने पर एसएसपी से शिकायत

**मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज थाना क्षेत्र के सराय खाम के रहने वाले युवक ने मुकदमे में कार्रवाई न होने पर मंगलवार को एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की। पीड़ित कुंदन निवासी सराय खाम ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि विवेचक की ओर से चोरी के मुकदमे में फिंगरप्रिंट और बीटीएस के अनुसार कार्रवाई नहीं की जा रही है। विवेचक पर विवेचना में लापरवाही का आरोप लगाया है वहीं एसएसपी ने तत्काल पुलिस को मामले में कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

### प्राण प्रतिष्ठा पर हुए भंडारे में सभी ने दिया सहयोग

**बहेड़ी, अमृत विचार :** समाज में हर किसी की अपनी भूमिका है। मन हो तो उसे अच्छे से निभाया भी जा सकता है। इसलिए छोटे या बड़े का प्रश्न ही नहीं रह जाता। अयोध्या में सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में लंका जाने के लिए समुद्र पर पुल बनाए जाने के दौरान एक गिलहरी के सहयोग का जिक्र किया था। कुछ इसी तरह की भावना बहेड़ी निवासी एक व्यक्ति ने निभाई। फुटपाथ पर बैठकर जूते, चप्पलों की मरम्मत कर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले संजय सागर ने रामकाज के लिए अपनी दो दिन की कमाई तो दान की ही, सारा काम छोड़कर धार्मिक कार्यक्रमों और भंडारों में श्रमदान किया। रामभक्तों ने उनके इस काम की दिल से तारीफ की। राजन गुप्ता, राहुल गुप्ता, दिनकर गुप्ता, राजेश रस्तोगी, अंकित गुप्ता, जितेंद्र तोमर व मुन्ने कश्यप ने समाज के लिए इसे एक संदेश का नाम दिया।

# बहेड़ी में अतिक्रमण पर चला नगर पालिका का बुलडोजर

## अवैध निर्माण की समाधान दिवस में सभासद ने की थी शिकायत

संवाददाता, बहेड़ी


बहेड़ी में पक्के निर्माण को गिराता बुलडोजर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बहेड़ी में जगह-जगह हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ सभासदों मोर्चा खोल रखा है। जिलाधिकारी से लेकर एसडीएम तक लगातार शिकायत की जा रही है। सभासदों की शिकायत पर मंगलवार को नगर पालिका के बुलडोजर ने पक्के अतिक्रमण को जमींदोज कर दिया।

नगरपालिका के वार्ड 20 निवासी महिला सभासद सबीना बी ने 20 जनवरी को समाधान दिवस में शाहगढ़ क्षेत्र में कुछ लोगों पर पक्का निर्माण कराकर कब्जा किए जाने की शिकायत की थी। शिकायत की जांच में मामला सही पाए जाने पर मंगलवार को नगरपालिका व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम में जेसीबी लगाकर अवैध कब्जा ढहा दिया। शाहगढ़ क्षेत्र के गाटा संख्या 320 का रकबा राजस्व विभाग के अभिलेखों में नगरपालिका की संपत्ति के रूप में तालाब के नाम से दर्ज है। महिला सभासद की शिकायत पर लेखपाल अमित वर्मा ने पैमाइश की तो शिकायत सही पाई गई। महिला सभासद का आरोप था कि शाहगढ़ निवासी अकील अहमद और सलीम ने उस जमीन पर कब्जा करने की नीयत से पक्की दीवार खड़ी की थी। मंगलवार को ईओ वीरेंद्र प्रताप सिंह, जेई नरेंद्र गंगवार व सफाई निरीक्षक अहमद हसन राजस्व विभाग की टीम के साथ जेसीबी लेकर पहुंचे और अवैध निर्माण ढहा दिया गया।

### तालाब की जमीन पर किया था कब्जा

समाधान दिवस में की गई शिकायत के अनुसार आरोपियों ने तालाब की जमीन पर कब्जा करने के लिए पक्का निर्माण करा लिया था। इस वजह से मोहल्ले के नालियों से पानी निकासी की समस्या हो रही थी। स्थानीय लोगों की समस्या को देखते हुए सभासद ने शिकायत की थी, जिस पर मंगलवार को कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को ढहा दिया गया।

# बिजली विभाग पर लगाया 25 हजार रुपये का जुर्माना

संवाददाता, नवाबगंज

- बिल जमा होने के बाद भी काटा बिजली कनेक्शन
- काम बंद होने से व्यापारी का 40 क्विंटल गेहूं भीग गया था

**अमृत विचार :** निर्धारित तिथि से पूर्व ही एक निजी सेलर स्वामी के विद्युत बिल जमा करने के बावजूद भी बिजली कर्मचारियों ने उसका 33 केवी का कनेक्शन काट दिया। सेलर स्वामी ने उपभोक्ता फोरम में मामला दर्ज कराया तो आयोग ने वादी को क्षतिपूर्ति के 15 हजार और 10 हजार वाद व्यय सेलर स्वामी को देने के आदेश किए हैं।

नगर में शामिल हुए याकूबपुर मार्ग पर शब्बीर अहमद का किसान सेवा केंद्र के नाम से सेलर है, जिस पर वह गेहूं पिसाई, धान कुटाई व तेल पिराई आदि का कारोबार करता है। उसके प्लांट का दिसंबर 2022 में 50 हजार 836 रुपये का बिल आया था, जिस पर बिल जमा करने की अंतिम तिथि 28 दिसंबर थी। उपभोक्ता ने ये राशि 14 दिसंबर को ही नेट बैंकिंग से जमा कर दी। आरोप है कि बकाया के आरोप में संविदा विद्युत कर्मियों प्रमोद कुमार और झांझन लाल ने मोबाइल में जमा रसीद दिखाने के बावजूद भी उसका कनेक्शन काट दिया। आरोप है कि ये कर्मचारी कनेक्शन नहीं काटने के बदले व्यापारी से दस हजार रुपये मांग रहे थे। हालांकि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों से फरियाद करने के बाद चार दिन बाद ही उसका कनेक्शन जोड़ दिया गया था। इस दौरान उसका 40 क्विंटल भीगकर गेहूं गया और 50 हजार रुपये की व्यवसायिक क्षति होने की मांग व्यवसायी ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतिशोध आयोग से की थी। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद आयोग के अध्यक्ष दीपक कुमार त्रिपाठी व सदस्य दिनेश कुमार गुप्ता ने अपने 11 जनवरी के संयुक्त निर्णय में विद्युत विभाग को 15 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति के साथ ही 10 हजार वाद व्यय परिवादी सेलर स्वामी को अदा करने के आदेश किए हैं। आयोग ने निर्णय के 45 दिनों के भीतर इस राशि का भुगतान न करने पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अदा करने के आदेश किए हैं।

## सार-संक्षेप

### सीओ पदोन्नति होकर बने एडीशनल एसपी



**बहेड़ी, अमृत विचार :** कर्तव्यनिष्ठा से काम को अंजाम देने वाले सीओ डॉ. तेजवीर सिंह पदोन्नति पाकर अब एडीशनल एस पी बन गये। डॉ. सिंह 21 जून 2022 को यहां तैनाती पर आए थे। पद भार ग्रहण करते ही कोतवाली में स्थानीय लोगों से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा था कि वे एक दिन में ही पुराने हो जाना चाहते हैं। उसी दिन उन्होंने अपनी कार्यशैली से भी सभी को अवगत करा दिया था। सीओ ने बताया कि, अभी एसएसपी तय करेंगे कि वर्तमान में उन्हें किस भूमिका के तहत काम करना है। अग्रिम आदेश पर ही पता चलेगा कि उन्हें कब और कहां ट्रांसफर पर जाना है। सीओ के पदोन्नति पाने की खबर पर फोन पर उन्हें बधाई देने वालों की कतार लग गई।

### भाले से हमला कर सांड़ को किया घायल



**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** फतेहगंज पूर्वी के गांव पडेरा निवासी महेश कुमार ने अपने साथी के साथ मिलकर एक साड़ को भाले से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने गोरक्षक संघ को दी। सूचना पाकर गोरक्षक संघ के पदाधिकारी गांव पहुंचे जानकारी लेने के बाद थाना फतेहगंज पूर्वी में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। फतेहगंज पूर्वी पुलिस के मुताबिक पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### प्राण प्रतिष्ठा के दिन देर रात तक आयोजन




**नवाबगंज, अमृत विचार :** रामलाल के गर्भगृह में बाल स्वरूप में बिराजमान होने पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आवाहन पर भक्तों ने घरों में दीप प्रज्जवलित कर मिठाई बांटी। इस दौरान धार्मिक स्थलों के साथ ही जगह जगह सुंदरकांड के साथ ही भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान मनोरम झांकियां भी सजाई गईं और आतिशबाजी भी की गई। यही नही दूसरे दिन भी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चर्चा करते नजर आए।

### भागवत कथा के विश्राम पर हुआ भंडारा



**शेरगढ़, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बालपुर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का मंगलवार को कलश यात्रा के साथ विश्राम हो गया। इस अवसर पर भंडारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद खाया। कथावाचक स्वामी निर्मोहानंद महाराज ने सात दिन तक विभिन्न प्रसंग सुनाया। भागवत कथा के विश्राम पर मंगलवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें नारी शक्ति ने भागीदारी की। इस अवसर पर राज प्रेमानंद, लक्ष्मी गंगवार, सीमा मौर्य, ईशु गंगवार, किसान नेता दुर्गेश मौर्य, ग्राम प्रधान मानसिंह गंगवार, प्रेम शंकर गंगवार, रमेश गंगवार, मोहनलाल गंगवार, अरविंद गंगवार, भानु प्रताप गंगवार, ओमप्रकाश गंगवार, दयानंद राजपूत, संजीव गंगवार, अजय गंगवार, विकास गंगवार, नरेंद्र गंगवार आदि समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# तकनीकी खराबी से उप डाक घर में 12 दिन से काम ठप

संवाददाता, बिशारतगंज

**अमृत विचार :** नगर के उप डाकघर में तकनीकी खराबी के चलते 12 दिनों से लेनदेन बंद है, जिस कारण खाता धारकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

खाता धारक रोज लेनदेन संबंधी और रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट आदि काम से उप डाकघर आते हैं और काम नहीं होने पर मायूस लौट रहे हैं। डाकघर के कर्मचारी समस्या का जल्द ही समाधान होने का आश्वासन देकर लोगों को टरका देते हैं। डाकपाल अमित कुमार ने बताया कि 12 जनवरी से तकनीकी खराबी के कारण सभी काम बंद पड़े हैं। कई बार उच्च अधिकारियों को लिखित सूचना दी गई है किंतु अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है दो दिन और इंतजार किया जाएगा। जिसके बाद आसपास की किसी दूसरी ब्रांच से मिलकर संबंधित जरूरी काम कराए जाएंगे।

# पत्नी का जेवर चुराकर बहन को दिया

संवाददाता, कैंट

- ननद को जेवर पहने देखा तो विरोध पर ससुरालियों ने पीटा
- एसएसपी के आदेश पर महिला ने ससुरालियों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** भाई की तेहरवीं में शामिल होने गई महिला के पति ने संदूक तोड़कर उसके जेवर निकाल कर बहन को दे दिए। विरोध करने पर मारपीट की।

महिला ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर कैंट थाने में पति समेत चार लोगों के खिलाफ चोरी व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना बिथरी चैनपुर के गांव बिहारीपुर की मूल निवासी राधा देवी पत्नी संजय गिरी ने बताया कि वह वर्तमान में नकटिया स्थित एक वकील के मकान में किराए पर रहती है। उसने बताया कि वह वर्ष 2022 में भाई की तेहरवीं में शामिल होने थाना शाही के गांव नारा स्थित अपने मायके गई थी। इस दौरान उसके पति ने संदूक का ताला तोड़कर उसके सारे जेवर चोरी कर लिए। जब वह लौटी तो चोरी का पता चला, पति से पूछा तो उसने कोई भी जानकारी होने से मना कर दिया। 29 दिसंबर 2023 को महिला ने अपने जेवर ननद गुड़िया को पहने देखा तो उससे पूछा तो उसने बताया कि यह उसके भाई ने दिए हैं। विरोध करने पर पति संजय गिरी, सास सुशीला देवी, ननद गुड़िया व ससुर ओमपाल गिरी ने उे गाली देते हुए उसके साथ मारपीट की। 19 जनवरी को महिला ने एसएसपी के समक्ष पेश होकर कार्रवाई हेतु शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। एसएसपी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ चोरी व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया याद

संवाददाता, बहेड़ी



सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित करते एबीवीपी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अंग्रेजों के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस को उनकी जयंती पर श्रद्धा भाव से याद किया गया। अभाविप की स्थानीय इकाई की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लोगों को उनके दिखाए मार्ग पर चलने की अपील की गई। नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद वक्ताओं ने कहा कि आजाद हिंद फौज का गठन कर नेताजी ने जिस तरह अपने मुट्ठी भर साथियों के साथ गोरों को घुटने टेकने को मजबूर कर दिया, वह उनका अदम्य साहस और देश के प्रति अटूट श्रद्धा का परिचायक है। देश के ऐसे महान नेता के पद चिन्हों पर चलकर आज की पीढ़ी के पास देशभक्ति का सबूत देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में आए भुड़िया कॉलोनी पुलिस चौकी इंचार्ज विक्रांत आर्य ने नेताजी के कार्यों को लोगों को बताया। इस मौके पर प्रद्युम्न गंगवार, प्रदीप, संजीव गंगवार, प्रीतम, दीपांशु राज, विशाल, गजेंद्र, सौरभ व अमन सहित कई अन्य अभाविप कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद भीषण ठंड में कुछ राहत देने की मंशा के साथ नगर में आने जाने वालों को चाय का वितरण भी कराया गया।

### नेताजी के कार्यों से छात्रों को कराया परिचित

**रिठौरा, अमृत विचार :** नगर के दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज, श्रीमती जानकी देवी हायर सेकंडरी स्कूल भंडसर, पीएन दीवान पब्लिक स्कूल, प्राथमिक विद्यालय रिठौरा, कलापुर में मंगलवार को नेताजी जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य आशीष कुमार सिंह ने बताया हमारे देश को आजादी आसानी से नहीं मिली। हम सबको नेताजी के उस उद्बोधन को सदैव याद रखना होगा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। इस मौके पर एकता सक्सेना, प्रदीप कुमार गुप्ता, दीपाली सक्सेना, राजेश शर्मा, रघुवीर सरन, कुसुम गंगवार, डॉक्टर मेहरबान सिंह, डॉक्टर राजेश कुमार गंगवार, ब्रजेश शर्मा, वरुण वर्मा सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

### सुभाष चंद्र बोस के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मंगलवार को नगर समेत क्षेत्र के विद्यालयों में मनाई गई. इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय बिलपुर के प्रधानाध्यापक और प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश चौहान ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने छात्र- छात्राओं को नेताजी के जीवन के बारे में बताया। इसी क्रम में क्षेत्र के विद्यालय शाहपुर बनियान, सिमरा, निवडिया, फतेहगंज पूर्वी प्रथम, सिपहिया गोटिया, रमपुरा कमन में भी नेताजी की जयंती मनाई गई, प्रधानाध्यापकों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान विद्यालय में सुनील शुक्ला, कामरान खान, अर्पणा शर्मा, साजन रस्तोगी, भूप सिंह, अरुण तोमर, गोपाल जायसवाल, राजीव कुमार, आदि अध्यापक मौजूद रहे।

# वृद्ध की पिटाई का वीडियो वायरल

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** हाफिजगंज के गांव आसपुर हसन अली में पड़ रहे सीसी रोड के विवाद में एक वृद्ध से दो लोगों ने मारपीट की। किसी ने पिटाई का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। जिस देखकर अधिकारियों ने पुलिस से संज्ञान लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस बीच घायल वृद्ध हाफिजगंज थाने पहुंचकर सारी दास्ता सुनाई। प्रभारी निरीक्षक ने आरोपी को हिरासत में लेने के साथ ही मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वृद्ध मिढ़ई लाल की लोकेश ने अपने दोस्त के साथ डंडे से पिटाई की। इस दौरान दर्जनों लोग तमाशा बीन बने रहे। किसी ने चुपके से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। एसएचओ संजय सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस को भेजकर आरोपी लोकेश को गिरफ्तार कराने के साथ ही मंगलवार को लोकेश को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वृद्ध को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। एसएचओ संजय कुमार सिंह ने बताया वृद्ध के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर शंखा मोड़ पर अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। राहगीरों ने उसे निजी एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मंगलवार रामपुर के कोतवाली मिलक निवासी बलजीत बाइक से बरेली किसी काम से जा रहे थे। हाईवे के शंखा मोड़ पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। बाइक रोड पर गिरने से उनके सिर में गहरी चोट लगने से खून बहने से वह गंभीर घायल हो गए। राहगीरों ने घायल को इलाज के लिए भिजवाया। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया।

### एनसीआर को किया एफआईआर में तरमीम

**कैंट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के नकटिया स्थित वृंदावन कॉलोनी निवासी आकाश ने बताया कि वह 24 दिसंबर 2023 को रात करीब 9 बजे पीएसी नहर के पास कुछ सामान खरीदने जा रहे थे। इसी बीच नकटिया के पास डेरा डालकर रहने वाली कटोरी देवी ने उनसे शराब पीने के लिए 210 रुपये की मांग की। मना करने पर उसने ईंट उठाकर उनके सिर में मार दी। शोर सुनकर कटोरी देवी के साथी सौरभ, काला, केला आदि परिजन आ गए। और लाठी डंडे से उनके साथ एक राय होकर मारपीट की। मारपीट में आकाश गंभीर घायल हो गए। उन्होंने कैंट थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एनसीआर दर्ज की थी। न्यायालय के आदेश पर कैंट पुलिस ने मंगलवार को एनसीआर को एफआईआर में तरमीम कर लिया है। और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मेडिकल कॉलेज स्टाफ और डॉक्टरों से की अभद्रता

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में कार में सवार होकर पहुंचे तीन कथित सपा नेताओं को डॉक्टरों समेत अन्य स्टाफ पर रौब झाड़ना महंगा पड़ गया। करीब आधे घंटे तक पहले अस्पताल का बकायदा जनप्रतिनिधि और अफसर की तर्ज पर निरीक्षण करते हुए दिशानिर्देश दिए जाते रहे। स्टाफ से अभद्रता करते ही मामला बिगड़ गया और फिर चर्चा है कि एकजुट होकर कर्मियों ने घेर लिया व उनकी पिटाई तक कर दी गई। मेडिकल कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को हिरासत में ले लिया। मामला जिलेभर में चर्चा का विषय बना रहा। मेडिकल कॉलेज का स्टाफ मंगलवार को मरीजों को देखते हुए कामकाज निपटा रहा था।

### नींव के विवाद में बुजुर्ग की पीटकर हत्या

**बदायूं, अमृत विचार :** नींव खोदने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पहले कहासुनी हुई। फिर मारपीट शुरू हो गई। एक पक्ष ने लाठी से पीटकर बुजुर्ग की हत्या कर दी। सूचना पर एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, एसपी देहात राम मोहन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएसपी ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का निर्देश दिया। पुलिस ने आरोपी दो सगे भाइयों को हिरासत में लिया है। थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव धीमरपुरा निवासी रामानंद शर्मा उर्फ कल्लू (60) खेती करते थे। उनके घर के बाहर कूड़े का ढेर लगा हुआ था। मंगलवार शाम रामानंद शर्मा का परिवार कूड़े का ढेर हटाकर नींव की खोदाई कर रहा था, इसी दौरान विवाद हो गया।

### परेशान युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के अंडरपास में सोमवार देर शाम एक युवक का शव मिला था। युवक की शिनाख्त मोहल्ला नेकपुर निवासी सचिन गुप्ता के रूप में हुई। उसकी जेब से सुसाइड नोट मिला। जिसके अनुसार मकान के किराए को लेकर मकान मालिक उसे प्रताड़ित कर रहा था। परिजनों ने मकान मालिक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा प्रिजर्व किया गया है। वहीं मृतक के भाई की तहरीर पर मकान मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

### रेडियो कॉलर आईडी से बाघिन के गले में जख्म

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पीसीसीएफ वाइल्ड द्वारा गठित तीन सदस्यीय चिकित्सकों ने टीम ने पीटीआर मुख्यालय पहुंचकर बाघिन का स्वास्थ्य परीक्षण किया। बाघिन को दूसरे पिंजड़े में शिफ्ट करने के बाद रेडियो कॉलर आईडी से उसके गले में जख्म का इलाज करने के साथ ब्लड सैंपल भी लिया। ब्लड सैंपल को जांच के लिए आईवीआरआई बरेली भेजा गया। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ को भेजी जाएगी। इसके बाद ही बाघिन को छोड़ने संबंधी फैसला लिया जाएगा। कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांवों में दो माह तक आतंक मचाने वाली बाघिन को 26 दिसंबर 2023 को गांव अटकोना से ट्रैंक्युलाइज कर रेस्क्यू किया गया था। इसके बाद बाघिन ने दोबारा रिहायशी इलाके में डेरा जमा लिया। 21 जनवरी को बाघिन लगाए गए पिंजड़े में कैद को गई थी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# कैंट क्षेत्र में नहीं रुक रहा अवैध खनन रास्ते खराब होने से बढ़ी परेशानी

संवाददाता, कैंट



> अवैध खनन की जानकारी मिली है। शीघ्र ही टीम गठित कर अवैध खनन कर रहे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> –रत्निका श्रीवास्तव, एसडीएम सदर

**अमृत विचार :** कैंट क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन और परिवहन से सड़कों की हालत खराब होती जा रही हैं। इससे राहगीरों को परेशानी हो रही हैं। संपूर्ण समाधान दिवस में किसानों ने अधिकारियों से इसकी शिकायत कर बताया था कि कैंट के गांव पालपुर में रेलवे क्रॉसिंग के पास और कमालपुर में शिव मंदिर के पास से अवैध खनन किया जा रहा हैं। किसानों ने इस पर रोक लगाने की मांग की थी।

किसान शकील मियां, इरफान अली, तसव्वर अली खां, रिफाकत अली, तारिक, अथर खां, मुख्त्यार खां, शरीफ खां, अकरम खां समेत दर्जनों किसानों ने अधिकारियों को संयुक्त रूप से ज्ञापन देकर बताया था कि लंबे अरसे से क्षेत्र में खनन माफिया जेसीबी व दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियों से अवैध खनन कर रहे हैं। जिससे चकमार्गों पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। और खेतों में फसलों का बुवाई व कटाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। किसानों ने अधिकारियों को वीडियो और फोटो भी सौंपे थे। एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने मामले में इंस्पेक्टर कैंट व संबंधित राजस्व अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए थे। लेकिन अभी तक कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा है। किसानों का कहना है कि उन्होंने जब खनन करने वालों को मना तो वे धमकी देते हुए शांत रहने को कहते हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मेरे पुत्र राकेश कुमार और उसकी पत्नी छत्रवती का चाल चलन और व्यवहार मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैं इन दोनों को चल-अचल सम्पत्ति एवं अपने व अपने परिवार के संबंधों से वेदखल करता हूँ। आज के बाद यह दोनों अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **भजनलाल पुत्र सोभाराम, निवासी- बिलौरी, आंवला, बरेली।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र मोअज्जम हुसैन उर्फ राजा व उसकी पत्नी मन्तशा उर्फ रब्बो को उनके गलत चाल-चलन, आचरण, व्यवहार के कारण समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर, सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में अपने कृत्य, लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **लियाकत पुत्र तुफैल अहमद, निवासी- अशरफ खां छावनी, जिला बरेली।**

**आवश्यकता है**
मुस्लिम फार्मेसी कॉलेज ककराला बदायूं में डी.फार्मा. हेतु प्रिन्सपल व असिस्टेंट प्रोफेसर/लेक्चरर की योग्यता व अनुभव पीसीआई नई दिल्ली व बीटीई लखनऊ मानकानुसार। सम्पर्क करें:- 8881242424, 8439545336
E-mail: mpckakrala@gmail.com

**सूचना**
मैने अपना नाम MEHANDI HASAN से बदलकर MEHNDI HASAN पुत्र IQBAL HUSSAIN निवासी गुरूद्वारा वार्ड थाना गदरपुर उधमसिंह नगर उत्तराखंड कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**
मैं ज्योति निगम पुत्री हरे राम प्रसाद अपने पति राजेन्द्र निगम पुत्र बल्देव प्रसाद निगम से पिछले 17 वर्षों से अलग रह रही हूँ। मेरा उनसे कोई मतलब नहीं है। वो कहीं भी रहें कुछ भी करें मैं उनके काम में दखल नहीं दूंगी। **ज्योति पुत्री स्व. हरेराम प्रसाद, निवासी-हाउसिंग कालोनी, आदित्यपुर (जमशेदपुर), टाटा नगर, झारखंड**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# रामपथ पर मर्यादा और उल्लास का अदभुत संगम

## न रामभक्तों ने लांघी अनुशासन की लक्ष्मण रेखा न सुरक्षाकर्मियों ने खोया धैर्य | रामलला के विराजते ही अयोध्या धाम में साकार दिखी रामराज्य की परिकल्पना

कमर अब्बास, अयोध्या

**अमृत विचार :** आस्था और उल्लास में डूबे रामभक्तों के पग अनवरत आराध्य के दर्शन के लिए बढ़ते चले आ रहे हैं। पूरे रामपथ पर श्रद्धालुओं का सैलाब सरयू की लहरों की तरह उमड़ रहा है। भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शनों की आतुरता तो हैं लेकिन अनुशासन और संयम के साथ। कहीं कोई तारतम्य नहीं टूट रहा है, मानों सभी एक संकल्प सूत्र में बंधे हुए हो। अचंभित कर देने वाले इस अलौकिक दृश्य में मर्यादा और उल्लास का अदभुत संगम रामराज्य की परिकल्पना को साकार करता भी दिखा।

महादेव के दिवस सोमवार को बाल स्वरूप रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुईं तो हनुमंत लला के दिन मंगलवार को भक्तों को दर्शन सुलभ होने लगे हैं। रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालु अयोध्या धाम में पखवारे भर से डटे हैं। आतुरता केवल भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन की है। यही वजह है कि सोमवार मध्य रात्रि से ही दर्शन के लिए रामभक्तों का सैलाब रामपथ पर उमड़ पड़ा। गली विथिकाओं से भी श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। एक-दूसरे से किसी का तारतम्य टूट ही नहीं रहा है। इन सबके बीच न केवल जन्मभूमि मार्ग के समक्ष कोई हुड़दंग और न ही पूरे रामपथ पर। दोपहर 12 बजे जन्मभूमि मुख्य मार्ग के बाहर बड़ी संख्या में जुटे रामभक्त बीच-बीच में मुठ्ठी भींच जय श्री राम का उद्घोष करते रहे, लेकिन अनुशासन में बंधे रहे। यह दृश्य भोर से अनवरत देर शाम तक जारी रहा।

इसी बीच मोबाइल से वीडियो बना रहे वृंदावन से आए योगेश ने कहा कि देखिए सुरक्षा कर्मियों ने एक अंगुली तक नहीं दिखाई, किसी को धक्का तक नहीं दिया। कहा यह योगी की पुलिस है और तब दूसरे की थी। भीड़ के नियंत्रण में पुलिस का ऐसा संयम कभी नहीं देखा, रामराज्य में ही संभव है। धर्मपत्नी के साथ दिल्ली से कई दिनों पहले पहुंचे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सेवानिवृत्त प्रताप आदित्य शील ने कहा 500 नहीं 1200 वर्ष का इतिहास बदला है। आस्था से इतर गुलामी का इतिहास 22 जनवरी को मृत्यप्राय हुआ है। धर्मपत्नी इस्पिता बोलीं यह तो सर्वेक्षण के दौरान ही कहते थे राम यहीं जनमे।






रामलला के दर्शन के लिए कतारबद्ध रामभक्त।

जमीन पर बैठकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते श्रद्धालु।

### दुर्लभ दिखा संयोग : रामलला के संग हनुमंत लला के दरबार में भी उमड़ी श्रद्धा

सोमवार को राम आए तो मंगलवार को हनुमंत लला दरबार में भी श्रध्दा का सैलाब उमड़ पड़ा। पहली बार हनुमंत लला के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर रामपथ तक आस्था में डूबे श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। यहां भी कोई भी श्रद्धालु अव्यवस्थित नहीं दिखा बल्कि कतार की लय अनवरत बनी रही। आस्था ऐसी की पश्चिम बंगाल से परिवार के साथ आए भवनाथ दास और परिवार की महिलाएं भक्ति पथ पर शीश नवाती रहीं। घंटों हाथों में प्रसाद और फूलमाला थामें श्रद्धालु हनुमंत लला के दर्शन के लिए अंगद की तरह पग जमाए खड़े रहे। इसी कतार में पिता के संग आई नन्हीं बालिका मस्तक पर श्रीराम रचाए बैग पर अविचलित बैठीं रहीं। बाल स्वरूप कोई नटखटापन करने के बजाए राम नाम का जाप करती दिखी। खास यह कि पूरी कतार के दायरे में एक भी सुरक्षा कर्मी नहीं था, तब भी श्रद्धालु स्वयं से मर्यादा के आवरण में बंधे दिखे।

हनुमानगढ़ी पर भक्तिपथ पर शीश नवाते पश्चिम बंगाल के भवनाथ दास और उनका परिवार।



महाराष्ट्र के रामभक्त बोले

### अब हर साल 22 जनवरी को भी मनाएंगे दीपावली

रामलला के दर्शनों के लिए महाराष्ट्र के अकोला से साथियों के साथ पहुंचे विक्रम खड़ते ने कहा कि मन करता है कि कलेंडर से दीपावली की तिथि मिटा कर 22 जनवरी तय कर दूं। जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए कहा कि अब प्रत्येक वर्ष 22 जनवरी के दिन हम लोग दीपावली मनाएंगे। भारतीय इतिहास में सोमवार का दिन का सबसे स्वर्णिम दिन था। जिसे सदा याद किया जाएगा। उनके साथ सोनू मिश्र, नीरज पांडेय, राहुल कतारे इतने उल्लासित थे कि लगातार मुट्ठी भींच उद्घघोष करते रहे। बोले रामराज्य आ रहा है, अयोध्या से शुभारंभ हो गया है।

### हाथों में तिरंगा और श्रीराम पताका, होठों पर जय श्री राम

रामपथ पर दिल्ली के नवेड़ा रामलला के दर्शन के बाद आनंद में डूबे नृत्य करते मिले। एक हाथ में तिरंगा और दूसरे में श्रीराम पताका लिए नेवड़ा जमकर झूम रहे थे। पूछा तो बोले तिरंगा राष्ट्रवाद और श्रीराम पताका धर्मध्वजा है। दोनों मिले हैं और अब देश एक सूत्र में बंध गया है। बताया कि रामलला का दर्शन कर जो अनुभूति हुई वह उल्लास के नृत्य में परिवर्तित हो गई है।



### 40 हजार लोगों के लिए ट्रेन हो चुकी है बुक

**बोले बंगाली बाबू -** पश्चिम बंगाल से रामलला का दर्शन करने पहुंचे बप्पा मांझी रामपथ पर मिल गए। खुद रोका और मीडिया का नाम पूछा, "अमृत विचार" बताया तो बोले नोट कर लीजिए आज हमारे बंगाल से पांच हजार लोग दर्शन के लिए आएं हैं। दावा किया कि 40 हजार लोगों के लिए ट्रेन बुक हो चुकी है।



हनुमानगढ़ी के समक्ष बैठी नन्हीं रामभक्त।

## हनुमानगढ़ी पर 12 घंटे में ही बिक गया चार क्विंटल लड्डू प्रसाद

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला के दर्शन के साथ हनुमानगढ़ी पर भी दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का ऐसा रेला उमड़ा का मंगलवार को लड्डू प्रसाद का स्टॉक खत्म हो गया। हनुमानगढ़ी पर सोमवार भोर तीन बजे से उमड़े श्रद्धालुओं ने हनुमंत लला पर चढ़ावे के लिए इतना प्रसाद खरीदा कि दोपहर तीन बजे केवल 12 घंटे में ही आज बनाया गया चार क्विंटल लड्डू समाप्त हो गया। इसके बाद आनन फानन दुकानदारों ने कारखाने से लड्डू मंगाए। हनुमानगढ़ी पर प्रसाद की दुकान करने वाले संतोष गुप्ता, रामकृपाल गुप्ता, राकेश गुप्ता और नंदलाल गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को देखते हुए करीब चार क्विंटल लड्डू प्रसाद निर्मित किया गया था। जो दोपहर तीन बजे प्रसाद समाप्त हो गया। इसे लेकर थोड़ी देर असहजता रही लेकिन देर शाम स्टॉक आ गया। लड्डू प्रसाद की दुकानदारी ऐसी थी मानों सारी भीड़ एक साथ सभी दुकानों में घुस गई हो। वहीं श्रीराम का गमछा, श्रीराम लिखे बच्चों के कपड़े व मंदिर मॉडल की भी रिकॉर्ड बिक्री हुई। अयोध्या धाम में जुटे श्रद्धालु देर रात तक खरीदारी करते रहे।

**हनुमानगढ़ी पर हैं लगभग 80 दुकानें, रोज रहता है दो से तीन क्विंटल लड्डू का स्टॉक**



हनुमानगढ़ी पर मंगलवार शाम को लड्डू प्रसाद आने के बाद जुटे श्रद्धालु।

## अब अयोध्या की हर डाक पर होगा राममंदिर का चित्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या की पहचान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को डाक विभाग अब घर-घर पहुंचाएगा। अब अयोध्या से जाने वाली देश-विदेश की हर डाक पर श्रीराम जन्म भूमि मंदिर का चित्र अंकित होगा। सचिव डाक भारत सरकार विनीत पाण्डेय ने मंगलवार कोअयोध्या प्रधान डाकघर के कार्यक्रम श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर आधारित विरूपण एवं छह चित्रात्मक पोस्ट कार्ड जारी करते हुए कहा कि इससे फिटलेटी के प्रति जागरुकता बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि इन डाक टिकटों में राम मंदिर का भव्य चित्र के साथ कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए रामभक्ति की भावना है। 'मंगल भवन अमंगल हारी', जैसी लोकप्रिय चौपाई के माध्यम से राष्ट्र के मंगल की कामना है। इनमें सूर्यवंश के प्रतीक देश में नए प्रकाश का संदेश देती सूर्य की छवि, राम के आशीर्वाद से देश को सदैव गतिमान रहने का संकेत करती पुण्य नदी सरयू का चित्र तथा मंदिर के आंतरिक वास्तु के सौंदर्य को बड़ी ही बारीकी से डाक टिकटों पर दर्शाया गया है। इसमें राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के साथ संतों के मार्गदर्शन से पंच तत्वों का दर्शन निहित है। उन्होंने अयोध्या प्रधान डाकघर में फिलेटली म्यूजियम बनाने का भी सुझाव दिया। उप्र डाक परिमंडल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल बी सेल्वकुमार, मुख्यालय परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष, निदेशक डाक सेवाएं आनंद कुमार सिंह, अधीक्षक डाकघर एचके यादव मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थिति रहे ।

**पंच तत्व के साथ सूर्यवंश का सूर्य, सरयू व मंदिर का वास्तु होगा डाक टिकट पर**



श्रीराम जन्मभूमि चित्र का डाक टिकट जारी करते केंद्रीय डाक सचिव व विभाग के अन्य अधिकारी।



हनुमानगढ़ी मार्ग पर अयोध्या की आभा से आह्लादित एक श्रद्धालु महिला रंगोली पर नृत्य की मुद्रा में।



दर्शन-पूजन के लिए आए श्रद्धालु झूमते गाते दिखे।

## राम मंदिर में मनाया जाएगा 48 दिवसीय मंडल उत्सव

**कार्यालय अयोध्या। अमृत विचार :** मंदिर के गर्भगृह में रामलला की नूतन विग्रह प्रतिष्ठित हो गई है। प्राण-प्रतिष्ठा के मंदिर में अब 48 दिनों तक मंडल पूजन का आयोजन किया जाएगा। कलश स्थापना के साथ बुधवार से इसकी शुरुआत होगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस अनुष्ठान के लिए देश भर के राम भक्तों को शामिल होने का आह्वान किया है।

ट्रस्ट के मुताबिक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक ऐप तैयार किया है। उडप्पी पेजावरपीठाधीश्वर व ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व प्रसन्नतीर्थ महाराज इस अनुष्ठान की प्रमुख बनाए गए हैं। ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व प्रसन्नतीर्थ में कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद 48 दिवसीय मंडल उत्सव होगा। जिसमे 40 दिनों तक लगातार पूजा-पाठ, हवन यज्ञ और कलश अभिषेक का आयोजन होगा। अंतिम पांच दिन में सहस्त्र कलशाभिषेक किया जाएगा। जिसमें एक किलो चांदी से बने कलश से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। भगवान की सेवा करने वाले व्यक्ति को यह कलश सौंपा जाएगा।

## श्रद्धालुओं की संख्या देख की गयी पांच मोबाइल एटीएम की व्यवस्था

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला का दर्शन करने वालों की संख्या को देखते हुए विभिन्न बैंकों की तरफ से पांच मोबाइल एटीएम अयोध्या में उतारे गए हैं। यह चलते-फिरते एटीएम भीड़-भाड़ वाले इलाकों में खड़े होंगे। पिकअप वाहन पर एटीएम मशीन लगाई गई, जिसमें ड्राइवर के अलावा सुरक्षा कर्मी भी मौजूद रहते हैं। रामलला के मंदिर में विराजमान होते ही संभावना व्यक्त की जा रही है कि अयोध्या में रोजाना एक से सवा लाख श्रद्धालु दर्शन करने आएंगे। इसे देखते हुए पंजाब नेशनल बैंक ने दो, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफ व एक्सिस बैंक की तरफ से एक-एक मोबाइल एटीएम अयोध्या में उतारे गए हैं।

**▶▶ भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर लगाए जाने की योजना**




## यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**अयोध्या, अमृत विचार :** मणिराम छावनी धर्म मंडप में सोनभद्र के भिखारी बाबा द्वारा आयोजित नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ में सातवें दिन मंगलवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। वहीं वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा अचार्य ने पूजन कराया। पर्यावरण संरक्षण के लिए जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से यज्ञ में आहुति दी गई। संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी महाराज, आचार्य गोपाल धर द्विवेदी ,राधाकृष्ण तिवारी, हरीओम धर द्विवेदी, राजेश तिवारी, योगेश तिवारी, रेवती तिवारी एवं राजेश कुमार पाठक द्वारा वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ एवं अन्य कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है।



रुद्र महायज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु। अमृत विचार

**रामोत्सव** प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी पहुंच भावुक हुईं 'जानकी' के घर की महिलाएं, बोलीं-

# ...आखिर खत्म हुआ 'लल्ला' का वनवास

अंकित सेन, अयोध्या

**अमृत विचार :** यूं तो भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शनों के लिए रामभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है लेकिन दामाद रघुवर के दर्शन करने जानकी के घर से मंगलवार को आईं महिलाएं ऐसी भावुक हुईं कि नेत्रों से आस्था के अश्रु छलक पड़े।

आराध्य के प्रति श्रद्धा की ऐसी भावुकता कि आसपास मौजूद रामभक्त भी मनोभावों को नहीं रोक सके और जयश्रीराम का जयकारा लगाए। रामपथ पर जुटे श्रद्धालुओं के सैलाब के बीच बिहार से आईं महिलाएं डिवाइडर पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर रहीं थीं। पूछा माता जी कहां से आईं है तो तपाक से बोलीं बिटिया जानकी के घर बिहार से। हमारी बिटिया लगती है माता सीता। इतने में ही उनके पास बैठ भोजन कर रहीं एक बुजुर्ग महिला सबकुछ छोड़ आह्लादित होकर राम नाम का उद्घघोष करने लगीं। बता दें कि पवित्र रामायण में माता सीता को जानकी कहकर भी संबोधित किया जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार जानकी का जन्म बिहार के सीतामढ़ी में हुआ था। इसीलिए महिलाओं का उल्लास और आस्था अलहदा होकर प्रस्फुटित हो रहा था। संग आईं सभी महिलाओं का समूह भावों के प्रकटीकरण के लिए ऐसा आतुर रहा कि भोजन तक छोड़ दिया। रामपथ पर उमड़े रामभक्तों को देख एक साथ रामलला को लल्ला कह संबोधित किया। इन्हीं में से एक श्रद्धालु महिला बोल उठीं - मोदी जी ने निहाल कर दिया, रामलला को अपना घर मिला।



रामलला के दर्शन के लिए रामपथ पर बैठीं नेपाल से आईं श्रद्धालु महिलाएं।



वर्षों से हम सभी श्रीरामचंद्र जी के मकान के लिए तरस रहे थे। आज वह इच्छा पूर्ण हुई और 'लल्ला' अपने भव्य में विराजमान हुए तो मन अह्लादित हो उठा। अयोध्या भी निहाल है। पांच दिनों बाद आज दर्शन हुए तो लगा जैसे जीवन धन्य हो गया। यहां का विकास देखकर मन बहुत खुश है। **-कमली देवी, दरभंगा, बिहार**



रामलला को अपने घर में विराजमान देखकर मान भावुक है। भाव को व्यक्त करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं है। बस इतना ही कहूंगी कि वर्षों के इंतजार का फल आज मिला तो अयोध्या को सोने की चमक उठी... जय श्रीराम...। **- सत्तो देवी, दरभंगा, बिहार**



यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मानो जैसे हम त्रेतायुग में आ गए हों। हर तरफ उल्लास और खुशी है। पांच दिन से दर्शन के लिए परेशान थे लेकिन जब रामलला को मंदिर में देखा तो मन को असीम शांति मिली। बदलती अयोध्या को देखकर मन प्रसन्न है। **-विमला देवी, दरभंगा बिहार**

यथा चित्तं तथा वाचो यथा वाचस्तथा क्रियाः।
चित्ते वाचि क्रियायांच साधुनामेक्रूपता।।

साधु यानी अच्छे व्यक्ति के मन में जो होता है, वो वही बात करता है। वचन में जो होता है यानी जैसा बोलता है, वैसा ही करता है। इनके मन, वचन और कर्म में हमेशा ही एकरूपता व समानता होती है। इसी को अच्छे व्यक्ति की पहचान माना जाता है।

## संपादकीय

# भरोसे लायक नहीं चीन

हिंद महासागर क्षेत्र में चीन अपनी उपस्थिति और ताकत लगातार बढ़ा रहा है। भारत, उसके सहयोगियों और चीन के बीच नौसैनिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ रही है। नवंबर में एक पनडुब्बी सहित पांच चीनी नौसैनिक जहाजों ने पाकिस्तान के तट पर संयुक्त अभ्यास में भाग लिया था। दिसंबर के मध्य में एक भारतीय नौसैनिक जहाज ने फिलीपींस नौसेना के साथ अभ्यास में भाग लिया। फिलीपींस का दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ नियमित गतिरोध चल रहा है। इस बीच चीन के एक अनुसंधान जहाज के मालदीव में उतरने की संभावना जताई जा रही है। यह जहाज अगले चार महीनों तक अरब सागर और हिंद महासागर क्षेत्र में रह सकता है। ऐसा माना जाता है कि अनुसंधान जहाज पानी के नीचे की संरचनाओं का मानचित्रण कर रहा है और महासागरों के इस हिस्से में भारतीय नौसैनिक गतिविधि पर भी नजर रख रहा है। ध्यान रहे चीन का विशेष जहाज, जियांग यांग होंग 3 भारत के आसपास के जल क्षेत्र में पहले भी दो लंबी यात्राएं कर चुका है। ऐसे जहाजों का प्राथमिक उद्देश्य निश्चित रूप से सैन्य लक्ष्यों से जुड़ा हुआ है। ऐसे में जब भारत पहले से ही मालदीव में राजनयिक विरोधाभासों का सामना कर रहा है, चीन की यह कार्रवाई चिंता पैदा करती है। कुछ दिनों पहले लक्षद्वीप में समुद्र किनारे टहलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चित्रों पर उठे सवाल के बाद मुस्लिम बहुल देश मालदीव को संकट में पड़ा देखकर चीन लाभ लेने की कोशिश में है। पिछले सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कंपाला में एक अंतर्राष्ट्रीय बैठक में अपने मालदीव समकक्ष मूसा ज़मीर के साथ बातचीत की थी। कहा जाता है कि ज़मीर ने मालदीव की मांग दोहराई कि भारत को अपने 87 सैन्य कर्मियों को वापस बुला लेना चाहिए। हालांकि इसकी संभावना कम ही है कि भारत इस तरह की वापसी के लिए तैयार होगा।

गौरतलब है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू 10 जनवरी को बीजिंग में एक स्वागत समारोह में शामिल हुए। इसके बाद मुइज़्ज़ू ने बयान दिया कि हमारा देश छोटा हो सकता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि किसी भी देश को हमें धौंस देने का लाइसेंस मिल गया है। उसका इशारा भारत की ओर था। यूं तो मालदीव बहुत छोटा सा देश है जो भारत के लिए कभी भी खतरा नहीं बन सकता परंतु चीन नजदीकी जताकर उसे भारत से उलझने के लिए उकसा रहा है। भारत के पड़ोसी छोटे देशों को चीन आर्थिक मदद के जरिये प्रभावित करता है। चीन का किसी भी देश में अपना दखल व उपस्थिति बढ़ाने का यह चिर-परिचित व आजमाया हुआ नुस्खा है। भारत को इससे सतर्क रहना होगा।

# पिछड़े-वंचितों की सशक्त आवाज थे जननायक कर्पूरी ठाकुर


नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं।

हमारे जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है। जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं, उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर।

आज कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म-जयंती है। मुझे कर्पूरी जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र जी से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानि समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने कई उपलब्धियों को हासिल किया और जीवनभर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके सीएम रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वे बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कर्पूरी जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है!

कर्पूरी बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वे बिहार के सीएम


100 वीं जंयती पर

बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानि जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठा हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर जी ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें। लेकिन कर्पूरी जी तो कर्पूरी जी थे। उन्होंने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया।

सामाजिक न्याय तो जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के मन में रचा-बसा था। उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों तक संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और सामाजिक हैसियत की परवाह किए बिना उन्हें अवसरों का लाभ मिले। उनके प्रयासों का उद्देश्य भारतीय समाज में पैठ बना चुकी कई असमानताओं को दूर करना भी था।

अपने आदर्शों के लिए कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिबद्धता ऐसी थी कि उस कालखंड में भी जब सब ओर कांग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया। क्योंकि उन्हें काफी पहले ही इस बात का अंदाजा हो गया था कि कांग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है।

कर्पूरी ठाकुर जी की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वे राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वे श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। शिक्षा एक ऐसा विषय था, जो कर्पूरी जी के हृदय के सबसे करीब था। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों को शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। वे स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए भी कई अहम कदम उठाए।

प्रजातंत्र, बहस और डिस्कसन तो कर्पूरी जी के व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा था। लोकतंत्र के लिए उनका समर्पण भाव, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही दिख गया था, जिसमें उन्होंने अपने-आप को झोंक दिया। उन्होंने देश पर जबरन थोपे गए आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। जेपी, डॉ. लोहिया और चरण सिंह जी जैसी विभूतियां भी उनसे काफी प्रभावित हुई थीं।

समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने एक ठोस कार्य योजना बनाई थी। यह सही तरीके से आगे बढ़े, इसके लिए पूरा एक तंत्र तैयार किया था। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है। उन्हें उम्मीद थी कि एक ना एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे। हालांकि उनके इस कदम का काफी विरोध हुआ, लेकिन वे किसी भी दबाव के आगे झुके नहीं। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। वे समाज के सबसे पिछड़े वर्ग से थे, लेकिन काम उन्होंने सभी वर्गों के लिए किया। उनमें किसी के प्रति रत्तीभर भी कड़वाहट नहीं थी और यही तो उन्हें महानता की श्रेणी में ले आता है।

हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देश भर में सकारात्मक बदलाव आया है। भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी त्रासदी यह रही थी कि कर्पूरी जी जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। कर्पूरी जी के विजन से प्रेरित होकर हमने इसे एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज जननायक कर्पूरी जी जरूर गौरवान्वित होते। गरीबी से बाहर निकलने वालों में समाज के सबसे पिछड़े तबके के लोग सबसे ज्यादा हैं, जो आजादी के 70 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे। हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं। आज जब मुद्रा लोन से ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय के लोग उद्यमी बन रहे हैं, तो यह कर्पूरी ठाकुर जी के आर्थिक स्वतंत्रता के सपनों को पूरा कर रहा है। इसी तरह यह हमारी सरकार है, जिसने एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाया है। हमें ओबीसी आयोग (दुख की बात है कि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था) की स्थापना करने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जो कि कर्पूरी जी के दिखाए रास्ते पर काम कर रहा है। कुछ समय पहले शुरू की गई पीएम-विश्वकर्मा योजना भी देश में ओबीसी समुदाय के करोड़ों लोगों के लिए समृद्धि के नए रास्ते बनाएगी।

पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेकों लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। दुर्भाग्यवश, हमने कर्पूरी ठाकुर जी को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के अपने कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

## प्रसंगवश

# राजधर्म पालन का सही उदाहरण

रामो विग्रहवान् धर्मस्साधुस्सत्यपराक्रमः।
राजा सर्वस्य लोकस्य देवानां मघवानिव।। (रामायण, अरण्य कांड, सर्ग-37, श्लोक-13)
अर्थात राम मूर्तिमान धर्म हैं, वे बड़े साधु व सत्य पराक्रमी हैं। राम समस्त लोक के राजा हैं जैसे देवताओं के राजा इंद्र हैं। मेरे मत में, राम हमारे पूर्वज हैं जिनमें परम ब्रह्म परमात्मा का प्राकट्य बहुत उच्च अंश तक था। राम ने मर्यादाओं का पालन करते हुए, पुरानी अस्वस्थ मर्यादाओं के स्थान पर नई स्वस्थ मर्यादाएं स्थापित की। राम का आचरण उदाहरणीय है एवं उनके उपदेश अनुसरणीय हैं। राम का अनुकरण नहीं, अनुसरण करना श्रेयस्कर है। राम नाम, राम महापुरुष से प्राचीन है। गुरु वशिष्ठ ने सोच-समझकर उस अद्भुत गुण-संपन्न बालक का नाम 'राम' रखा था जो आगे चलकर राजा राम हुआ एवं भारत ही नहीं, समस्त मानव समाज का मार्ग दर्शक बना।


सुलखान सिंह
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

राम ने पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, सभ्य, शिष्ट एवं विनम्रता के प्रति मनुष्य के कर्तव्य एवं दायित्व के मानदंड स्थापित किए। राम ने पुत्र, पति, योद्धा, राजा एवं सामान्य मनुष्य के समक्ष कर्तव्य पथ पर प्रायः आने वाली दुविधाओं का अनुसरणीय हल प्रस्तुत किया। राम ने उपस्थित दुविधा अर्थात् द्वंद्व का निवारण त्याग से किया। जब भी ऐसा द्वंद्व आया कि दो विकल्प में से कौन-सा मार्ग चुनें, तो राम ने आत्म-त्याग वाले रास्ते को चुना। यह सूत्र हमेशा मानव-कल्याण का पथ प्रदर्शक रहेगा। यही सूत्र हमारे हुक्मरान -प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्रीगण एवं अन्य समस्त शक्ति संपन्न व्यक्तियों तथा संस्थाओं के लिए सही मार्गदर्शन कर सकता है। हमेशा अपने को सही समझना और अपनी बात पर अड़े रहना एवं तुच्छ राज-हठ है। यह कल्याणकारी मार्ग नहीं है।

एक तरफ अपना निर्णय और दूसरी तरफ लोक-आकांक्षा हो और दोनों सही लगें, तब आत्म-त्याग सी सही रास्ता दिखाएगा। राम द्वारा राज-धर्म पालन के लिए प्रस्तुत यही सही उदाहरण है।

# रामलला से रामराज तक


अमित तिवारी
लखनऊ

रामराज का होना आवश्यक है पर इसकी कीमत होगी त्याग और उस त्याग के लिए त्याग की तैयारी करनी होगी। आज के समय में 'जीवों पर दया करो' जैसे पुराने पड़ गए घिसे-पिटे शब्दों को हटाकर' जीवों को उनका अधिकार दो' जैसे शब्द प्रचलन में लाने पड़ेंगे तब जाकर कहीं रामराज की परिकल्पना की कल्पना भी की जा सकती है। 'अधिकार' शब्द ही उचित है, जैसे अधिकार मिला और मिलने की प्रक्रिया में अग्रसर है।

रामलला के मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हो गई। रामलला पूर्णरूप से विराजमान हो गए। पूरे देश में हर्षोल्लास था। चारों ओर जगमग वातावरण, जिधर दृष्टि डालो उधर ही राम नाम का ध्वज, जिधर सुनो उधर ही राम नाम का भजन, घरों और मंदिरों में कीर्तन। घर-घर में दिए जलाए गए, तरह तरह के व्यंजन बने, पकवान बने। भारतीय समाज को एक नया त्यौहार मिल गया। हर वर्ष अब इस तिथि को वर्षगांठ के रूप में मनाया जाएगा ऐसी संभावना है। कोई आसमान से देखता तो कहता जनवरी में दीवाली मनाई जा रही है।

राम आस्था हैं, राम भारत की संस्कृति के आधार हैं, सभ्यता के सूचक हैं, राम गृहस्थों के भी'राम' हैं और साधु संतों के भी' राम' हैं। राम का नाम लेते ही जैसे हृदय शीतल हो जाता है। राम के आने से राम जैसा राज भी आएगा ऐसी मान्यता है। राम के आने से सबके जीवन में सुकून और प्रेम आएगा ऐसा कहा जा रहा है और आएगा रामराज भी...

रामराज आए इसके लिए यह भी जानना आवश्यक है कि आज के समय में रामराज कैसा होना चाहिए? रामराज की परिकल्पना तब जब विश्व संस्कृतियां, विश्व सभ्यताएं, विश्व भाषाएं आपस में हिल मिल गई हैं। रामराज की परिकल्पना इन्टरनेट और फिर आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के परिवेश में कैसी होनी चाहिए? रामराज की परिकल्पना जब देश, लोकतंत्र और तरह-तरह को राजनीतिक दल, तरह-तरह के मुद्दे, तरह तरह के विचार, तरह-तरह के संप्रदाय, धर्म से फल-फूल रहा हो और जिसमें रीतियों के साथ साथ कुरीतियों का भी बोलबाला हो। रामराज की परिकल्पना तभी संभव है जब समाज धर्मनिष्ठ आध्यात्मिक हो, परन्तु वह धर्म अधूरा है जहां सिर्फ मान्यताओं और परंपराओं को ही प्रथम रखा जाता है। इसके लिए आवश्यक है कि वेदांत भी घर-घर में हो जिसका सही तरीके से पाठ हो और आध्यात्मिक दृष्टि का विकास हो, तब जाकर धर्म अपने पूर्ण स्वरूप में होगा। धर्म के विमर्श के इतर कुछ ऐसी चीजें भी हैं जिनपर हमें दृष्टि डालनी होगी। जैसे समाज का ढांचा और उसमें पल रही हिंसा। हिंसा का परिमापन इसलिए भी आवश्यक है कि बिना उसके आध्यात्मिक होना असंभव है, और फिर धार्मिक तो हुआ ही नहीं जा सकता, अतः रामराज की परिकल्पना भी आधी-अधूरी ही रह जाएगी।

समाज में हिंसा कई तरह से व्याप्त है। व्यक्ति जन्म के साथ ही कुछ हिंसा लेकर आता है और बाकी हिंसा यहीं समाज में सबके बीच में रहकर सीखता है। पूर्ण रूप से व्यक्ति अहिंसक हो जाए ऐसा तो लगभग असंभव है। जीने के लिए किये गए प्रयासों में बहुत से ऐसे कार्य हैं जो कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में हिंसा से जुड़े ही हैं। परन्तु जीवित रहने के लिए कहीं न कहीं से हिंसा का होना और मन की इच्छाओं या यूं कहें की लगभग सभी इच्छाओं की पूर्ति के लिए किए गए कार्यों में जो हिंसा है संभवतः उस हिंसा के बिना भी जीवन जिया जा सकता है।

क्यूंकि हिंसा सिर्फ शब्द भर नहीं एक बेहद ही खतरनाक प्रभाव भी है, उनपर जिनपर उस हिंसा को करके इच्छा की पूर्ति की गई। जितना समृद्ध हम होते गए उतनी ही हिंसा भी बढ़ती गई। आज के समय में हो रही ऐसी हिंसा का प्रभाव व्यापक है। आज भारत देश ही जोकि शाकाहार का अग्रज रहा है विश्व भर में, वहाँ सत्तर प्रतिशत से अधिक जनसंख्या मांसाहारी है।

रामराज का होना आवश्यक है पर इसकी कीमत होगी त्याग और उस त्याग के लिए त्याग की तैयारी करनी होगी। आज के समय में 'जीवों पर दया करो' जैसे पुराने पड़ गए घिसे-पिटे शब्दों को हटाकर' जीवों को उनका अधिकार दो' जैसे शब्द प्रचलन में लाने पड़ेंगे तब जाकर कहीं रामराज की परिकल्पना की कल्पना भी की जा सकती है। 'अधिकार' शब्द ही उचित है, जैसे अधिकार मिला और मिलने की प्रक्रिया में अग्रसर है। महिलाओं के लिए, गरीब पिछड़ों के लिए, ट्रांसजेंडर और समलैंगिकों के लिए वैसे ही अब समय आ गया है जब अधिकार तय हो पशुओं, पक्षियों, जानवरों के लिए भी।

## सोशल फोरम

# राम नायक रहे हैं

पुरूषोत्तम राम के चरित्र का समग्र रूप से आकलन नहीं किया जा सकता, वो प्रजा के लिए कैसे थे स्त्री के लिए कैसे थे इन बातों पर हमारे विचार कुछ किताबों के आधार पर ही होते हैं। जबकि रामायण हजारों के ऊपर है हम लोगों के लिए वाल्मीकि की रामायण या तुलसीदास की रामचरितमानस ही प्रमुख है जैसे दक्षिण में कम्बन की रामायण 'इरामावतरम' बहुत विख्यात है। यहां तो उड़िया तेलगु वगैरह में तो है ही बाहरी दुनिया मलेशिया, इंडोनेशिया, जापान, बर्मा, चीन, नेपाल, तिब्बत थाईलैंड जैसे बहुत से देशों में अलग-अलग तरह से हैं। दिलचस्प बात है शेख़ सादी ने भी लिखा है।


फ़ायक अतीक किदवई
लखनऊ

भारत में 70 से ज़्यादा रामायण हैं लगभग सबमें थोड़ा-थोड़ा फ़र्क है। ईसा से पहले की बौद्ध जातक कथाओं जैसे दशरथ जातक कथा, बुद्धचरित के राम अलग है, कहते हैं कि बुद्ध ने अपने शिष्यों को रामकथा सुनाई थी, इसमें राम बहुत ज्ञानी संयमी और उच्च चरित्र के हैं आप इसमें उनपर स्त्रीविरोधी, शूद्रविरोधी जैसे आरोप नही लगा सकते, किंतु इसमें "सीता" उनकी पत्नी नही बल्कि बहन है ऐसे ही जैन रामायण (पौमाचरिता) में रावण को जैन बताया गया है, और उनकी हत्या लक्ष्मण करते हैं। ऐसे ही दक्षिण की रामायण में राम की बहन शांता के बारे में है और वहां भी रावण का चरित्र ऊंचा है। राम को सूरज भगवान रॉ का अवतार माना जाता है, वही सूर्यवंशी भगवान सूरज रॉ जिनका मिश्र में 5000 साल पुराना सूर्य मंदिर करनाक( कर्णाक) है सीधे तौर पर कहें तो भले हमारे पास पुरातात्विक सुबूत न हो, पर किसी व्यक्ति के बारे में इतनी जगह ज़िक्र हो तो उसके अस्तित्व पर तो प्रश्न नही उठा सकते।। राम किसके थे, राम कैसे थे, राम कहां पैदा हुए, इस पर विवाद हो सकता है पर ये मानना पड़ेगा कि "राम" नायक रहें हैं और जिनके बारे में इतना अलग अलग तरह से लिखा गया तो उनके मानने वाले को भी समग्रता से सोचना होगा। जैसे अलग-अलग किताबो, मान्यताओं से राम के अलग अलग चरित्र को देखते हैं वैसे ही उन्हें समझना होगा कि राम सबके हैं।

-फेसबुक वॉल से

# अयोध्या:इतिहास के धूमिल होते पृष्ठ


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जब जब मंदिर की बात आएगी, तब तब लालकृष्ण आडवाणी की सितंबर-अक्टूबर,1990 में हुई रामरथ यात्रा की याद आएगी। कार सेवा का ज्वार चरम पर था। भारी संख्या में लोग गिरफ्तारियां दे रहे थे।

अयोध्या में राम मंदिर में रामलला का नवीन श्रीविग्रह स्थापित होकर प्राण प्रतिष्ठित हो गया। यह ऐतिहासिक दिन था, हालांकि एक ओर जहां इतिहास सृजित हो रहा था, वहीं दूसरी ओर इतिहास के कुछ स्वर्णिम पृष्ठ धूमिल हो रहे थे। यह दिन एक दिन के श्रम, त्याग और बलिदान की परिणति नहीं थी, बल्कि इसका एक लंबा इतिहास है। प्रायःलोगों को ध्वज का वस्त्र तो फहराता हुआ दिखता है, किंतु उस दंड (डंडे) को महत्व नहीं दिया जाता, जिसकी बदौलत वह पताका फहरा रही है। शेक्सपियर ने अपने नाटक 'जूलियस सीज़र' में कहा है कि 'छत पर पहुंच जाने पर प्रायः लोग उन सीढ़ियों की तरफ पलट कर नहीं देखते, जिन पर से होकर वे छत पर पहुंचने में समर्थ होते हैं। ऐसा ही कुछ राम मंदिर प्रकरण में घटित हुआ है। आइये स्मरण करें। पहले यहां मस्जिद बनी थी और उसी में रामलला विराजमान थे, जिसमें ताला लगा था। दर्शन बाहर से ही हो जाते थे। स्थानीय वकील उमेशचंद्र पाण्डेय, जो पत्रकार भी थे, ने इस प्रकरण को लेकर ताला खुलवाने हेतु मुंसिफ सदर के न्यायालय में एक याचिका 1 जनवरी,1986 को दायर की, जो खारिज हो गई। तब उन्होंने जिला जज फैजाबाद कृष्णमोहन पाण्डेय के न्यायालय में 28 जनवरी को अपील दाखिल की। जज साहब ने इसे सुना और 1 फरवरी को ताला खुलवाने का फैसला दे दिया। उन्होंने डीएम और एसपी को भी तलब किया था। तत्काल ताला खुल गया। इसके एक सप्ताह के अंदर ही स्थानीय हाशिम अंसारी ने इस आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी। वर्तमान प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अधिवक्ता उमेश चंद्र पांडेय को आमंत्रित नहीं किया गया, हालांकि हाशिम अंसारी के बेटे को निमंत्रित किया गया। बताते चलें कि हाशिम की मृत्यु हो चुकी है। इसके पश्चात् उच्च और सर्वोच्च न्यायालय में लंबी लड़ाई चली, जिसमें रामलला के सखा बनकर छपरा( बलिया) के त्रिलोकीनाथ पांडेय ने आजीवन संघर्ष किया। उनका तो निधन हो चुका है, किंतु उनकी पत्नी व पुत्र विद्यमान हैं, जिन्हें मांगने पर भी इस समारोह का निमंत्रण नहीं मिला, जबकि फिल्मी अभिनेता और रुपहले पर्दे की सुंदरियां सादर आमंत्रित की गईं।

जब जब मंदिर की बात आएगी, तब तब लालकृष्ण आडवाणी की सितंबर-अक्टूबर,1990 में हुई रामरथ यात्रा की याद आएगी। कार सेवा का ज्वार चरम पर था। भारी संख्या में लोग गिरफ्तारियां दे रहे थे। इस दौरान, प्रतिबंध के बाद भी कार सेवा हुई। उत्तरप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायमसिंह यादव ने कारसेवकों पर 30 अक्टूबर व 2 नवंबर को गोलियां चलवाईं, जिसमें लगभग तीन दर्जन कार सेवकों की मृत्यु हुई। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में किसी भी बहाने आडवाणी जी को दूर रखा गया, लेकिन मुलायम पुत्र अखिलेश को न्यौता भेजा गया। मालूम हो की मोदी सरकार ने मुलायम सिंह को मरणोपरांत 'पद्मविभूषण' अलंकरण से भी नवाज़ा है। अंततः 6 दिसंबर '1992 को जन समुद्र ने मस्जिद ध्वस्त कर दी। तत्समय आडवाणी, मुरलीमनोहर जोशी, उमा भारती आदि सब अयोध्या में ही थे। प्रदेश में कल्याणसिंह की सरकार थी। यदि वे भी मुलायमसिंह की तरह गोली चलवाते, तो मस्जिद ध्वस्त नहीं हो सकती थी, और तब मंदिर बनता कैसे? उनकी सरकार केंद्र ने बर्खास्त कर दी। उन्होंने सरकार तो गंवाई किंतु मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया। तब नरेंद्र मोदी को कोई नहीं जानता था। 2019 में इस यहां नरेंद्रमोदी द्वारा किए गए भूमि पूजन कार्यक्रम में ये महानायक दूर रक्खे गए, तब वे जीवित थे। 22 जनवरी वाले सद्यः सम्पन्न हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के समय कल्याणसिंह तो स्वर्गवासी हो चुके हैं, किंतु उनके सांसद बेटे राजवीरसिंह तो आमंत्रित किए जा सकते थे। मोदी को अपने संबोधन में कृष्णमोहन पांडेय जज को भी स्मरण करना चाहिए था। जनता की याददाश्त कमजोर मानी गई है। सोचा याद दिला दें और विस्मृत होती इन पावन आधार शिलाओं का सादर स्मरण कर लें।

# पहचान भाषा से नहीं मनुष्यत्व से बनाएं


प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भाषा का हमारे भाव-जगत से संबंध है, भाषा का सरकार की सूची से कोई संबंध नहीं है। भाषाओं का जन्म सरकारी सूची के कारण नहीं हुआ, इसलिए भाषाओं के सवाल को जीवन और भावबोध की अभिव्यक्ति के सवाल के रूप में देखा जाना चाहिए।

हिंदी समाज भाषा के दुर्बलवीरों से भरा पड़ा है। कहने को वे ढेरों किताबें लिखते हैं, ढेरों किताबें पढ़ते हैं,यहां तक कि किताबों को निगलते रहते हैं, लेकिन मानसिक शक्ति परिपक्व नहीं होती। हमारे लेखक आधुनिक विषय को गहराई में जाकर पकड़ नहीं पाते। प्रयोजनमूलक भाषा और सरकारी भाषा से हमारी मानसिक पाचन-शक्ति का ह्रास हुआ है।

हमारा शरीर साढ़े तीन हाथ के फासले में सीमित है, लेकिन हम उसके लिए साढ़े तीन हाथ का घर नहीं बनाते, बल्कि बड़ा घर बनाते हैं। उसी तरह भाषा और शिक्षा के प्रति भी हमारा नजरिया बड़ा होना चाहिए। हमें हर चीज को उपयोगिता के आधार पर ही तय नहीं करना चाहिए। जीवन के लिए उपयोगी से ज्यादा अनुपयोगी चीजों की जरूरत होती है, सारे समाज के विकास का यही नियम है, हमने अपने बच्चों को उपयोगितावादी बना दिया। हिंदी से लेकर अन्य भाषा के लोग उपयोगितावादी ढ़ंग से पठन-पाठन करते हैं, इससे न तो व्यक्ति का विकास होता है और न समाज का विकास होता है। मेरे लिए उपयोग के लिए हिंदी ही काफी है लेकिन समाज के लिए तो मुझे दुनिया की सभी भाषाओं की जरूरत है, मुझे सभी भाषाओं के प्रति सम्मान, समानता और शिष्ट आचरण करना होगा। मुश्किल यहीं पर है,हमारे हिंदी के अनेक शिक्षकगण हिंदी के नशे में चूर हैं और वे कुछ भी देखने, सुनने, समझने के लिए तैयार नहीं हैं।

साधारण सी बात है आप हिंदी की वकालत करते हैं लेकिन हस्ताक्षर हिंदी में नहीं कर पाते, हिंदी से कंप्यूटर पर लिख नहीं पाते, इस पर आपने कभी ख्याल किया, आप यदि सच में भाषा को आदत में रूपांतरित कर लेते हैं तो यह मुश्किल नहीं आएगी, हम सबकी मुश्किल यह है कि हम जिस भाषा का प्रयोग करते हैं उसको आचरण, जीवनशैली और भाव जगत के साथ एकमेक नहीं कर पाए हैं, इसीलिए आए दिन भाषा का शोर मचाते रहते हैं। भाषा का हमारे भाव-जगत से संबंध है, भाषा का सरकार की सूची से कोई संबंध नहीं है। भाषाओं का जन्म सरकारी सूची के कारण नहीं हुआ, इसलिए भाषाओं के सवाल को जीवन और भावबोध की अभिव्यक्ति के सवाल के रूप में देखा जाना चाहिए।

भारत में शिक्षितों की शिक्षा और भाषा का जीवन से कोई संबंध नहीं है। यह स्थिति कमोबेश सभी भाषाओं की है। हमारी भाषा और शिक्षा हमारे समाज में मौजूद ग्राम्य पांडित्य और ग्राम्य बर्बरता को नष्ट नहीं कर पाई है। बल्कि यह देखा गया है कि हम सबमें ग्राम्य पांडित्य और ग्राम्य बर्बरता के खिलाफ बोलने-लिखने और आचरण करने की इच्छा ही नहीं है। भाषाई उन्माद ग्राम्य-बर्बरता का भाषिक रूप है, जिसे हम कभी खुलकर चुनौती नहीं देना चाहते। शिक्षित होकर कायदे से अपनी भाषा से प्रेम गाढ़ा होना चाहिए लेकिन हुआ एकदम उल्टा,शिक्षित होकर हम अपनी भाषा से कटते चले गए। फलतःसमाज में मनुष्यत्व और सभ्यता का विकास नहीं कर पाए।

## सार-संक्षेप

### डॉ. ऋतु और उद्यमी नवीन को मिलेगा उप्र गौरव सम्मान

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार यूपी दिवस पर विश्व पटल पर नाम रोशन करने वाले दो विभूतियों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान देगी। इसके लिए लखनऊ की मिशन निदेशक के रूप में चंद्रयान मिशन में अहम भूमिका निभाने वाली वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव और फोर्ब्स, फॉर्च्यून जैसी पत्रिकाओं के कवर पर नियमित रूप से छाए रहने वाले कानपुर के उद्यमी नवीन तिवारी का चयन किया गया है। वैज्ञानिक डॉ. ऋतु लखनऊ की रहने वाली हैं। उन्होंने भारत के मार्स से ऑर्बिटर मिशन, मंगलयान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह इस मिशन की उप संचालन निदेशक भी थीं। वे 1997 से इसरो के लिए काम कर रही हैं। कानुपर के नवीन तिवारी उत्तर प्रदेश और भारत को दुनिया में गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने दो यूनिकॉर्न बनाए और भारत को अपना पहला यूनिकॉर्न दिया। उन्होंने दुनिया का सबसे बड़ा स्वतंत्र मोबाइल एडटेक प्लेटफॉर्म बनाया है, उनका लॉक स्क्रीन सॉफ़्टवेयर 40 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन पर मौजूद है।

### ग्रेड चार के डॉक्टरों को मिलेगी पदोन्नति

**लखनऊ, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहें ग्रेड चार के डॉक्टरों का इंतजार खत्म होगा। मंगलवार को शासन में विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की बैठक में कई घंटे की मशक्कत के बाद पदोन्नति पाने वाले नाम चयनित किये जा चुके हैं। मगर अंतिम मुहर नहीं लगी है, जिसकी वजह से कितने और किन डॉक्टरों को पदोन्नति मिली है, गोपनीयता बनी हुई है। 19 हजार से ज्यादा डॉक्टरों के कैडर में ग्रेड पांच में 105 पद हैं, जिनमें करीब 83 पद रिक्त हैं। इन पदों पर पदोन्नति के लिए डॉक्टरों लंबे समय से बाट जोह रहें हैं। स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा ग्रेड पांच में पदोन्नति के लिए ग्रेड चार के लगभग 250 डॉक्टरों की सूची भेजी गई है। हर डॉक्टर्स की सेवाएं और उनके सीआर का निरीक्षण किया गया है। मालूम हो कि स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड तीन से चार में प्रोन्नति का इंतजार करने वाले डॉक्टरों की भी बड़ी संख्या है, क्योंकि ग्रेड चार में करीब एक हजार से ज्यादा पद रिक्त हैं, इसी प्रकार ग्रेड तीन में करीब तीन हजार पद रिक्त हैं। रिक्तियों की संख्या बढ़ने की वजह, विभाग में नई सेवा नियमावली है, क्योंकि नई सेवा नियमावली की वजह से ग्रेड एक व ग्रेड दो में डॉक्टरों को वरिष्ठता सूची नहीं जारी हुई थी। हालांकि बीते दिनों ग्रेड वन के डॉक्टरों की वरिष्ठता क्रम सूची जारी की जा चुकी है। ग्रेड चार के डॉक्टरों को प्रोन्नति देने के लिए आज शासन में ग्रेड चार के डॉक्टरों की डीपीसी हुई है। लाभार्थियों की सूची अभी शासन द्वारा जारी नहीं हुई है।

# अयोध्या में पकड़े गए खालिस्तानी समर्थकों को रिमांड पर लेगी एटीएस

## गैंगस्टर की खालिस्तानी आतंकी पन्नू से रिश्ते की करेगी पड़ताल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ यूपी में खालिस्तानी समर्थकों की जड़ों तक पहुंचने की होगी कोशिश

▶▶ अयोध्या को लेकर पन्नू के साजिशों का भी करेगी पता

**अमृत विचार:** अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के एक सप्ताह पहले पकड़े गए खालिस्तानी समर्थकों को एटीएस रिमांड पर लेगी। इसकी लिए कागजी तैयारियां शुरू कर दी है। एटीएस गैंगेस्टर शंकर लाल दुसाद और उसके दो साथियों से पूछताछ कर खालिस्तानी आतंकी पन्नू से रिश्ते की पड़ताल करेगी। साथ ही उप्र में खालिस्तानी समर्थकों की जड़ों तक पहुंचने की कोशिश करेगी। फिलहाल तीनों खालिस्तानी समर्थक तीन फरवरी तक न्यायिक हिरासत ते तहत जेल में हैं।

दरअसल, एटीएस खालिस्तानी समर्थकों से पूछताछ में यह जानने का प्रयास करेगी कि आतंकी पन्नू ने अयोध्या में गड़बड़ी को लेकर अपने खतरनाक इरादे के साथ किस तरह की तैयारी कर रखी है। इन समर्थको की पन्नू से किस हद तक रिश्ते हैं।

बीते गुरूवार को एटीएस की शुरूआती पूछताछ में गैंगेस्टर शंकर लाल दुसाद उर्फ शंकर जाजोद ने बताया था कि विदेश में रह रहे हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा, जो खालिस्तान समर्थक है, उसके द्वारा मुझे निर्देश दिया गया था कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का मुखिया गुरपतवन्त सिंह पन्नू ने कहा है कि अयोध्या जाकर वहाँ रेकी कर नक्शा भेजें तथा उसके निर्देश का इंतजार करें। उसी अनुसार घटना का अंजाम दिया जाएगा एवं सामग्री आदि उपलब्ध करा दी जाएगी। एटीएस के मुताबिक फिलहाल हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा नाम के शख्स की अभी कहीं से शिनाख्त नहीं हो पा रही है। लिहाजा रिमांड पर लेकर नए सिरे से यह पता लगाया जाएगा कि वाकई हरमिन्दर ने ही दुसाद को पन्नू का संदेश दिया था या दुसाद सीधे तौर पर पन्नू से जुड़ा हुआ है।

एटीएस का मानना है कि अगर दुसाद, खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू से सीधे जुड़ा हुआ है तो उसे पन्नू के आगे की खतरनाक गतिविधियों की पूरी जानकारी होगी। ऐसे में उससे पूछताछ कर महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की जा सकती है। इसके अलावा उप्र में खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों और उनकी जड़ों तक पहुंचने में भी कामयाबी मिल सकती है। वहीं दूसरी ओर एटीएस की एक टीम पकड़े गए तीनों समर्थकों की कुण्डली खंगालने में जुटी हुई है। इसके लिए राजस्थान भी जा सकती है।

## एसटीएफ के हत्थे चढ़ा 50 हजार का इनामी अपराधी

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ ने मंगलवार को पचास हजार के इनामी बदमाश अशोक को गिरफ्तार किया है। हापुड़ जिले का हिस्ट्रीशीटर अशोक अमरोहा में हत्या के एक सनसनीखेज मामले में वांछित था। उसके खिलाफ हरियाणा, देहरादून, हापुड़, अमरोहा, बुलंदशहर, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर जिले में हत्या, हत्या की कोशिश और लूट जैसे 25 संगीन जुर्म दर्ज हैं।

एसटीएफ के मुताबिक इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर सक्रिय नोयडा की एसटीएफ टीम को अशोक के अमरोहा क्षेत्र में होने की सूचना मिली थी। सीओ एसटीएफ विमल कुमार सिंह और इंस्पेक्टर दीपक सिंह ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर उसे दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि 2008 में हापुड का गैंगेस्टर ओमपाल के सम्पर्क में आने के बाद उसने जरायम की दुनिया में कदम रखा थी। उसके बाद फिर उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पश्चिमी उप्र के साथ उसने पास के राज्यों- उत्तराखंड और हरियाणा में भी अपनी धमक कायम की।

# मोदी की रामजी से माफी और योगी की हुंकार के मायने

**श्री**राम के अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण जहां एक ओर भारतीय और अंतरराष्ट्रीय हिंदु समुदाय के लिए गर्व की बात है, वहीं श्रीराम के मंदिर में उनके बाल स्वरूप राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत के विश्व गुरू बनने का पथ प्रशस्त कर दिया है। पांच सदियों के बाद आए इस ऐतिहासिक मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रामजी से मांगी गई माफी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हुंकार दूर तक संदेश देने के लिए काफी है। मोदी की रामजी से माफी के निहितार्थ साफ हैं कि यदि हम होते तो यह राम लाल इतने दिन टेंट में नहीं रहते।



गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

मंदिर बहुत पहले बन चुका होता। उनकी इस माफी के पीछे कांग्रेस और उसकी केंद्र में कई दशकों तक रही सरकारों पर कड़ा प्रहार है। साथ ही कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को भी सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। उनके कहने का तात्पर्य यह भी है कि कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण की दिशा में कार्य करने के बजाए श्रीराम को काल्पनिक बताने और मंदिर निर्माण के प्रयासों को भी लटकाने, अटकाने का प्रयास किया था। ऐसा कहकर उन्होंने उसकी तुष्टिकरण की नीति को भी निशाना बनाया।

यही नहीं, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन वे राजनीतिक बातें न करते हुए भी अपने अंदाज में बहुत कुछ कह गए। सबके राम और राम विवाद नहीं, समाधान हैं, के जरिए वे वर्ष- 2024 के लोकसभा चुनाव की जमीन भी तैयार कर गए हैं। इसमें कोई शक नही कि राम मंदिर निर्माण और मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा ने मोदी और योगी को देश ही नहीं, दुनियां में गौरवान्वित होने का मौका दिया है। इस मौके पर योगी आदित्यनाथ की हुंकार भी कोई कम संदेश नहीं देती है। वे कहते भी हैं कि अब अयोध्या की गलियों में गोलियों की तड़तड़ाहट नहीं सुनाई देगी, परिक्रमा में कोई बाधा नहीं बनेगा। इतना कहना बहुसंख्यक रामभक्तों में ऊर्जा भरने के लिए काफी है। योगी आदित्यनाथ अयोध्या की उपेक्षा के लिए गैर भाजपाई सरकारों को आईना दिखाना नहीं भूलते।

इशारों-इशारों में उनका निशाना खासकर सपा और कांग्रेस की सरकारों पर था। उनके कहने का निहितार्थ यह था कि राम मंदिर तो आप बनाने वाले नहीं थे, कम से कम यहां का विकास तो करा देते। वोट बैंक के लिए विकास ही भूल गए। वे राम मंदिर को राष्ट्र मंदिर घोषित करके और राम राज्य लाने की पहल करके अपने संकल्प को बड़ा करते हैं। योगी की इस बात के भी कई निहितार्थ हैं कि ऐसा दृष्टांत नहीं मिलता कि दुनियां के किसी देश में किसी बहुसंख्यक समाज ने अपने धर्मस्थल के लिए इतना इंतजार किया हो और इतनी लंबी लड़ाई लड़ी हो। इस तरह योगी भी वर्ष-2024 में साफ साफ विपक्ष के वोट बैंक की राजनीति पर प्रहार करना नहीं भूलते। वैसे विपक्ष ने यह एक बड़ा मौका गंवा दिया। वर्ष-2024 के लोकसभा हिसाब से ही नहीं बल्कि कम से कम इस देश के बहुसंख्यकों की भावना का भी उनको खयाल नहीं हैं। प्राण प्रतिष्ठा से दूरी बनाकर विपक्ष ने कम से कम यही संदेश दिया है।

# तीन बिजली कंपनियों ने हासिल की उच्च श्रेणी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ उपभोक्ता सेवा की रेटिंग में मध्यांचल, पूर्वांचल व दक्षिणांचल निगम अब 'बी' श्रेणी में पहुंचे

**अमृत विचार:** उपभोक्ता सेवा की रेटिंग में प्रदेश की तीन बिजली कंपनियों ने उच्च श्रेणी हासिल की है। मध्यांचल, पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने सी प्लस श्रेणी से उच्चीकृत होकर बी श्रेणी में पहुंच गये हैं, जबकि कानपुर को बिजली आपूर्ति करने वाली केस्को कंपनी घटकर बी प्लस श्रेणी में पहुंच गई है।

केंद्र सरकार की कंपनी रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन आरईसी की ओर से हाल ही में वर्ष 2022-23 की उपभोक्ता सेवा की रेटिंग की घोषणा में कंपनियों की स्थितियों का खुलासा हुआ है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से 62 वितरण बिजली कंपनियों के 32 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं की उपभोक्ता सेवा रेटिंग को लेकर अध्ययन किया गया। जारी रिपोर्ट में अनुसार पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम 'सी' प्लस पर ही बनी हुई है। पूरे देश में दिल्ली के बाद उत्तर प्रदेश की निजी क्षेत्र की कंपनी नोयडा पावर कंपनी को 'ए प्लस' ग्रेड दिया गया है। रेटिंग में प्रमुख रूप से पूरे देश के सभी राज्यों में उपभोक्ताओं को मिलने वाली सभी सेवाएं बिजली आपूर्ति, बिजली कनेक्शन जारी करने, बिलिंग, मीटर संबंधी मामले, विद्युत व्यथा निवारण फोरम में शिकायतों का निस्तारण आदि का अध्ययन किया गया है।

**बिजली कंपनियों में और सुधार की जरूरत :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उपभोक्ता सेवा रेटिंग से एक बात साफ हो गई कि प्रदेश में बिजली कंपनियों में उपभोक्ता सेवा में खास सुधार नहीं हुआ है। प्रदेश सरकार व पावर कॉरपोरेशन को गंभीरता से विचार-विमर्श कर प्रदेश के बिजली उपभोक्ता सेवा में सुधार के लिए अग्रसर होना चाहिए।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जिलों में होगी समीक्षा

**लखनऊ :** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के निरस्त आवेदन या फिर खामियां जिलों में सुधारी जाएंगी। इसकी समीक्षा भी की जाएगी। इसके लिए सीडीओ को यूजर आईडी व पासवर्ड दिए गए हैं। इनमें खामियां दुरुस्त कर नियमित समीक्षा करेंगे। जो न होने के कारण प्रगति का पता नहीं चल रहा है। इस पर पंचायती राज विभाग ने जोर दिया है। 26 जनवरी को योजना प्रधानमंत्री द्वारा लागू की जाएगी। गांवों में मिसमैच नामों में भी सुधार कर पोर्टल पर भरे जाएंगे।

# एमएलसी चुने गए भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान

**लखनऊ।** विधान परिषद उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। मंगलवार को विधान भवन में निर्वाचन अधिकारी बृजभूषण दुबे ने उन्हें जीत का प्रमाणपत्र सौंपा। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान, केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और मंत्री दयाशंकर सिंह भी उपस्थित रहे। एमएलसी रहे डॉ. दिनेश शर्मा के इस्तीफे से रिक्त हुई सीट के लिए दारा सिंह ने 18 जनवरी को नामांकन दाखिल किया था। नामांकन के साथ ही दारा सिंह का उच्च सदन पहुंचना तय हो गया था। उपचुनाव के लिए मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी सहित बसपा व कांग्रेस किसी ने भी प्रत्याशी नहीं उतारा था। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ओंकारनाथ चौरसिया ने जरूर नामांकन दाखिल किया था लेकिन प्रस्तावक न होने के कारण उनका नामांकन खारिज कर दिया गया था।



# फर्जी दस्तावेजों के जरिए करोड़ों के गबन का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंक से ढाई करोड रुपये गबन के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

सोमवार को देर शाम एसटीएफ ने उसे गोरखपुर से दबोचा। एसटीएफ को फर्जी दस्तावेजों के जरिए लोन कराकर लोन को जमा नही कर उसे एनपीए खाते में डाल दिए दिए जाने की सूचना मिल रही थी। एसटीएफ टीम ने जब उसे विस्तार दिया तो पता चला कि शाहपुर में ऐसे दो मामले दर्ज है। आईसीआईसीआई बैंक के रिजनल हेड आशुतोष कुमार मिश्रा ने रियाज, शरुफ, रुद्रांश पाण्डेय, अर्चना पाण्डेय व अन्य लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया था।

# जनता को पीडीए-इंडिया पर ज्यादा भरोसा: अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ



▶▶ पीडीए सामाजिक न्याय और जातीय जनगणना की पक्षधर

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि इस बार होने वाले लोकसभा चुनाव में जनता की निगाह एनडीए-भाजपा के मुकाबले पीडीए-इंडिया पर ज्यादा है।

पीडीए में पीड़ित, दलित, अगड़े, पिछड़े, महिलाएं, अल्पसंख्यक सभी शामिल है। भाजपा कुछ वर्गों में सीमित है। सपा प्रमुख,मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीडीए सामाजिक न्याय और जातीय जनगणना की पक्षधर है। भाजपा ने हमेशा पीडीए की उपेक्षा की है। वह आरक्षण को भी खत्म करने की साजिशें कर रही है। इस बार राजधानी,लोकतंत्र का नया इतिहास रचेगा, क्योंकि यहां जो भी विकास हुआ है, सपा सरकार में ही हुआ है। भाजपा राज में तो लूट जारी है और भ्रष्टाचार हर ओर पनप रहा है। अखिलेश ने कहा कि जिन लोगों ने भाजपा को वोट दिया था वे भी अब भाजपा से क्षुब्ध है।

# शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर परिवर्तन चैक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नेताजी ने युवाओं में ऊर्जा भरी। देश की आजादी के आंदोलन के दौरान उन्होंने युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट करके लड़ने की नई प्रेरणा दी थी। न केवल देश बल्कि बाहर भी हमें देश की आजादी की लड़ाई को आगे ले जाने के लिए गजब रणनीति तैयार की थी। आज उसी का परिणाम है कि जब हम देश के बाहर जाते हैं तो बहुत सारी जगहों पर हमें नेताजी से जुड़े स्थल भी देखने को मिलते हैं।



मंगलवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर लखनऊ में परिवर्तन चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया। उन्होंने नौजवानों का आह्वान किया

▶▶ मुख्यमंत्री ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा'। देश की आजादी के इस मंत्र की बदौलत लाखों युवा सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हो गए। युवा व हर देशवासी आजाद हिंद फौज के नेतृत्व में लड़ी जाने वाली लड़ाई का हिस्सा बना। नेताजी ने न केवल भारत बल्कि म्यांमार, सिंगापुर समेत दुनिया के अनेक देशों में इस लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य भी किया। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, मोहसिन रजा, एमएलसी इंजीनियर अवनीश सिंह, बुक्कल नवाब, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम आदि मौजूद रहे।

**सुभाष चंद्र बोस ने राष्ट्रीय नारा जय हिन्द दिया : अनिल : लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल(रालोद) के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती मनाई गयी। माल्यार्पण कर नमन करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि सुभाष चंद्र द्वारा दिया गया "जय हिन्द" का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा है। उन्होंने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा बहुत बडे नेता थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने आजाद हिन्द फौज का गठन किया था।

## वर्ग पहेली-322

**बाएं से दाएं**

2.1. छोटी मूसल 2. हल्दी की जाति का एक पौधा 3. एक औषधीय पौधा।

5.1. ध्यान से देखना 2. निरीक्षण करना 3. चाव से निहारना।

6.1. किसी कष्ट या आह के कारण गले से खांसने जैसी कराहने की ध्वनि निकलना 2. भारी वस्तु उठाने पर या कुश्ती में गले से निकलने वाली ध्वनि 3. बहुत कठिन परिश्रम करने

8.1. (ज्योतिष) एक प्रकार का योग 2. पुस्तक या ग्रंथ का खंड या विभाग 3. मुख का एक विशेष रोग।

**ऊपर से नीचे**


1.1. छोटा 2. कनिष्ठ।

3. किसी के द्वारा किसी वस्तु को सुसज्जित कराना; सुसज्जित करवाना।

4. गरजने जैसा शब्द होना, गड़गड़ाना।

5.1. निर्मल या स्वच्छ होना 2. मैल आदि हटने से रंग-रूप का खिलना 3. पहले से बेहतर स्थिति में होना, परिमार्जित होना।

7. आठ टांगों और दो पंजों का एक जलीय कीड़ा, कर्क, (क्रैब)।



### वर्ग पहेली - 321 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 स | जू | री | | 2 रो | |
| | | | 3 ए | ष | णी |
| | 4 सं | | | म | |
| 5 जी | व | नो | 6 पा | य | |
| | र | | व | | 7 चौ |
| | ण | | दा | | को |
| | | 8 बि | न | वा | ना |

## सुडोकू -39

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 2 | | | 6 | | | 9 |
| 7 | | | | 2 | | | | |
| | 1 | | 9 | | | | 5 | |
| 8 | | | | | 2 | | 1 | |
| 4 | | | 7 | | | 9 | | |
| | 2 | | | 5 | | | 6 | |
| | | 8 | | 6 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | 8 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 5 |

### सुडोकू - 38 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जनवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष,पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-चतुर्दशी 21.49 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-11.57-12.40 तक।

दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पुनर्वसु पूर्णरात्रि तक।

**मेष:** आज कार्यक्षेत्र में मनोवाञ्छित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। लंब यात्रा पर जाने का विचार बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आप काई सक्रिय रहने वाले हैं।

**वृष:** आज बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद और मार्गदर्शन लेते रहना आपके लिए लाभकारी होगा। राजनीतिक संपर्कों का आप लाभ उठायेंगे। संतान के व्यवहार से बहुत खुश होंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगे।

**मिथुन:** आज बिना कहे लोगों की सहायता करेंगे जिससे आपका यश बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। सभी कार्यों को सलीके से करें। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। नए कार्य की रूपरेखा बनाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

**कर्क:** आज घर में अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है। विरोधी आपका मज़ाक उड़ा सकते हैं। धन उधार देने से आपका धन फंस सकता है। आज का दिन धैर्यपूर्वक बिताने की सलाह दी जाती है।

**सिंह:** आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशन्सा हो सकती है। मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। नई परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी।

**कन्या:** आज दोस्तों के साथ शॉपिंग करने जा सकते हैं। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होगी। घर का माहौल काफी शांत रहेगा। धार्मिक स्थल पर एकांत में समय बिताने से मन प्रसन्न होगा। गुप्त विद्याओं के प्रति आपकी रुचि बढ़ सकती है।

**तुला:** आज आपको कर्ज लेने से बचना चाहिए। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें। अति आत्मविश्वास में आकर कोई बड़ा निर्णय न लें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी ध्यान रखना पड़ेगा। जीवनसाथी से आपको आज सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

**वृश्चिक:** आज आपको गुप्त शत्रु परेशान कर सकते हैं। अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। जॉब में बदलाव करने से बचें। शुगर के रोगियों को कुछ परेशानी हो सकती है। मन में कुछ गलतियों को लेकर पश्चाताप की भावना रहेगी।

**धनु:** आज व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आप काफी तनावमुक्त महसूस करेंगे। लवमेट्स के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। सन्तान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर:** आज महिलाओं के लिए दिन काफी कमजोर रहेगा। जॉब संबंधित इन्टरव्यू में आपसे अटपटे सवाल पूछे जा सकते हैं। साझेदारी वाले कारोबार में पारदर्शिता अवश्य रखें। जीवनसाथी काफी रोमान्टिक मूड में रहने वाला है।

**कुंभ:** आज दिन के उतरार्द्ध में आपकी मनोस्थिति थोड़ी विचलित हो सकती है। दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाक़ात होगी।

**मीन:** आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। लेखन से जुड़े लोग कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। मन कुछ अशान्त रहने वाला है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
पृथ्वी — सुबह : 09.08
खुद्दार — दोपहर : 03.38

SONY MAX
दिल तो बच्चा है जी — सुबह : 10.52
पति पत्नी और वो — रात : 07.00

Utsav Gold
जुबान — सुबह : 09.00
किक — रात : 07.00

ZEE CINEMA
हीरो — सुबह : 11.20
त्रिमूर्ति — रात : 07.00

colors CINEPLEX
बद्रीनाथ की दुल्हनियां — सुबह : 09.33
भागम भाग — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो!
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो!
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

पत्नी-अजी सुनते हो ?
ऊपर से वह बैग उतार देना! मेरा हाथ कुछ छोटा पड़ रहा है।
पति- तो जुबान से ट्राई कर ले।
फिर क्या घर में महाभारत छिड़ गई।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 70,370.55 | 21,241.65 |
| गिरावट | 1,053.10 | 330.15 |
| प्रतिशत में | 1.47 | 1.53 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, बुधवार, 24 जनवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1120 डीएमओ 995 बोल्ड 1150, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1880, राज श्री 1400, फॉर्चून कि. 1730, रविन्द्रा 1790, फॉर्चुन ली0 1590, जय जवान 1450, सचिन 1435, सूरज 1475, अवसर 1485, राग गोल्ड 1520, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1850 ।किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800 ।चावल- ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो ) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350 ।दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7100, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14400, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 10900, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11600, अरहर पटका छोटा 13600-14000, अरहर कोरी छोटी 15200 ।चीनी-डालमियां 4060।

# निवेश के लिए प्रमुख वैश्विक कंपनियों की पहली पसंद भारत

## डब्ल्यूईएफ की बैठक में सुविधाओं को लेकर हुई चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले सप्ताह स्विट्जरलैंड के दावोस में संपन्न विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में शामिल प्रमुख वैश्विक कंपनियों ने भारत को निवेश के लिए अनुकूल देश माना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने दावोस बैठक में कई कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) से मुलाकात की और देश में निवेश को सुविधाजनक बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

दावोस बैठक में शामिल भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे सिंह ने कहा कि डब्ल्यूईएफ के दौरान भारत को लेकर प्रमुख कंपनियों की निवेश धारणा में स्पष्ट बढ़त देखी गई और वे भारत में वृद्धि के लिए व्यापक दृष्टिकोण का स्पष्ट रुझान रखते हैं।

उन्होंने दावोस बैठक के दौरान वोल्वो के चेयरमैन एवं सीईओ मार्टिन लुंडस्टैड, ऑडी के चेयरमैन एवं सीईओ गर्नोट डोएलनर और इकोलैब के चेयरमैन एवं सीईओ डारेल ब्राउन समेत कई शीर्ष अधिकारियों के साथ मुलाकात की। सचिव ने कहा कि डब्ल्यूईएफ में भारत के निवेश परिदृश्य को अनुकूल नजरिये से देखा गया।

### भारत की मौजूदगी से वैश्विक विश्वास को बढ़ावा



डीपीआईआईटी सचिव राजेश सिंह ने कहा कि डब्ल्यूईएफ में भारत की मौजूदगी विश्वास के वैश्विक माहौल को बढ़ावा देने और मौजूदा आर्थिक सुधारों को लेकर आत्मविश्वास जगाने की देश की प्रतिबद्धता पर जोर देने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूईएफ-2024 में यह प्रभावशाली उपस्थिति वैश्विक मंच पर खुद को एक विश्वसनीय और प्रभावशाली पक्ष के रूप में स्थापित करने की भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,750-47,950 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,200 |
| चांदी तैयार | 73,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,650 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |

## मुरादाबाद मंडी

| | |
|---|---|
| चना : | 75 से 76 |
| रुपये मसूर : | 88 से 90 |
| मलका : | 82 से 85 |
| अरहर : | 118 से 125 |
| रुपये उड़द : | 95 से 101 |
| धोआ उड़द : | 110 से 120 |
| मूंग धोआ : | 104 - 106 |
| मूंग छिलका : | 102 रुपये |
| मूंग साबुत : | 100 रुपये |

## हल्द्वानी मंडी

| | |
|---|---|
| चना- | 96-116 |
| साबुत चना दाल- | 63-64 |
| मूंग साबुत- | 104 |
| राजमा- | 180-200 |
| दाल उड़द- | 115-118 |

## आरईसी का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 13.5 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग 13.5 प्रतिशत बढ़कर 3,308.42 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 2,915.33 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर 9,795.47 करोड़ रुपये से बढ़कर 12,071.54 करोड़ रुपये हो गई।

## सीमेंट उद्योग 15-16 करोड़ टन क्षमता जोड़ने को तैयार

**मुंबई।** बुनियादी ढांचा और आवास क्षेत्र की बढ़ती मांग के चलते सीमेंट उद्योग वित्त वर्ष 2024-25 से 2027-28 के बीच 15-16 करोड़ टन की क्षमता जोड़ सकता है। क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि क्षमता वृद्धि बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ ही अत्यधिक प्रतिस्पर्धी उद्योग में बाजार हिस्सेदारी को मजबूत करने के लिए भी की जाएगी। सीमेंट की मांग वित्त वर्ष 2021-22 में आठ प्रतिशत और 2022-23 में 12 प्रतिशत बढ़ी थी। अगले वित्त वर्ष में 7-7.5 करोड़ टन अतिरिक्त क्षमता के जुड़ने की उम्मीद है। इनमें 50-55 प्रतिशत पूर्वी और मध्य क्षेत्रों से होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि योजनाबद्ध क्षमता वृद्धि में बड़े खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 50-55 प्रतिशत होगी।

# सोने, चांदी के हुक, सिक्कों पर अब आयात शुल्क 15 प्रतिशत

नई दिल्ली, एजेंसी

» केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने जारी की अधिसूचना

सरकार ने पांच प्रतिशत कृषि अवसंरचना विकास उपकर लगाकर सोने और चांदी के पिन, हुक जैसे उत्पादों (फाइंडिग्स) तथा सिक्कों पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक अधिसूचना में कहा कि कीमती धातुओं वाले प्रयुक्त उत्प्रेरकों पर भी आयात शुल्क बढ़ाया गया है। अब इसपर 4.35 प्रतिशत कृषि अवसंरचना विकास उपकर (एआईडीसी) लगाया गया है।

कीमती धातुओं पर आयात शुल्क को सर्राफा के बराबर लाने के उद्देश्य से 10 प्रतिशत के मूल सीमा शुल्क के अतिरिक्त एआईडीसी लगाया गया है। सोने या चांदी के 'फाइंडिग्स' का मतलब हुक, क्लैंप, पिन या स्क्रू बैक जैसे छोटे उत्पादों से है, जिसका उपयोग आभूषण के पूरे टुकड़े या उसके एक हिस्से को आपस में जोड़ने या थामने के लिए किया जाता है।



अतिरिक्त शुल्क 22 जनवरी से अमल में आ गया है। सरकार ने 2021-22 के बजट में कृषि अवसंरचना के वित्तपोषण के लिए कुछ उत्पादों पर आईडीसी उपकर लगाने का प्रस्ताव किया था।

## मलेशिया एयरलाइंस की भारत में विस्तार की योजना

**नई दिल्ली।** मलेशिया एयरलाइंस जल्द ही एक भारतीय वाहक के एक कोडशेयर साझेदारी करेगी। साथ ही देश में पूर्वोत्तर तथा दक्षिणी गंतव्यों तक अपने परिचालन का विस्तार करेगी। मलेशिया एविएशन ग्रुप के समूह प्रबंध निदेशक कैप्टन इज़हाम इस्माइल ने कहा कि भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हम एक देश के रूप में भारत की सफलता की गाथा का हिस्सा बनना चाहते हैं। मलेशिया एयरलाइंस नौ भारतीय शहरों के लिए कुल 69 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है। यह नौ भारतीय गंतव्यों को मलेशिया से जोड़ती है। ये नौ शहर दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोच्चि, अमृतसर, अहमदाबाद और तिरुवनंतपुरम हैं। पिछले सप्ताह भारत की यात्रा पर आए इस्माइल ने कहा कि बातचीत अंतिम चरण में हैं।


# एनपीएस को आकर्षक बनाने को उठाए जा सकते हैं कदम

नई दिल्ली, एजेंसी

» पीएफआरडीए कराधान के मोर्चे पर ईपीएफओ में समानता का अनुरोध किया

सरकार 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए योगदान तथा निकासी पर कर रियायतें बढ़ाकर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को और अधिक आकर्षक बना सकती है। पेंशन फंड नियामक पीएफआरडीए ने नियोक्ताओं द्वारा योगदान के लिए कराधान के मोर्चे पर कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय (ईपीएफओ) में समानता का अनुरोध किया है। इस संबंध में कुछ घोषणाएं अंतरिम बजट में किए जाने की उम्मीद है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। वर्तमान में कर्मचारियों के लिए कोष निर्माण में नियोक्ताओं के योगदान में असमानता है, जिसमें कॉर्पोरेट द्वारा मूल वेतन तथा महंगाई भत्ते के 10 प्रतिशत तक के योगदान को एनपीएस योगदान के लिए कर से छूट दी गई है, जबकि ईपीएफओ के मामले में यह 12 प्रतिशत है। डेलॉयट की बजट अपेक्षाओं के अनुसार, एनपीएस के माध्यम से दीर्घकालिक बचत को बढ़ावा देने और 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर के बोझ को कम करने के लिए एनपीएस के वार्षिकी हिस्से को 75 वर्ष की आयु से धारकों के लिए कर मुक्त किया जाना चाहिए। सरकारी कर्मचारियों के संबंध में सरकार ने पिछले साल उपाय सुझाने के लिए वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया था।





### नई कर व्यवस्था के तहत एनपीएस योगदान के लिए कर छूट प्रदान करने की उठी मांग

वित्तीय परामर्श एवं ऑडिट सेवा देने वाली कंपनी डेलॉयट के अनुसार एनपीएस को ब्याज तथा पेंशन के साथ शामिल किया जा सकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को एनपीएस से प्राप्त आय पर रिटर्न दाखिल न करना पड़े। वर्तमान में 60 प्रतिशत की एकमुश्त निकासी कर मुक्त है। नई कर व्यवस्था के तहत एनपीएस योगदान के लिए कर छूट प्रदान करने की भी मांग उठ रही है। अभी धारा 80सीसीडी (1बी) के तहत एनपीएस में किसी व्यक्ति के 50,000 रुपये तक के योगदान पर पुरानी कर व्यवस्था के तहत कटौती होती है।




### सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री गडकरी ने दी जानकारी

# पर्वतमाला परियोजनाओं की संख्या 400 की जाएगी : गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार पर्वतमाला परियोजना के तहत परियोजनाओं की संख्या अगले पांच साल में बढ़ाकर कम-से-कम 400 करने की योजना बना रही है। पर्वतमाला परियोजना या राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम बुनियादी ढांचा विकास का हिस्सा है। सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान अलग से बातचीत में कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमने पर्वतमाला परियोजना शुरू की है। यह परियोजना देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।



हमने इसके तहत 1.25 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की पहचान की है और ऐसी परियोजनाओं की संख्या 400 या उससे अधिक हो सकती है। पिछले साल सरकार ने कहा था कि वह इस कार्यक्रम के तहत पांच साल में 1,200 किलोमीटर से अधिक की लंबाई वाले रापवे के लिए 250 से अधिक परियोजनाएं विकसित करने की योजना बना रही है।

सरकार मेक इन इंडिया पहल के तहत रोपवे उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसको देखते हुए देश में एक बहुत अच्छा बुनियादी ढांचा विकसित करने की जरूरत है।

मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था के लिहाज से आज हम पांचवें स्थान पर है...और अगले पांच साल में हम तीसरे स्थान पर होंगे...यही कारण है कि हम देश में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित कर रहे हैं। गडकरी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में धौला कुआं-मानेसर खंड पर यातायात की भीड़-भाड़ पर चिंता जताई।

# यह शर्मनाक है कि हम नहीं जानते नेताजी के साथ क्या हुआ था : ममता

कोलकाता, एजेंसी

» पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने जयंती पर नेता जी को दी श्रद्धांजलि



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि यह देश के लिए शर्म की बात है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के लापता होने के इतने वर्षों बाद भी लोग यह नहीं जानते कि उनके साथ क्या हुआ था और न ही उन्हें उनकी मौत की तारीख पता है। उन्होंने नेताजी के लापता होने की जांच कराने का वादा न निभाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा।

केंद्र द्वारा राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए सोमवार को केंद्र सरकार के कार्यालयों में आधे दिन के अवकाश की घोषणा करने के स्पष्ट संदर्भ में ममता ने कहा कि आज कल राजनीतिक विज्ञापनों के लिए छुट्टियों की घोषणा की जाती है लेकिन उन लोगों के लिए कोई घोषणा नहीं की गयी जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ते हुए अपनी जान न्यौछावर कर दी थी।

ममता ने बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद कहा, यह भारत का दुर्भाग्य है कि इतने वर्षों बाद भी हमारे पास नेताजी की मौत की तारीख नहीं है। हम नहीं जानते कि उनके साथ क्या हुआ था। यह शर्मनाक है। देश मंगलवार को नेताजी की 127वीं जयंती मना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले नेताजी के लापता होने की जांच कराने का वादा किया था लेकिन बाद में वह भूल गयी।

# सांप्रदायिक झड़प के बाद अवैध दुकानों पर चलाया बुलडोजर, 13 गिरफ्तार

» प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर मुंबई में भिड़ गए थे दो समुदाय, दुकानें तोड़ने के वीडियो हुए वायरल

ठाणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

ठाणे जिले के नया नगर में सड़क किनारे बनीं अवैध दुकानें मंगलवार को बुलडोजर से तोड़ दी गईं जहां दो दिन पहले सांप्रदायिक झड़प हुई थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नया नगर क्षेत्र में आरएएफ की एक टीम सहित पुलिसकर्मियों की बड़ी टुकड़ी तैनात की गई। दुकानों को तोड़े जाने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं।

अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर रविवार रात मुंबई के बाह्य इलाके नया नगर में आयोजित एक वाहन रैली के दौरान दो समुदायों के सदस्य आपस में भिड़ गए थे। पुलिस ने बताया था कि लोहे की छड़ों, लाठियों एवं बल्लों से लैस भीड़ ने धार्मिक नारे लगाए और उस व्यक्ति पर हमला कर दिया। पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में 50-60 लोगों पर मामला दर्ज किया है और 13 लोगों को गिरफ्तार किया है।



मुंबई में दो समुदायों में तनाव उत्पन्न होने के बाद तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

### दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने छात्रों पर किया हमला

पुणे। दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र के पुणे स्थित भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) में मंगलवार को घुसकर 1992 के बाबरी मस्जिद विध्वंस से जुड़े बैनर लगाए जाने को लेकर संस्थान के छात्रों पर हमला कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एफटीआईआई छात्र संघ (एफएसए) ने दावा किया कि जिन छात्रों पर हमला किया गया, उनमें एफएसए के अध्यक्ष मनकप नोकवोहम भी शामिल हैं।

## एक नजर

### रेलवे के तीन कर्मचारियों की लोकट ट्रेन की चपेट में आने से मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई के पास एक लोकल ट्रेन की चपेट में आने से पश्चिम रेलवे (डब्ल्यूआर) के तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार रात आठ बजकर 55 मिनट पर वसई रोड और नायगांव स्टेशन के बीच हुई। मृतकों की पहचान मुख्य सिग्नल निरीक्षक (भायंदर) वासु मित्रा, इलेक्ट्रिकल सिग्नल मेंटेनर (वसई रोड) सोमनाथ उत्तम लाम्बुत्रे और हेल्पर सचिन वानखड़े के रूप में हुई।

### मनोज जारांगे मुंबई में अनशन करने पर अड़े

**पुणे।** आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे ने मंगलवार को कहा कि मराठा समुदाय के सदस्य 26 जनवरी को मुंबई में ताकत दिखाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे। जारांगे ने 20 जनवरी को जालना जिले से मुंबई की ओर मार्च किया और रास्ते में हजारों समर्थक मार्च में शामिल हुए। वह मंगलवार को पुणे जिला पहुंचे। उन्होंने कहा कि मराठा समुदाय के लगभग दो-ढाई करोड़ लोग मुंबई आएंगे।

## प्रधानमंत्री ने बच्चों से की भेंट



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को 2024 के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और साथ में फोटो भी खिंचवाया। ● एजेंसी

# भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार आईएएस बिश्नोई निलंबित

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने भ्रष्टाचार के मामले हाल ही में गिरफ्तार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी प्रेमसुख बिश्नोई को निलंबित कर दिया है। कार्मिक विभाग ने सोमवार रात इस बारे में आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार आईएएस अधिकारी और मत्स्य विभाग के निदेशक प्रेमसुख बिश्नोई को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित) 2018 एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी के तहत दर्ज प्राथमिकी में प्रथम दृष्टया लिप्त पाया गया। ब्यूरो ने शुक्रवार (19 जनवरी) को बिश्नोई को गिरफ्तार किया और 48 घंटे से अधिक समय तक उन्हें पुलिस/न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया।

## मुस्लिमों की सार्वजनिक पिटाई पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2022 में खेड़ा जिले के एक गांव में मुस्लिम समुदाय के पांच लोगों की सार्वजनिक रूप से पिटाई के मामले में गुजरात पुलिस से नाराजगी जताते हुए कहा कि लोगों को बांधने और पिटाई करने का अधिकार कहां से मिला। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ गुजरात हाईकोर्ट के 19 अक्टूबर, 2023 के आदेश के खिलाफ चार पुलिस कर्मियों- निरीक्षक एवी परमार, उप-निरीक्षक डीबी कुमावत, हेड कांस्टेबल केएल दाभी और आरआर दाभी की अपील पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, आपके पास कानून के तहत लोगों को खंभे से बांधने और पिटने का कोई अधिकार नहीं।

# राम मंदिर के नाम पर लहर नहीं : राहुल

डोमडोमा (असम), एजेंसी

» कांग्रेस नेता ने कहा-अयोध्या में हुआ कार्यक्रम राजनीतिक था

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर के नाम पर लहर नहीं है तथा अयोध्या में सोमवार को जो हुआ वह एक राजनीतिक कार्यक्रम था जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शो किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि असम में उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अवरोध पैदा करने का जितना प्रयास किया जा रहा है उससे उनकी यात्रा को उतना ही प्रचार मिल रहा है। राहुल गांधी का कहना था कि कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के धमकाने वाले कदमों से वह डरने वाले नहीं हैं।



यह पूछे जाने पर कि राम लहर का मुकाबला करने के लिए उनके पास क्या योजना है, तो कांग्रेस नेता ने कहा ऐसी कोई बात नहीं है कि लहर है। यह भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम था। प्रधानमंत्री ने फंक्शन किया, शो किया। वो सब ठीक है, अच्छी बात है। लेकिन हम स्पष्ट हैं कि देश को मजबूत बनाने के लिए पांच न्याय की योजना हमारे पास है। यह हम आपके सामने रखेंगे। इस सवाल पर कि क्या वह यात्रा के दौरान अयोध्या जाकर राम मंदिर का दर्शन करेंगे तो राहुल गांधी ने कहा कि फिलहाल वह यात्रा मार्ग का अनुसरण करेंगे।

## कांग्रेस का राज्य स्तरीय सम्मेलन 25 से

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज करने के मकसद से 25 जनवरी से देश भर में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है जिनमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बूथ से लेकर राज्य स्तर तक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में जोश भरने का प्रयास करेंगे। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, आने वाले कुछ हफ्तों में विभिन्न राज्यों में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करेगी।

**उपलब्धि** उत्तर प्रदेश के अस्पताल को सामाजिक कामों के बदले मिला ईनाम

# 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल को बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

» नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर होती है इस पुरस्कार की घोषणा

उत्तर प्रदेश के 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए साल 2024 के सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए चुना गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस पुरस्कार के तहत संस्था के मामले में 51 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र तथा किसी व्यक्ति के मामले में 5 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र पुरस्कार के रूप में दिया जाता है।

एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल को आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए संस्थागत श्रेणी में पुरस्कार के लिए चुना गया है। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने आपदा के क्षेत्र में भारत में व्यक्तियों और संगठनों द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से एक वार्षिक पुरस्कार स्थापित किया है।

इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। इस 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल की स्थापना 1942 में की गई थी। यह भारतीय सशस्त्र बलों का एकमात्र हवाई चिकित्सा प्रतिष्ठान है जिसने विभिन्न वैश्विक संकटों में अपनी असाधारण सेवा दी है। सहायता प्रदान करना शामिल है।

# आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में भारत का दबदबा, रोहित शर्मा कप्तान

## टीम में सबसे ज्यादा खिलाड़ी भारत के, अन्य में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के शामिल

**दुबई, एजेंसी**

रोहित शर्मा को मंगलवार को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम का कप्तान चुना गया, जिसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और मोहम्मद शमी व मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी जोड़ी के अलावा दो और भारतीयों को जगह मिली है। आईसीसी के मुताबिक टीम में जगह बनाने वाले अधिकतर खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे भारत और ऑस्ट्रेलिया के अलावा सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से हैं।





### रोहित और शुभमन चुने गए ओपनर

एकदिवसीय टीम में पारी का आगाज करने का मौका रोहित और शुभमन गिल को दिया गया है। भारतीय कप्तान ने पिछले साल एकदिवसीय प्रारूप में 52 के औसत से 1255 रन बनाए। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 208 रन की पारी खेली और 1584 रन के साथ इस प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को जगह मिली है जिन्होंने पिछले साल लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और भारत के खिलाफ फाइनल में 137 रन की पारी खेली।

### रविंद्र जडेजा और अश्विन को भी मिली जगह

साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को भी जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस को टीम का कप्तान चुना गया है। अश्विन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चार मैच में 25 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज थे। जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए चार विकेट चटकाने के अलावा 48 रन भी बनाए थे। भारत हालांकि यह मुकाबला हार गया था।

### मध्यक्रम में विराट कोहली भी शामिल

मध्यक्रम में कोहली, न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल के अलावा दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और मार्को यानसेन शामिल हैं। कोहली एकदिवसीय प्रारूप में 1337 रन बनाकर दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने पिछले साल छह शतक लगाए। उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप में सर्वाधिक शतक के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ा और विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। मिचेल ने पांच शतक की मदद से 52.34 के औसत और 100.24 के स्ट्राइक रेट से 1204 रन बनाए। क्लासेन ने भी पूरे साल बल्ले से दबदबा बनाया।

### गेंदबाजों में सिराज, शमी, कुलदीप और एडम जंपा



गेंदबाजी आक्रमण में सिराज, शमी और कुलदीप यादव की भारतीय तिकड़ी के अलावा ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा को जगह मिली है। जंपा ने 26.31 के औसत से 38 विकेट चटकाए और विश्व कप के लगातार तीन मुकाबलों में चार विकेट चटकाए। वह प्रतियोगिता में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर रहे। सिराज ने पिछले साल 44 विकेट चटकाए, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप फाइनल में 21 रन देकर छह विकेट भी शामिल रहे। भारत ने एशिया कप फाइनल में श्रीलंका पर एकतरफा जीत दर्ज की। कुलदीप ने पिछले साल 49 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय विकेट हासिल किए। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर चार चरण में 25 रन देकर पांच विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। शमी ने पूरे साल शानदार प्रदर्शन करते हुए चार बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मुंबई में विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 57 रन पर सात विकेट रहा। किसी भी भारतीय खिलाड़ी को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिली।

## रोशिबिना को सर्वश्रेष्ठ वुशू सांडा खिलाड़ी का पुरस्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो बार एशियाई खेलों की पदक विजेता नाओरेम रोशिबिना देवी को मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय वुशू महासंघ ने एक महीने तक चले जनता के मतदान के बाद सांडा वर्ग में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना। रोशिबिना ने ईरान की शहरबानो एम सेमिरोमी (88179) और चीन की वु शियाआवेइ (46753) को हराकर पुरस्कार जीता। उन्हें 93545 वोट मिले। रोशिबिना को पिछले साल एशियाई खेलों के महिलाओं के 60 किलो वुशू सांडा वर्ग के फाइनल में शियाओवेइ ने हराया था। इस दौरान 23 देशों के 45 उम्मीदवारों के लिए मतदान हुआ।

# इंग्लैंड के सामने हैदराबाद में होगी स्पिन की चुनौती

## कोच राहुल द्रविड़ बोले- जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा पिच से स्पिनरों को मिलेगी मदद

**हैदराबाद, एजेंसी**

भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि गुरुवार से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती मैच में जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा पिच से स्पिनरों को मदद मिलेगी। टेस्ट मैच से दो दिन पहले पिच काफी सूखी दिख रही थी, खासकर दोनों छोर के गुड लेंथ क्षेत्र के आसपास। द्रविड़ ने कहा कि पिच के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है। जब मैच शुरू होगा तब इसके बारे में पता करेंगे। अब तक जो देखा है उसमें यह पिच अच्छी दिख रही है।



हैदराबाद में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले पिच का मुआयना करते कप्तान रोहित शर्मा। • एजेंसी

### पिच से मिलेगा टर्न

बताते हैं कि पिच से स्पिनरों को टर्न मिलेगा। हालांकि अभी इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है लेकिन खेल जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा निश्चित रूप से गेंद को अधिक टर्न मिलेगा। दूसरी ओर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने भी पिच के बारे में चर्चा की है। टीम पिच को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं है। वुड ने कहा कि हमारे पास स्पिनर हैं, तेज गेंदबाज और अच्छे बल्लेबाज हैं। हाल के दिनों में हमारा प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। हम खुद को इन पिचों के मुताबिक ढालेंगे। हमारे पास ऐसा कप्तान है जो हमेशा मैच को आगे ले जाने की सोचता है। ऐसे में यह मनोरंजक श्रृंखला होगी।

### बल्लेबाज- गेंदबाज दोनों के लिए होगी मददगार

हैदराबाद क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा कि हमारे पास पिच तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है। इससे बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद मिलेगी लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, इसमें बदलाव आएगा। खिलाड़ियों के पास इन परिस्थितियों के मुताबिक खुद को ढालने का पर्याप्त अनुभव है। भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार को यहां नेट अभ्यास सत्र में भाग लिया। टीम के लिए यह वैकल्पिक सत्र था लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को छोड़कर सभी खिलाड़ियों ने दो घंटे से अधिक के इस सत्र में भाग लिया।

### बैजबॉल से मिल सकते हैं ढेरों विकेट : बुमराह



जसप्रीत बुमराह ने कहा कि इंग्लैंड के अति आक्रामक रवैये 'बैजबॉल' से उन्हें फायदा हो सकता है और पांच मैचों की आगामी टेस्ट श्रृंखला में उन्हें ढेरों विकेट मिल सकते हैं। बुमराह ने कहा कि अगर वे तेजी से खेलेंगे तो उन्हें थकाएंगे नहीं और ढेर सारे विकेट भी दे सकते हैं।

### रोहित के खिलाफ फेंकने होंगे सटीक बाउंसर : वुड



इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने कहा कि रोहित शर्मा को शॉर्ट पिच गेंदों के इस्तेमाल से नियंत्रित करना और श्रृंखला में भारत को हराने की योजना में प्रमुखता से शामिल होगा। रोहित शॉर्ट गेंद के खिलाफ काफी अच्छा खेलते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि वह बाउंसर नहीं फेंकेंगे। उन्हें बेहद सटीक बाउंसर फेंकनी होगी।

## भारत के खिलाफ अभद्र भाषा के इस्तेमाल पर मृधा को फटकार

**ब्लोमफोंटेन, एजेंसी।** बांग्लादेश के गेंदबाज मारूफ मृधा को भारत के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप मैच के दौरान अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए मंगलवार को आईसीसी ने फटकार लगाई। मृधा को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी की विज्ञप्ति के मुताबिक मृधा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

**अंडर-19 विश्व कप**

यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध है। यह घटना भारत की पारी के 44वें ओवर में घटी, जब बल्लेबाज को आउट करने के बाद मृधा ने आक्रामक तरीके से दो बार ड्रेसिंग रूम की ओर इशारा किया था। मृधा ने अपराध के साथ ही सजा को स्वीकार कर लिया है। इस मामले में मैदानी अंपायर डोनोवन कोच और निगेल डुगुइड, तीसरे अंपायर अलाउद्दीन पालेकर और चौथे अंपायर लैंगटन रूसेरे ने मृधा पर आरोप लगाया था।

## खेल डायरी

### सात्विक-चिराग विश्व रैंकिंग में नंबर एक



**नई दिल्ली।** पिछले दो सप्ताह से शानदार प्रदर्शन कर रहे भारत के सात्विक साईंराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार को बीडब्ल्यूएफ पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। एशियाई खेलों की यह चैंपियन जोड़ी मलयेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंटों में उपविजेता रही थी। दोनों पिछले साल हांगझोऊ एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे थे। इंडिया ओपन फाइनल में उन्हें विश्व चैंपियन कांग मिन युक और सिओ सांग जाए से हार का सामना करना पड़ा। अन्य भारतीयों में एचएस प्रणय 8वें नंबर पर हैं, जबकि लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत क्रमश: 19वें, 25वें और 30वें स्थान पर हैं।

### इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ मैच में खेलेंगे रिंकू सिंह

**नई दिल्ली।** रिंकू सिंह को इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ अहमदाबाद में बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए मंगलवार को भारत ए टीम में शामिल किया गया। टी-20 में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी की झलक दिखा चुके रिंकू ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में पदार्पण किया था और दो मैच में 17 और 38 रन बनाए। उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 44 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं जिसमें 57.57 की औसत से 3109 रन बनाए हैं। भारत ए ने पिछले सप्ताह इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ पहला चार दिवसीय मैच ड्रॉ कराया था। भारत ए टीम : अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, सरफराज खान, तिलक वर्मा, कुमार कुशाग्र, वाशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार, अर्शदीप सिंह, तुषार देशपांडे, विदवथ कावेरप्पा, उपेंद्र यादव, आकाश दीप, यश दयाल और रिंकू सिंह।

### सीरिया से हारकर भारत एशियाई कप से बाहर



**अल खोर (कतर)।** भारतीय टीम आखिरी ग्रुप मैच में सीरिया से 0-1 से हारकर एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। सीरिया के उमर खरबिन ने 76वें मिनट में गोल दागकर सीरिया को नॉकआउट की दौड़ में बनाए रखा है। भारत चार टीमों के ग्रुप बी में तीनों मैच हारकर और एक भी गोल किए बिना आखिरी स्थान पर रहा। भारत इससे पहले भी 1984, 2011 और 2019 में नॉकआउट में जगह नहीं बना सका था। भारत 1964 में उपविजेता रहा था जब सिर्फ चार टीमों ने इसमें भाग लिया था। इसके बाद से भारत कभी भी नॉकआउट में जगह नहीं बना सका है।

### किरन जॉर्ज इंडोनेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में



**जकार्ता।** भारत के किरण जॉर्ज ने इंडोनेशिया मास्टर्स 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वालीफाइंग दौर में दो करीबी जीत के बाद मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। कोच्चि के 23 वर्ष के जॉर्ज ने अब तक दो सुपर 100 खिताब जीते हैं। उन्होंने इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रूस्टावितो को 21-17, 12-21, 21-15 से हराया। इससे पहले उन्होंने फ्रांस के एलेक्स लेनियर को 12-21, 21-18, 22-20 से मात दी थी। मुख्य ड्रॉ में सातवीं वरीयता प्राप्त एचएस प्रणय पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लो कीन यू के खिलाफ अभियान का आगाज करेंगे। वहीं लक्ष्य सेन का सामना चीन के वेंग होंग यांग से होगा। किदांबी श्रीकांत की टक्कर मलयेशिया के ली जि जिया से होगी, जबकि प्रियांशु राजावत का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगा।

# जोकोविच 11वीं बार सेमीफाइनल में

**अब तक 10 बार आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जीत दर्ज कर चुके हैं जोकोविच**

**मेलबर्न, एजेंसी**



नोवाक जोकोविच ने टेलर फ्रिट्ज को करीब चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में हराकर 11वीं बार आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने यह मुकाबला 7-6, 4-6, 6-2, 6-3 से जीता। वह जितनी बार भी यहां क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, उतनी बार अपराजेय रहे।

24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने मेलबर्न पार्क पर सभी दस सेमीफाइनल और फाइनल जीते हैं। वह 48वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर या पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव से होगा।

जोकोविच ने अब तक एक को छोड़कर सभी मुकाबलों में फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया था। आस्ट्रेलिया में 2021 में मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा था।

### कोको गॉफ भी सेमीफाइनल में पहुंचीं

अमेरिका की चौथी वरीय कोको गॉफ ने मार्ता कोस्तयुक को 7-6, 6-7, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में कोको गॉफ की भिड़ंत गत चैंपियन एरिना सबालेंका और नौवीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन जीतने वाली कोको गॉफ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार 12 मैच जीत चुकी हैं।



## डब्ल्यूपीएल का पहला मैच मुंबई और दिल्ली के बीच बेंगलुरू में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गत चैंपियन मुंबई इंडियंस महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र के पहले मैच में 23 फरवरी को बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगा। पूरा सत्र बेंगलुरू और दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। दिल्ली में अरुण जेटली स्टेडियम 15 और 17 मार्च को एलिमिनेटर और फाइनल की मेजबानी करेगा। इस साल डब्ल्यूपीएल में कुल 22 मैच होंगे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में मुंबई इंडियंस ने पिछले साल फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराकर पहला खिताब जीता था।

**महिला प्रीमियर लीग का आगाज 23 फरवरी से**

## रवि शास्त्री और फारुख को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार



रवि शास्त्री, फारुख इंजीनियर, दिलीप वेंगसरकर व अन्य। • एजेंसी

**हैदराबाद, एजेंसी।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री और पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर को मंगलवार को बीसीसीआई ने लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया। बीसीसीआई ने समारोह में 2019-20 सत्र के लिए शीर्ष पुरुष और महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

शुभमन गिल को 12 महीने में शानदार प्रदर्शन करने के लिए वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए पॉली उमरीगर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यशस्वी जायसवाल ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ 171 रनों की पारी खेलकर 2022-23 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण का पुरस्कार जीता। स्पिनर दीप्ति शर्मा ने 2022-23 सत्र के लिए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेटर का पुरस्कार जीता।

# बॉलीवुड हलचल

## एटली का विजन और संवाद की क्षमता सराहनीय



किंग खान शाहरुख खान ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली की निर्देशन शैली की सराहना की है। एटली कुमार के निर्देशन में बनी फिल्म जवान को बॉक्स ऑफिस पर जोरदार सफलता मिली। फिल्म जवान में शाहरुख खान पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका में नजर आए। जवान ने दुनिया में 1100 करोड़ से अधिक का कलेक्शन किया। शाहरुख खान ने कहा कि एटली का विजन स्पष्टता और संवाद करने की उनकी क्षमता वास्तव में सराहनीय है। वह उनकी निर्देशन शैली की सराहना करते हैं। वह विशाल, साहसी, जीवन से बड़े हैं, वह एटली हैं। यह सिर्फ एक स्क्रिप्ट को क्रियान्वित करने के बारे में नहीं था, बल्कि यह पात्रों, कथाओं और कहानी कहने की पारस्परिक खोज थी। फिल्म जवान आपको सोचने पर मजबूर करेगा, आपको प्यार में डालेगा, आपको गुस्सा दिलाएगा, आपको हंसाएगी और रुलाएगी भी, लेकिन यह आपके परिवार के साथ अनुभव करने लायक यात्रा होगी। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रस्तुति, एटली द्वारा निर्देशित, गौरी खान द्वारा निर्मित और गौरव वर्मा द्वारा सह-निर्मित फिल्म जवान का प्रीमियर 28 जनवरी को जी सिनेमा पर होगा।

### शाहरुख खान ने बताया जवान बने रहने का तरीका

शाहरुख खान ने जिंदगी में जवान बने रहने का मंत्र साझा किया है। उन्होंने बताया कि दिल से साफ रहें और उन चीजों की तुलना या उन पर संदेह न रखें, जो आप कर रहे हैं। दिल से जवान बनने और दिल से खुश रहने का एकमात्र तरीका है दिल से साफ होना, ऐसा करने का एकमात्र तरीका यह है कि उन चीजों के प्रति संदेह न रखें और न ही उनकी तुलना करें, जो काम आप कर रहे हैं। अपने आसपास के लोगों के प्रति अच्छा बर्ताव और सम्मान करें, अपने परिवार और दोस्तों से प्यार करें और दयालु बनें। मुझे लगता है कि दिल से जवान बने रहने के लिए बहुत कम समय की जरूरत होती है।

## प्रभास का बॉडी डबल भी लेता है एक फिल्म की मोटी फीस



प्रभास ही नहीं, उनका बॉडी डबल भी मोटी फीस वसूलता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रभास की बढ़ती लोकप्रियता से उनके बॉडी डबल की भी चांदी हो गई है। वो जहां पहले काफी कम फीस पर प्रभास के लिए बॉडी डबल का काम करते थे। अब वो एक दिन के लिए 30 लाख रुपये चार्ज कर रहे हैं। प्रभास की कद-काठी का उनसे हुबहू मैच होना और उनके मुश्किल एक्शन सीन्स की वजह से मेकर्स उन्हें लंबी डेट्स के साथ कई दिनों तक के लिए रिजर्व रखते हैं। जिससे उनकी फीस 9-10 करोड़ रुपये प्रति प्रोजेक्ट तक हो चुकी है। उनकी मूवी सालार से लेकर कल्कि 2898 एडी में भी प्रभास के बॉडी डबल ने काम किया है।

### प्रभास की एक फिल्म की फीस 150 करोड़ रुपये से भी ज्यादा

बाहुबली स्टार प्रभास इंडस्ट्री के टॉप पेड एक्टर्स में से एक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सुपरस्टार एक मूवी के लिए करीब 150 करोड़ रुपये वसूलते हैं। बाहुबली की बंपर सफलता से प्रभास सिर्फ साउथ ही नहीं, बल्कि इंडिया के सबसे बड़े स्टार बनकर उभरे हैं। प्रभास का क्रेज साउथ से लेकर बॉलीवुड तक में है। अभी वह कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। इनमें उनके धमाकेदार एक्शन सीन्स हैं। इसके लिए मेकर्स को प्रभास के बॉडी डबल का भी ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना पड़ रहा है। बता दें कि सुपरस्टार प्रभास सालार की सफलता के बाद निर्देशक नाग अश्विन की मूवी 2898 एडी को लेकर सिनेमाघर पहुंचेंगे। इस में प्रभास के अपोजिट अदाकारा दीपिका पादुकोण लीड रोल में नजर आएंगी। इसके अलावा प्रभास निर्देशक मारुती की राजा साब को लेकर भी चर्चा में है। जो जल्दी ही सिल्वर स्क्रीन पहुंचने की तैयारी में है।

## सुष्मिता सेन की वेबसीरीज आर्या 3 का ट्रेलर रिलीज




बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री सुष्मिता सेन की आने वाली वेबसीरीज आर्या-3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सुष्मिता सेन जबरदस्त एक्शन करती हुई दिखाई दे रही हैं। डिज्नी प्लस हॉटस्टार के पेज पर आर्या 3 के ट्रेलर को शेयर करते हुए लिखा गया है, एक आखिरी बार, शेरनी करेगी एक अंतिम वार। यह हॉटस्टार पर 9 फरवरी से स्ट्रीम होगी। आर्या 3 का निर्देशन राम माधवानी ने किया है। इसमें सुष्मिता सेन के अलावा चंद्रचूड़ सिंह, सिकंदर खेर, नमित दास, मनीष चौधरी, सुगंधा गर्ग जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं।

सुष्मिता सेन ने आर्या 3 में अपने किरदार पर बात करते हुए कहा कि यह सब तब शुरू हुआ जब आर्या के परिवार को टुकड़ों में तोड़ दिया गया, जिसके बाद वह बिजनेस की निडर शेरनी बन गई। अब बात खेल से परे न्याय की है। भले ही किस्मत में आर्या सरीन के लिए कुछ भी लिखा हो लेकिन वह उसका सामना डट के बिना किसी डर के साथ करती है। स्क्रीन पर आर्या सरीन के किरदार को निभाकर मुझे उस समय शक्ति मिली जब मैं खुद को संभाल नहीं पाती थी। उसके किरदार से एक एक्टर के तौर पर मैं खुद को तलाश पाई।

### जालीदार ड्रेस पहनने पर अनन्या की तुलना उर्फी जावेद से



उर्फी जावेद अपने कपड़ों को लेकर हमेशा चर्चा में बनी रहती है। अब अनन्या पांडे का एक ऐसा लुक सामने आया है, इसके बाद लोग उनकी तुलना भी उर्फी जावेद से कर रहे हैं। अनन्या पांडे के नए लुक का सोशल मीडिया पर जमकर मजाक उड़ाया जा रहा है। दरअसल अनन्या पांडे का हाल ही में एक वीडियो सामने आया है। इस में वह रैंप वाक करती हुई नजर आ रही हैं। इस दौरान अनन्या पांड ने बेहद अतरंगी आउटफिट पहन रखा है। उन्होंने वन पीस शॉर्ट ड्रेस के साथ-साथ एक जालीदार चीज को अपने हाथ में पकड़ा हुआ है। अनन्या पांडे के इस वीडियो को देखने के बाद उनके फैंस जमकर तारीफ करते हुए नजर आए तो ट्रोल ने एक्ट्रेस की क्लास लगाई और उनकी ड्रेस को लेकर तरह-तरह के कमेंट्स किए।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



# मुंबई: बिफ्फ फिल्म फेस्टिवल में कलाकारों को किया सम्मानित

मुंबई, अमृत विचार

मुंबई में बॉलीवुड इंटरनेशनल बिफ्फ फिल्म फेस्टिवल सीजन-4 का 20 जनवरी को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश-दुनिया से आईं अनेक शख्सियतों ने हिस्सा लिया।

फेस्टिवल में बेहतरीन फिल्में, शॉर्ट, मोबाइल, स्टूडेंट्स, डॉक्युमेंट्रीज फिल्म व म्युजिक वीडियो दिखाए गए। बाद में कई कलाकारों को सम्मानित किया गया। बता दें, बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा और डायरेक्टर प्रतिभा शर्मा इस फेस्टिवल के संस्थापक हैं। आयोजन में बेस्ट फिल्म और अन्य बेस्ट कैटेगरी को चुनने के लिए पांच निर्णायक मंडल को नियुक्त किया गया है। कुनबा थियेटर अंधेरी वेस्ट में आयोजित कार्यक्रम में अजीत राय, धर्मेंद्र नाथ ओझा, नंदिता पुरी और बांग्लादेश के एक्टर डायरेक्टर तौकीर अहमद शामिल हुए। यशपाल, प्रतिभा और अविनाश दास ने कार्यक्रम का आरंभ किया। शिशिर, अखिलेन्द्र, राज ज्युतशी, नंदिता पुरी, एना बोल्मार्क, रामपाल बल्हारा समेत बॉलीवुड के अनेक गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं।

# यूएनएससी की स्थायी सीट भारत को मिलनी चाहिए: मस्क

न्यूयॉर्क, एजेंसी



▸▸ कहा-संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के ढांचे में बदलाव की जरूरत

दुनिया के सबसे अमीर शख्स और टेस्ला व स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मुखिया एलन मस्क ने संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि कुछ बिंदुओं पर दुनिया की सबसे बड़ी संस्था संयुक्त राष्ट्र में बदलाव करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा परिषद में सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के नाते भारत को स्थायी जगह मिलनी ही चाहिए। ऐसा नहीं किया जाना बेतुका है। एलन मस्क ने ट्वीट कर कहा कि कुछ बिंदु पर, संयुक्त राष्ट्र निकायों के संशोधन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद, सुरक्षा परिषद में भारत के लिए स्थायी सीट नहीं होना बेतुका है। उन्होंने लिखा कि अफ्रीका के लिए भी सामूहिक रूप से एक सीट होनी चाहिए। सयुक्त राष्ट्र संघ के सुरक्षा परिषद में फिलहाल पांच देश ही स्थायी सदस्यों के रूप में शामिल हैं।

बता दें, यूएनएससी, यूएन के छह प्रमुख अंगों में से एक है। इसकी स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को हुई थी। इस पर अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने, महासभा में संयुक्त राष्ट्र के नए सदस्यों के प्रवेश की सिफारिश करने और संयुक्त राष्ट्र में किसी भी बदलाव को मंजूरी देने की जिम्मेदारी है।

# गायब हो जाते हैं शनि के चांद टाइटन के द्वीप

▸▸ नासा के अंतरिक्ष यान कैसिनी ने की आश्चर्यजनक खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने शनि ग्रह के चांद टाइटन में एक आश्चर्यजनक जानकारी जुटाई है। टाइटन के समुद्र में द्वीपों का पता चला है, जो नजर आते हैं और खुद ही गायब हो जाते हैं। वैज्ञानिकों ने इसे जादुई द्वीप नाम दिया है।

शनि का चंद्रमा टाइटन हमारे सौर मंडल में पृथ्वी के अलावा एकमात्र ऐसी दुनिया है, जिसकी सतह पर तरल झीलें और विशाल समुद्र हैं। नासा के कैसिनी अंतरिक्ष यान ने शनि के इस बड़े चंद्रमा टाइटन की सतह पर झीलें पृथ्वी से मिलते जुलते देखी हैं। मगर टाइटन में अत्यधिक ठंड के चलते पर -179 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। जिस कारण टाइटन के समुद्र में हाइड्रोकार्बन, तरल मीथेन और ईथेन होते हैं।



टाइटन के समुद्र में गायब हो जाने वाले द्वीप।

इधर कैसिनी टाइटन में द्वीपों जैसे चमकीले क्षेत्रों का पता लगाया है, जो समुद्र पर तैरते दिखाई देते हैं और फिर गायब हो जाते प्रतीत होते थे। वैज्ञानिकों ने इन द्वीपों को टाइटन का जादुई द्वीप कहा है। अमेरिकी शोधकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि यह द्वीप संभवतः एक अलग प्रकार के जमे हुए कार्बनिक ठोस पदार्थों के तैरते हुए टुकड़े हैं। विज्ञान पत्रिका जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स (एजीयू) यह खोज प्रकाशित है।

इस खोज को लेकर टेक्सास सैन एंटोनियो विश्वविद्यालय भौतिकी व खगोल विज्ञान विभाग के प्रोफेसर ज़िनटिंग यू का कहना है कि समुद्र में यह द्वीप गायब होने से पहले घंटों से लेकर कुछ हफ्तों तक नजर आते हैं। इस रहस्य को समझने के लिए वैज्ञानिको ने विभिन्न सिद्धांत प्रस्तुत किए।

मगर सत्यता का सही पता नही चल पाया। इस पर नए तरीके से अध्ययन किया गया, तब पता चला कि टाइटन के जादुई द्वीप झरझरा छत्ते वाले कार्बनिक पदार्थ से बने हैं।

### टाइटन पर पनप सकता है जीवन

पानी की मौजूदगी के चलते टाइटन पर जीवन की संभावना जताई जा सकती है। इस उपग्रह पर जीवन की संभावना करीब दो दशक से बनी हुई है। जिसके चलते नासा ने इस उपग्रह की सतह को जानने के लिए कैसनी अंतरिक्ष यान को भेजा। कौसनी इस ग्रह की अनेक जानकारी जुटाने में सफल रहा है।

## एक नजर

### मध्य प्रदेश: इंदौर केंद्रीय कारागार में कैदी ने लगाई फांसी, मौत

**इंदौर।** इंदौर में केंद्रीय कारागार के कैदी ने चादर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अधिकारी ने बताया कि घटना सोमवार शाम की है। जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने कहा, जेल के बैरक नंबर 2 में बंद अनिल मांझे ने आत्महत्या करने के लिए बेडशीट का इस्तेमाल किया। उसने बेडशीट के एक सिरे को शौचालय की जाली से बांध दिया और दूसरे सिरे से खुद को फांसी लगा ली। बाद वे उसे एमवाई अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और उसके परिवार के सदस्यों को इसके बारे में सूचित किया गया है। मांझे पर मामूली विवाद में पत्नी की हत्या करने का आरोप था।

### ईरान: हिजाब विरोधी प्रदर्शनों में गिरफ्तार एक और व्यक्ति को फांसी

**तेहरान।** ईरान ने वर्ष 2022 के देशव्यापी प्रदर्शनों के दौरान गिरफ्तार किए गए एक और कैदी को फांसी दे दी। 22 वर्षीया महसा अमीनी को हिजाब नहीं पहनने के कारण हिरासत में लिया गया था। मोरलिटी पुलिस की हिरासत में 16 सितंबर, 2022 को महसा की मौत के बाद देश भर में भड़के हिजाब विरोधी प्रदर्शन में कम से कम 529 लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोगों को इस दौरान हिरासत में लिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, मोहम्मद कोबादलु को राजधानी तेहरान के समीप पारांड कस्बे में रैली के दौरान अपनी कार से कुचल कर एक पुलिसकर्मी की जान लेने और पांच अन्य को घायल करने के लिए सजा सुनाए जाने के बाद फांसी दी गई। महीनों तक चले प्रदर्शनों के बाद नौवें व्यक्ति को फांसी दी गई है।

# गाजा में 21 आईडीएफ सैनिकों की मौत

## इजराइली सेना पर बड़ा हमला, नेतन्याहू बोले- सेना जीत पूरी होने तक लड़ती रहेगी

यरुशलम, एजेंसी

इजराइली सेना ने बताया है कि सोमवार को गाजा में हमास के साथ हुई लड़ाई में उनके 21 सैनिक मारे गए हैं। दरअसल लड़ाई के दौरान एक शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में कुछ सैनिक आ गए। यह विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसकी चपेट में आकर दो इमारतें भी तबाह हो गईं। वहीं इजराइली सेना के एक टैंक पर हमास के लड़ाकों ने आरपीजी से हमला किया। इन सैनिकों की मौत के बाद हमास के साथ लड़ाई में इजराइली सेना के अब तक 200 से ज्यादा सैनिक मारे जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कसम खाई कि फिलिस्तीन में एक दिन में सबसे ज्यादा मौतें होने के बाद इजराइल जीत पूरी होने तक गाजा में लड़ाई बंद नहीं करेगा। यह युद्ध शुरू होने के बाद से इजराइली सेना को सबसे बड़ी क्षति पहुंची है। नेतन्याहू ने 21 सैनिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि सेना जीत पूरी होने तक लड़ती रहेगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में नेतन्याहू ने कहा, युद्ध की शुरुआत के बाद से सोमवार का दिन सबसे कठिन दिनों में से एक था।

उन्होंने कहा कि सेना उस हमले की जांच शुरू करेगी जिसमें एक आतंकवादी ने एक टैंक पर रॉकेट चालित ग्रेनेड दागा जिससे विस्फोट हुआ और सैनिक विस्फोट के बाद ध्वस्त हुई दो इमारतों के मलबे में दब गए। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि उनका दिल इस कठिन और दर्दनाक सुबह में मारे गए लोगों के परिवारों के साथ है, लेकिन इजराइल पीछे नहीं हटेगा।

### यमन: अमेरिका-ब्रिटेन ने फिर किया हूती के 8 ठिकानों पर हमला

**वाशिंगटन।** यमन स्थित हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने हमले तेज कर दिए हैं। पेंटागन ने बताया कि अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने सोमवार को यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमला किया है। पेंटागन के अनुसार, अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने अंडरग्राउंड स्टोरेज स्थल और हूतियों की मिसाइल व निगरानी क्षमता को तबाह किया गया है। वहीं, हूती विद्रोहियों ने कहा कि इजराइल द्वारा गाजा पर किए जा रहे हमले के बाद वह फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता से खड़े हैं, इसलिए ये हमले फिलिस्तीनियों के समर्थन में हैं। छह देशों द्वारा हस्ताक्षरित एक संयुक्त बयान के अनुसार, अमेरिका और ब्रिटिश सेना ने ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा और नीदरलैंड के समर्थन से यमन में 8 अलग-अलग स्थानों पर हमले किए हैं। इससे पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि हूती विद्रोहियों के खिलाफ ये हवाई हमले जारी रहेंगे। एक वरिष्ठ अमेरिकी सैन्य



अधिकारी बताया कि लगभग 25 से 30 गोले दागे गए। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि इन हमलों ने हूती विद्रोहियों की हमलों की क्षमता को कम कर दिया है। हालांकि, उन्होंने अब तक नष्ट हुई मिसाइल, रडार, ड्रोन या अन्य सैन्य क्षमताओं की संख्या के बारे में कोई जानकारी मुहैया नहीं कराई है।

# गर्भपात की इजाजत वाला फैसला दिल्ली कोर्ट ने वापस लिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट मंगलवार को अपने पहले एक आदेश को वापस ले लिया है। जिसमें कोर्ट ने 29 हफ्ते की गर्भवती महिला को गर्भपात की इजाजत देने का आदेश दिया था।



केंद्र सरकार की ओर से हाईकोर्ट में अर्जी दी गई थी।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि आदेश वापस लिया जाता है। केंद्र की ओर से एक याचिका दायर करने के बाद आया है। जिसमें बीती चार जनवरी के आदेश को वापस लेने की मांग की गई है। गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दी गई थी। केंद्र सरकार ने अपनी याचिका में कहा कि गर्भावस्था का समापन तब तक नहीं हो सकता है। जब तक कि डॉक्टर भ्रूणहत्या न कर दें। ऐसा न करने पर बड़ी जटिलताओं के साथ समय से पहले प्रसव होगा।

# केएनपी में नामीबियाई चीता ने तीन शावकों को दिया जन्म

श्योपुर, एजेंसी

▸▸ सीएम मोहन ने दी बधाई, इससे पहले मार्च 2023 में ज्वाला चीता ने चार शावकों को दिया था जन्म



कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में मंगलवार को तीन चीता शावकों का जन्म हुआ है। मादा चीता ज्वाला ने तीन शावकों को जन्म दिया है। तीनों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। इससे पहले मार्च 2023 में ज्वाला चीता ने चार शावकों को जन्म दिया था। इनमें से तीन शावकों की मौत हो चुकी है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा कुनो में शुरू किया गया अभिनव प्रकल्प चीता प्रोजेक्ट सफल हो रहा है। एशिया से गायब हुए चीता मध्यप्रदेश के पारिस्थितिक तंत्र में न सिर्फ फल फूल रहा है, बल्कि वंश वृद्धि में भी लगा है। यह प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है। कुनो में मादा चीता ज्वाला ने 3 नन्हे चीता शावकों को जन्म दिया है। प्रदेश में चीता प्रजाति के प्राणियों की संख्या अब 21 हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में चीतों के कुनबे में वृद्धि होने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

कूनो नेशनल पार्क (केएनपी) में मंगलवार को चीता शावकों के जन्म के बाद चीतों की तादाद बढ़कर 17 हो गई है। इसमें सात शावक शामिल है। करीब एक महीने पहले ही नामीबिया से लाई गई मादा चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया था। इससे पहले मार्च 2023 में मादा चीता ज्वाला ने ही चार शावकों को जन्म दिया था। उनमें से तीन की मौत कुछ ही महीनों में हो गई थी। कूनो प्रबंधन ने शावकों की मौत की वजह भीषण गर्मी को बताया था। इस मादा चीता को पहले सियाया के नाम से जाना जाता था, बाद में उसका नाम ज्वाला रखा गया था। ज्वाला को भी नामीबिया से कूनो नेशनल पार्क लाया गया है। कूनो नेशनल पार्क से काफी दिनों बाद बड़ी खुशखबरी सामने आई है। यहां अफ्रीकी देश नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला ने तीन शावकों को जन्म दिया है।

# भारत लगा रहा अफ्रीका को उठाने की बाजी, बढ़ेगी साझेदारी

अबुजा, एजेंसी



▸▸ जयशंकर बोले उचित स्थान हासिल नहीं कर लेता, तब तक वैश्विक व्यवस्था संतुलित नहीं होगी

नाइजीरिया के साथ उन्नीसवें गुटनिरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर नाइजीरिया में हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा कि भारत अफ्रीका को उठाने की बाजी लगा रहा है और जब तक यह महाद्वीप अपना उचित स्थान हासिल नहीं कर लेता, तब तक वैश्विक व्यवस्था संतुलित नहीं होगी। उन्होंने कहा, इस महाद्वीप के बिना बहुध्रुवीयता नहीं हो सकती।

जयशंकर नाइजीरिया-भारत व्यापार परिषद (एनआईबीसी) में बोल रहे थे। विदेश मंत्री ने कहा, नई वैश्विक व्यवस्था का फिर से संतुलन तभी होगा, जब इसके मूल में आर्थिकी होगी। आर्थिक उत्थान से ही अफ्रीका का उदय होगा। उन्होंने कहा, दूसरों के लिए बाजार बनकर या सिर्फ संसाधन मुहैया कराकर वैश्विक व्यवस्था में ऊपर जान बहुत मुश्किल है। इसलिए, अब मैं विकल्प पेश करता रहता हूं। उन्होंने कहा, अफ्रीका आगे बढ़ रहा है और भारत अफ्रीका को उठाने पर बाजी लगा रहा है।

मंत्री ने कहा, भारत अफ्रीका को उठाने की बाजी इसलिए लगा रहा है, क्योकि आज अफ्रीका में जनसांख्यिकी, संसाधनों और महत्वकांक्षा में बहुत अधिक वृद्धि हो रही है।

## हीटिंग सिस्टम फेल...



**मॉस्को :** रूस की राजधानी मॉस्को समेत पूरे देश में इन दिनों भीषण सर्दी है। मॉस्को में पारा माइनस 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। विंड चिल फैक्टर और कई जगहों पर हीटिंग सिस्टम काम नहीं करने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विंड चिल फैक्टर में हवाओं की वजह से तापमान 5 डिग्री और कम महसूस होता है। रूस में पारा गिरने की शुरुआत दिसंबर में शुरू हुई थी। यह गिरावट थमी नहीं है। ● एजेंसी

### भारत से तनाव के बीच मालदीव ने चीनी पोत को दी ठहरने की अनुमति

**माले।** अनुसंधान और सर्वेक्षण कार्य करने वाला चीन का एक जलपोत माले सरकार की अनुमति मिलने के बाद ईंधन भरने के लिए मालदीव के एक बंदरगाह पर लंगर डालेगा। चीनी जहाज को अनुमति भारत और मालदीव के बीच संबंधों में तनाव के बीच दी गई है। मुइज्जू ने सत्ता में आने और पदभार संभालने के बाद अपनी पहली चीन की यात्रा की थी।

मालदीव ने कहा चीन ने पोर्ट कॉल के लिए आवश्यक मंजूरी के वास्ते राजनयिक अनुरोध किया था। हालांकि, चीन का अनुसंधान पोत शियांग यांग होंग 3 मालदीव के जलक्षेत्र में रहते हुए कोई अनुसंधान कार्य नहीं करेगा। मालदीव ने कहा मित्र देशों की शांतिपूर्ण उद्देश्यों से असैन्य और सैन्य जलपोतों की मेजबानी करता रहेगा।

# भारतवंशी 22 वैज्ञानिकों को मिलेगी वैभव फेलोशिप

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्र सरकार ने की घोषणा वैज्ञानिक अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा समेत 9 देशों में हैं कार्यरत



केंद्र सरकार ने मंगलवार को भारतीय मूल के 22 वैज्ञानिकों को 'वैभव' फेलोशिप देने की घोषणा की है। ये वैज्ञानिक देश के प्रमुख संस्थानों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और क्वांटम तकनीक जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान परियोजनाएं चलाने में मदद करेंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने यह घोषणा की। इस दौरान नीति आयोग के सदस्य वीके सारस्वत, मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार एके सूद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (डीएसटी) विभाग के सचिव अभय करंदीकर भी मौजूद थे। वैभव फेलोशिप कार्यक्रम बीते साल 2023 में डीएसटी की ओर से शुरू किया गया था।

वैभव फेलोशिप के लिए जिन 22 वैज्ञानिकों के नामों की घोषणा की गई है, वे ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फिनलैंड, जापान, सिंगापुर, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका के शीर्ष संस्थानों में हैं। ये वैज्ञानिक मिलकर परियोजनाओं पर अगले तीन वर्षों तक आईआईएससी, आईयूसीएए और आईआईटी जैसे भारतीय संस्थानों के साथ काम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2020 में वैभव शिखर सम्मेनल का उद्घाटन किया था। इसी दौरान यह विचार निकलकर सामने आया। इसी दौरान भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों और सार्वजनिक वित्त पोषित वैज्ञानिक संस्थानों और प्रवासी भारतीय वैज्ञानिकों के बीच सहयोग की परिकल्पना की गई थी। कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के खगोल विज्ञान विभाग में प्रोफेसर मानसी मनोज कासलीवाल डाटा विज्ञान के क्षेत्र में आईआईटी-बॉम्बे में काम करेंगी। यूनिवर्सिटी ऑफ साउथर्न कैलिफोर्निया से मुरली अन्नावरण आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग के क्षेत्र बंगलूरू स्थित आईआईएससी में वैज्ञानिकों के साथ काम करेंगे। इसी तरह यूनिवर्सिटी ऑफ जिनेवा के अजीत श्रीवास्तव पुणे स्थित आईआईएसईआर के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उफकरणों के क्षेत्र में काम करेंगे। जबकि, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर सुबीर सरकार डाटा विज्ञान के क्षेत्र में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के साथ काम करेंगे।

# दुनिया में पिछड़ा पाकिस्तान, पटरी पर लाना आसान नहीं

**खैबर पख्तूनख्वा।** पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने पाकिस्तान के हालत को लेकर बड़ा बयान दिया है। नवाज ने कहा कि पाकिस्तान को पटरी पर लाना आसान काम नहीं होगा।



एक रैली को संबोधित करते हुए नवाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान दुनिया में पिछड़ गया है और देश का पुनर्निर्माण करना होगा। शरीफ ने कहा कि उनकी सरकार ने न केवल पाकिस्तानी रुपये के मुकाबले डॉलर को 104 तक सीमित किया था, बल्कि देश से लोड शेडिंग को भी समाप्त कर दिया था। शरीफ ने इमरान से सवाल पूछा कि इन्होंने जनता के लिए अपने 10 साल के शासन के दौरान क्या किया? उन्होंने कहा इमरान ने इस प्रांत को बर्बाद कर दिया है।

## रिपोर्ट में दावा

34 लाख करोड़ का होगा भारत का टूरिज्म, मध्य वर्ग के दम पर पर्यटन सेक्टर होगा 3 गुना

# 2030 तक पर्यटन पर खर्च में विश्व का चौथा देश होगा भारत


नई दिल्ली, एजेंसी

छुट्टियां मनाना और नई जगहें घूमना आमतौर पर उच्च वर्ग के लोगों की बात कही जाती रही है। हालांकि आने वाले समय में यह धारणा गलत साबित हो सकती है। दरअसल, उच्च वर्ग के साथ भारत का मिडिल क्लास भी नई-नई जगहों पर घूमना चाहता है और इसकी शुरुआत भी हो गई है। मध्य वर्ग की बढ़ती रुचि के कारण 2030 तक भारत पर्यटन पर खर्च करने वाला दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश बन जाएगा।

इसकी बड़ी वजह मिडिल क्लास की आबादी है। अनुमान है कि 2030 तक देश में मध्यम वर्ग की आबादी 47.8 फीसदी होगी (मिडिल क्लास सालाना 5 लाख से 30 लाख के बीच कमाने वाले)। मैकिन्से एंड कंपनी, पीपल रिसर्च और बुकिंग कॉम की रिपोर्ट का के आधार पर यह अनुमान जताया गया है।

2030 तक भारत की औसत आयु 28.2 साल होगी जो दुनियाभर की तमाम बड़ी इकॉनमी से 10 साल कम होगी।

ब्रांड यूएसए कंपनी के एक सर्वे में अनुमान लगाया गया है कि 2030 तक 23 लाख भारतीय पर्यटक के रूप में अमेरिका जाएंगे, जबकि 2019 में यह आंकड़ा 15 लाख था। कुछ समय से मध्य वर्ग के लोगों की पर्यटन के क्षेत्र में रूची बढ़ी है। बता दें, भारत भी पर्यटन क्षेत्रों को बढ़ावा दे रहा है।




### पिछले साल यूएई रहा भारतीयों की पहली पसंद

पिछले साल छुट्टियों के लिए यूएई भारतीयों की पहली पसंद रहा। उसके बाद, थाईलैंड, सिंगापुर, इंडोनेशिया, मालदीव, हांगकांग, अमेरिका व ब्रिटेन रहे। बता दें कि दुनियाभर में पर्यटन पर सबसे अधिक खर्च करने वाला क्लास मिडिल क्लास है। कोरोना से पहले के आंकड़ों को देखें तो 2019 में पर्यटन पर भारतीय 12 .47 लाख करोड़ खर्च करते थे। 2030 तक यह आंकड़ा 34 .08 लाख करोड़ हो जाने की उम्मीद है।



# कनाडा ने अंतर्राष्ट्रीय छात्र वीजा पर दो वर्ष समय-सीमा की तय

**ओटावा।** कनाडा ने आवास संकट से निपटने के लिए नए अंतर्राष्ट्रीय छात्र वीजा पर तत्काल दो वर्ष की समय सीमा तय की है। इस कदम से देश में पढ़ाई करने को इच्छुक भारतीय छात्रों पर असर पड़ सकता है। आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने कहा कि समय सीमा के तहत 2024 में नए अध्ययन वीजा में 35 प्रतिशत की कमी आएगी।

उन्होंने कहा 2024 में 3.64 लाख नए वीजा जारी किए जाने की उम्मीद है, वहीं 2023 में करीब 5.60 लाख वीजा जारी किए गए थे। यह समय सीमा दो वर्ष के लिए लागू रहेगी। वहीं 2025 में जारी किए जाने वाले वीजा की संख्या का इस वर्ष के अंत में तय होगा। कनाडा में अस्थायी निवास में स्थिरता लाने और साथ ही यह सुनिश्चित करने के लिए कि 2024 तक कनाडा में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संख्या में और वृद्धि न हो इसलिए समय सीमा निर्धारित की है।

# फरवरी में रामलला के दर्शन करने जाएगा पूरा कैबिनेट

गुवाहाटी, एजेंसी



▸▸ सीएम हिमंत बिस्वा ने एक्स पर दी जानकारी

असम कैबिनेट ने 22 फरवरी को अयोध्या राम मंदिर का दौरा करने का फैसला किया है। यह फैसला मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक के दौरान लिया गया। सीएम सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, कैबिनेट ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इ

सके साथ ही भारत के लोगों को भी बधाई दी। पूरा कैबिनेट 22 फरवरी को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाएगा। सीएम ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने दस जिलों में भूमिहीन मूलनिवासियों को भूमि देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, 'सोनितपुर, तिनसुकिया, धेमाजी, नागांव, विश्वनाथ, कामरूप (महानगर), कामरूप, बोंगाईगांव, गोलपारा और धुबरी जिलों में मिशन बसुंधरा 2.0 के तहत भूमिहीन मूलनिवासियों को भूमि दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इन परिवारों में 84 फीसदी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अधिक अन्य पिछड़ा वर्ग से ताल्लुक रखते हैं। पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए असम परीक्षा विधेयक 2024 को कैबिनेट की तरफ से मंजूरी दे गई है।